With regard to Direct Benefit Transfer Programme, I would say that around 42 schemes have come under this programme by which the benefit of developmental programme reaches the poor without any leakage. DBT covers scholarship to the students, welfare measures to minorities, beedi workers, housing subsidy, scheduled castes and scheduled tribes, pension schemes, LPG subsidy and others.

Marking 68 years of our Independence, Housing for All by 2022 is a laudable scheme. It aims at creating dwelling units to the poorest of the poor. It is a welcome step in the right direction. "Housing for All" (Pradhan Mantri Awas Yojana) for ubran area will be implemented during 2015-2022 and this scheme will provide Central assistance to implementing agencies through States and UTs for providing houses to all eligible families/beneficiaries by 2022, with an allocation of Rs.4,25,000 crore. This Scheme providing housing to the poor sections of people under "Housing for All" by the end of 2022 will be a milestone of the Government.

The cash tranfer to the LPG consumers is a historic step and one of the programmes which covers millions of people. This type of cash transfer to large numbers of people is nowhere in the world. We are marching towards to produce and provide clean energy. PAHAL, the ambitious Scheme of giving cash subsidy on cooking gas directly to consumers has become the world's largest direct benefit transfer. PAHAL, has been modified to exclude the requirement of unique identification number (Aadhaar) for availing the cash subsidy. Aadhaar is now optional but consumers should have a bank account linked to their LPG connection number. Direct Benefit Transfer has been extended to 42 Schemes. PAHAL, has close to Rs.15 crore beneficiaries.

Digital India, an innovative use of technology, can make enormous difference. I congratulate the Government for preparing India for technology based transformation. The initiatives will not only connect India via the internet but will help in reducing the cost of dissemination of information acorss our widespread country. In addition to this, it will help us gather information quicker and will lead to quicker decision making. As we know, our country saw decisions moving at a slow rate for the last 10 years. By this programme, the Prime Minister has made sure that this Government and no future Government can ever make excuses for delaying decisions in the face of all information. The Digital India initiative is also likely to create a second wave of digital entrepreneurs from across the country and help put the rural areas on the map by easing the burden of marketing their indigenous products to a larger market.

Our Government has given great impetus to Skill Development. Skill Development is crucial for our economic progress. It helps in creating a highly skilled labour force that can find employment not on the basis of "digging a hole and refilling it but on the basis of their own merit. It helps a person stand on his own two feet so that he must not depend on the Government. It helps in easing generation of employment and weed out the disguised unemployment plaguing the economy. A roadmap and dedicated policy was much needed and I thank the Prime Minister for taking this visionary step that will bear fruit both immediately and for the future. With a growing youth population, this is exactly what is required for the future generations as

well.

While promoting industry, our Government has made sure they have taken enough measures to protect the environment which otherwise gets denigrated in the process. The Government has given a push to solar energy in our country and has aimed to promote 24x7 electrification of the country by 2020. It has planned to create 175 GW of power through renewable energy and this is a brilliant step in creating a sustainable future for future generations. Our cities are right now choking under the weight of pollution and these are the steps in the right direction to create not only a clean environment but also a healthy populance.

'Make in India' progamme aims to tranform India into a manufacturing hub. If it is successful, job opportunities will grow and employment can be generated. Building modern amenities and infrastructure in our urban areas through the National Urban Renewal Mission and also Smart Cities Programme are really very good programmes.

The launch of the Pradhan Mantri Krishi Sinchayee Yojana is especially laudable and special efforts should be taken to strengthen the impetus for farming. Given the facts that our population increases at least at 2.5 crore per annum, farm yields almost remaining stagnant due to the failure of various States in the country in exploiting available irrigation potential; and dwindling global tradable surplus of foodgrians due to the developed countries converting the lands which they hitherto used for food crops to renewable energy plantations for meeting the emission standards.

In addition to this, our hon. Prime Minister has launched the My Gov Online platform which is a path breaking innovation. These steps will truly contribute to a vibrant democracy.

H.E. the hon. President has also given the commitment of the Government to improve the infrastructure for the development of the country by formulating and installing Sagar Mala Project, Green Energy Mission, Clean Energy and Make in India, etc.

I thank hon. P.M. for his concerns of development as well as his concern for all sections of people residing different parts of the country. The vision of Modiji will come true and our country will flourish in all sectors and we will be proud of our nation.

Now, I come to the welfare of the people belonging to the Scheduled Castes, Scheduled Tribes, Other Backward Classes and weaker sections. Though we have been giving reservations in a focused manner, successive Governments have failed to take these initiatives with conviction. Parliament passed a crucial The Scheduled Castes and the Scheduled Tribes (Prevention of Atrocities) Amendment Bill, 2015 that provides for stringent action against those involved in crimes against scheduled castes and tribes, wrongfully occupying their land or dedicating such women as a 'devadasi'.

*__DR. TAPAS MANDAL (RANAGHAT) :__ The address given by the hon. President of India in joint session of Parliament sounds beating of drums of BJP led government. It failed to satisfy aspirations of common people of India, remained incomplete in true sense, and disappointed the countrymen. The speech does not point out any information on non-implementation of the promises of Sh. Narendra Modi before coming to power. There was no mention even on bringing back black money. He said that the government is focused on the welfare of poor, farmers and jobs for the youth. But, in reality, nothing such activities has been seen. When he said the philosophy of 'per drop, more crop', Government is not serious to improve Indian agriculture as reflected by budgetary allocation. I could understand that the Government is not keen to help debt states like West Bengal.

But one thing I appreciate. He said "our Parliament reflects the supreme will of the people. Democratic temper calls for debate and discussion, and not disruption or obstruction. I urge all members of the Parliament to discharge their solemn responsibilities in a spirit of cooperation and mutual accommodation. "

*__श्री सुनील कुमार सिंह (चतरा)__ ः मैं महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर हो रही चर्चा में अपनी बात रखना चाहता हूँ। माननीय राष्ट्रपति जी का दिनांक 23.02.2016 को अभिभाषण हुआ, परम्परानुसार सबसे पहले अभिभाषण पर धन्यवाद के लिए चर्चा होती है। इस चर्चा में सभी विषयों का समावेश है जिन पर हमारी सरकार कार्य कर रही है, और करने जा रही है, क्योंकि राष्ट्रपति जी का अभिभाषण सरकार का सभी क्षेत्र में एक वर्ष के लिए एजेण्डे की घोषणा होती है।

महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में सभी प्रमुख विषयों का समावेश किया गया है, चाहे वह देश की आंतरिक सुरक्षा का हो, विदेश नीति का हो, आधारभूत सुविधाओं का हो, चिकित्सा, शिक्षा, सड़क, किसानों की समस्या, किसानों की उत्पादकता बढ़ाने या भारत निर्माण योजना का हो। इसके अतिरिक्त, इस अभिभाषण में मुख्यतः राष्ट्रीय सूर्य ऊर्जा मिशन, रेल संबंधी विभिन्न योजनाएं, भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान, विदेशों से काला धन वापस लाया जाना तथा आम आदमी को सुलभ न्याय दिलाने संबंधी योजनाओं आदि का समावेश महामहिम राष्ट्रपति जी द्वारा किया जा रहा है।

महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण से स्पष्ट है कि वर्तमान सरकार पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी द्वारा प्रतिपादित "एकात्म मानवता दर्शन में अंत्योदय सिद्धांत" पर काम कर रही है। सरकार का ध्यान विशेष रूप से ""गरीबों की उन्नति"", ""किसानों की समृद्धि"" और ""युवाओं को रोजगार दिलाने"" पर केंद्रित है। देश के संसाधनों का सर्वाधिक उपयोग कर गरीबी और अभाव को दूर करने के लिए सबसे गरीब व्यक्ति को पहले लाभ पहुंचाया जा रहा है। सरकार ने खाद्य सुरक्षा, सबके लिए आवास, प्रधानमंत्री जन-धन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अल्पसंख्यकों के लिए ""नई मंजिल"" और ""उस्ताद"" आदि निचले तबकों के नागरिकों को लाभ पहुंचाने वाली योजनाओं को सरकार ने लागू किया है।

किसानों के लिए ""प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना"", ""मृदा स्वास्थ्य कार्ड"", ""प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना"" आदि के माध्यम से किसानों की आमदनी बढ़ाने का काम कर रही है। द्वितीय हरित क्रांति लाने के लिए सरकार ने तीन नए कृषि प्रौद्योगिकी संस्थानों एवं 109 नए कृषि विज्ञान केन्द्रों की स्थापना कर रही है। किसानों को नई नीतियों, कीमतों और खेती संबंधित जानकारी के लिए किसान चैनल शुरू किया गया है। किसानों को अधिकतम बाज़ार मूल्य दिलाने के लिए 585 नियमित थोक बाज़ारों को एक साथ जोड़ने वाले एक साझा ई-मार्केट प्लेटफॉर्म तैयार किया गया है। स्वदेशी उत्पादन और ऊर्जा के सही उपयोग को बढ़ावा देने के लिए नई यूरिया नीति 2015 अधिसूचित भी की गई है। पूर्वी राज्यों की कृषि क्षमता का भरपूर उपयोग करने के लिए द्वितीय हरित क्रांति लाने पर भी सरकार कार्य कर रही है। खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र से किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से निर्दिष्ट फूड पार्कों को सस्ता ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण के अनुरूप सरकार द्वारा सोमवार को आम बजट प्रस्तुत किया गया है। सरकार ने महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में उल्लिखित बिन्दुओं को साकार करने वाला बजट पेश किया गया है।

देश में रोजगार बढ़ाने के लिए सरकार ने मेक इन इंडिया, स्टार्ट अप इंडिया, मुद्रा, स्किल इंडिया और मुद्रा जैसी योजनाओं को लागू किया है। मुद्रा योजना के तहत एक लाख रूपए का लोन दिया गया है। नई मंजिल स्कीम के तहत मदरसे के 20,000 छात्रों को रोजगार का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मेक इन इंडिया योजना से एफडीआई में 39 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। विश्व बैंक की ""कारोबार करने में सुगमता"" (ईज ऑफ डुइंग बिजनेस) के मामले की नवीनतम रैंकिंग में भारत के स्थान में सुधार भी दर्ज हुआ है। स्किल इंडिया मिशन अब तक 76 लाख लोगों को प्रशिक्षित किया जा चुका है।

महामहिम राष्ट्रपति जी ने अपने अभिभाषण में घरेलू वातावरण को निवेश के लिए और अधिक अनुकूल बनाने की आवश्यकता के साथ-साथ सार्वजनिक व निजी निवेश तथा घरेलू व विदेशी निवेश, विशेष रूप से विदेशी प्रत्यक्ष निवेश को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ किसानों को उनकी उपज के लाभकारी मूल्य दिलवाने पर भी जोर दिया है।

देश में ऊर्जा की कमी चार फीसद से घटकर 2.3 फीसद रह गई है। 2018 तक सभी गावें में बिजली पहुंचाने का सरकार का लक्ष्य है। बिजली वितरण कंपनियों की हालत सुधारने के लिए उदय योजना शुरू की गई है। कोयला क्षेत्र में भी समग्र सुधार लागू किए गए हैं। 70 कोयला ब्लॉकों का पारदर्शी ढंग से आवंटन हुआ है। इससे राज्यों को लाभ होगा। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत मार्च 2019 तक एक लाख अठहत्तर हजार गांवों को पक्की सड़कों से जोड़ा जायेगा।

इन सभी योजनाओं के आधार पर देश उत्तरोत्तर वृद्धि करेगा तथा विकास दर की 9 प्रतिशत पर स्थिरता प्राप्त होगी। दलित, अल्पसंख्यक, किसानों व मजदूरों को विकास में पूर्ण भागीदारी प्राप्त होगी। महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में सरकार का मुख्य उद्देश्य "सबका साथ-सबका विकास" के लिए योजनाओं को प्रदर्शित करता है, जिससे भारत पूर्व विकास और आत्मनिर्भरता हासिल करेगा।

महामहिम राष्ट्रपति जी ने अपने अभिभाषण में कहा है कि ""हमारी संसद जन आकांक्षाओं को प्रतिबिम्बित करती है। लोकतांत्रिक प्रणाली में वाद-विवाद और चर्चा जरूरी है न कि अवरोध पैदा करना। संसद के सदस्य होना गौरव की बात तो है ही, इसके साथ महत्वपूर्ण दायित्व भी जुड़े हैं। सरकार संसद के सुचारू एवं रचनात्मक संचालन के लिए निरंतर प्रयासरत है। मैं संसद के सभी सदस्यों से अनुरोध करता हूँ कि वे सहयोग और आपसी सद्भावना के साथ अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन करें। हम सब मिलकर एक समृद्ध भारत बनाने का प्रयास करें।"" महामहिम राष्ट्रपति जी के उक्त कथन से पिछले दो-तीन सत्रों से संसद के बाधित होने की चिंता झलकती है। संसद को सुचारू रूप से चलाने की जिम्मेदारी सत्ता पक्ष के साथ-साथ विपक्ष की भी है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी भी चाहते हैं कि सरकार की आलोचना हो, लेकिन महत्वपूर्ण मुद्दों पर सार्थक चर्चा भी होनी चाहिए। लोकतंत्र का अर्थ मात्र चुनाव करवाकर सरकार बना देना ही नहीं है, बल्कि समस्याओं पर सार्थक चर्चा कर उसका समाधान खोजना भी है। संसद में संवाद के जरिये देश की समस्याओं का समाधान हो सकता है।

मैं महामहिम राष्ट्रपति जी को उनके अभिभाषण पर धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ।

*m06

* DR. RATNA DE (NAG) (HOOGHLY): One of the opposition leaders of the Country had summed up the President's Address by stating that "the President's Address covered everything except major issues like price rise, JNU, Jat agitation". This shows the attitude of the Government. It turns a blind eye to the goings on in the country. When Delhi and Hyderabad and then Jat reservations were engulfing the country and disturbing the young minds and old alike, the Address has failed to even cursorily mention it. It is not looking like a design rather than a slip on the part of the Government.

We have issues like misuse of sedition clauses, border issues, Hyderabad incident where a young Dalit scholar committed suicide. Nothing seems to bother the Government of the day about the burning issues that has caught the attention of the whole country in the past couple of months. Added

to these issues, the ever being in the vogue issue- the exorbitant hike in the prices of the essential commodities.

As a woman Parliamentarian, I welcome the initiatives of the Government to induct women in all streams of the Armed Forces. I am of the firm opinion and desire that these initiatives would go a long way in ensuring the dignity of women in the country. Coming to the foreign policy, I think the Government has failed miserably when it comes to our neighbour be it Nepal or Pakistan or China for that matter. What went wrong with Nepal, which started treating India so badly?

On the other hand, Government dilly dallies on talking to Pakistan by placing a caveat that Pakistan should stop terrorist activities in our Country and in our borders. On the other hand, it fails to bring Pakistan to convince that terrorists are from Pakistan. So it failed to tackle the situation arising out of cross-border terrorism.

The Government should shift its focus to rural areas from pandering to urban areas and corporates. There is a need to increase spending on Rural Employment Gurantee Scheme (MGNREGA). Over the years MGNREGA has created assets which have helped to improve rural connectivity, water conservation and drought proofing . It has been proved by the available data that the Scheme has curbed successfully distress migration, increased national standards of households, provided risk resilience to small and marginal farmers and vastly expanded the financial inclusion bet in the rural areas. Hence, the Scheme should be provided with more and more funds in the ensuing years. Wage payments under the MGNREGA should be expedited. There were reports of delay in payments.

Though the President's Address stated that the Government is making concerted efforts to tackle the menace of black money, what about the promise of the Prime Minster that he would get back the black money stashed in foreign countries and distribute it to the people.

Drought is looming large in many parts of the Country. I would strongly urge the Government to frame a national policy to tackle drought, which has become a recurring feature year after year in a holistic manner.

Handloom sector is facing a number of problems for the last many years. The plight of the handloom weavers of West Bengal should be looked into and help them in time of distress by way of extending concessional credit to handloom sector to benefit about 10 lakh weavers.

Our Government in West Bengal under the able leadership of our leader Mamata Banerjee, have done well – be it solving the hill issue for the Maoist crises or satisfying the common people of West Bengal.

No communal incidents took place in West Bengal in last 4 Â½ years.

To buttress this fact, a recent survey at the national level announced in the social media, put Kolkata for the best quality of life. The study was based on more thatn 100 parameters in 21 selected cities and Kolkata topped the list.

According to the Survey among the three popular Chief Minister in the Country – our leader Mamata Banerjee is one of them.Thank you .

*m07

***श्री राम टहल चौधरी (राँची)** ः महामहिम राष्ट्रपति जी ने देश की अर्थव्यवस्था की नब्ज को देखते हुए देश के विकास के लिए जो कुछ अपने अभिभाषण में कहा है उसके लिए मैं उनका धन्यवाद करता हँ।

सरकार के विकास का सिद्धांत सबका साथ-सबका विकास में निहित है। इससे देश के गरीब और पिछड़े वर्गों के विकास में सहायता मिलेगी और उनको अपना आर्थिक एवं सामाजिक विकास करने के पूरे अवसर मिलेंगे। सरकार अपने विशेष प्रयासों से गरीबों की उन्नति और किसानों की खुशहाली और युवाओं को रोजगार दिलवाने में गहनता के साथ प्रयासरत है। देश में गरीबी एक अभिशाप है और सरकार ने गरीबों को इस अभिशाप से निकालने के लिए कई योजनाएं बनाई हैं। सरकार देश की मूलभूत सुविधाओं से वंचित लोगों को आवास एवं स्वास्थ सुरक्षा दिये जाने के लिए पूरी तरह वचनबद्ध है। उनकी सामाजिक सुरक्षा के लिए प्रधानमंत्री जन-धन योजना की शुरूआत की है। उसके अच्छे परिणाम आये हैं। इस कार्यक्रम के अंतर्गत देश की जनसंख्या 125 करोड़ लोगों में से 21 करोड़ लोगों ने खाते खोले हैं और खाते खोले जाने का कार्य अभी भी हो रहा है। इन खातों में 15 करोड़ चालू हालत में है और इनमें 32 हज़ार करोड़ रूपए भी जमा हो गए हैं।

सबको सामाजिक सुरक्षा उपलब्ध कराने हेतु प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और अटल पेंशन योजना को शुरू किया है। इससे देश के गरीब लोगों की सुरक्षा, बीमारी की हालत में उनकी आर्थिक सहायता एवं वृद्धावस्था में पेंशन की सुविधा के अवसर मिलेंगे। इससे गरीबों के भविष्य अंधकारमय की जगह खुशहाली जिंदगी के अवसर मिलेंगे। सरकार 2022 तक सबको घर उपलब्ध कराने के कार्य में लगी हुई है। इससे शहरी और ग्रामीण लोगों को अपना घर का सपना पूरा करने के लिए सरकार 2 करोड़ आवास का निर्माण कर रही है और इसमें पांच वर्षों के अंदर देश के सभी 4041 शहरों में आवास बनाये जायेंगे। इस मिशन में 27 राज्यों के 2011 शहरों को शामिल किया जाएगा। देश में गरीब लोगों को जो सब्सिडी सरकार से अप्रत्यक्ष रूप से मिलती थी, अब उसको नकदीकरण करने का कार्य हो रहा है। इससे 15 करोड़ लोगों को लाभ पहुंचने का अनुमान है। इससे उसके दुरूपयोग को रोका जा सकेगा और इसमें व्याप्त भ्रष्टाचार को भी दूर किया जा सकेगा। सरकार ने जून 2014 में जो स्वास्थ सुरक्षा शुरू की थी, उसमें 68 करोड़ से अधिक हो गये हैं, जो एक सराहनीय कार्य है। एल.पी.जी. में सब्सिडी दिये जाने का जो पूर्व में ढांचा था, उससे करोड़पति और अमीर वर्ग को पूरा फायदा हो रहा था और गरीबों के हक का नुकसान हो रहा था परंतु इस सरकार ने अमीर वर्ग से सब्सिडी न लिये जाने का अनुरोध किया तो अमीर वर्ग ने अनुरोध को स्वीकार किया और 68 लाख लोगों ने अपनी एल.पी.जी. सब्सिडी को छोड़ा है। इससे सरकार को यह पैसा गरीबों के विकास में लगाने में सफलता मिली है। विश्व में भारत के इस कार्य की काफी प्रशंसा हो रही है। जिसका पूरा श्रेय माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को जाता है।

देश के अल्पसंख्यक वर्ग में शिक्षा स्तर को कम देखते हुए इस पर विशेष ध्यान दिया है। इसके लिए अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय ने अपने बजट का 50 प्रतिशत अल्पसंख्यक वर्ग से विद्यार्थियों की छात्रवृति के लिए प्रावधान किया है और इसके लिए नई मंजिल और उस्ताद नाम की योजनाएं शुरू की है। नई मंजिल योजना के तहत मदरसों के माध्यम से 20 हज़ार बच्चों को कौशल प्रशिक्षण दिया जा रहा है। देश के अल्पसंख्यक वर्गों की संस्कृति के प्रचार और प्रसार के साथ उनके संरक्षण का कार्य भी इस सरकार द्वारा किया जा रहा है।

किसान देश की नींव है और अन्नदाता है। सरकार ने किसान कल्याण मंत्रालय का गठन किया है और उनके कल्याण हेतु कई कार्य किये जा रहे हैं। किसानों को उनकी फसल की लागत का मूल्य से ज्यादा दाम दिलवाने एवं उनको प्राकृतिक आपदा जैसी समस्याओं का सामना करने में सरकार योगदान दे रही है। इसके लिए कृषि फसल बीमा योजना की शुरूआत की है। इस योजना के तहत दी जाने वाली आर्थिक सहायता में 50 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी की है। इसके माध्यम से किसानों को अब किस्त कम मूल्य की और इससे मिलने वाली सहायता पूर्व से काफी अधिक होगी। देश में बेमौसम बरसात और बाढ़ से होने वाले नुकसान की भरपाई भी की जाएगी।

किसानों को उनकी जमीन को और उपजाऊ बनाने के लिए मार्च 2017 तक 14 करोड़ जोतधारकों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड दिये जाएंगे, जिससे किसान अपनी जमीन को पोषक और उपजाऊ बना सकेगा। देश में काफी बड़ी खेती भूमि इन्द्र देवता पर निर्भर है। किसान बरसात के पानी पर निर्भर न रहे इसके लिए प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना को आरंभ किया है। जिससे हर बूंद पानी को बचाकर उसे फसल में लगाने एवं जल को एकत्र कर उसे सिंचाई में उपयोग पर काम किया जा रहा है। किसानों को उनके वाजिब दाम नहीं मिलने की काफी शिकायते आती हैं। इसके लिए सरकार ने पहल करते हुए किसानों को बाज़ार भाव से अधिक मूल्य दिलाने हेतु 585 नियमित थोक बाज़ारों को जोड़कर मार्केट प्लेटफार्म स्थापित करने के उद्देश्य के लिए राष्ट्रीय कृषि बाजार बनाया जा रहा

है। इससे भारत में वन फूड जोन, वन कंट्री, वन मार्केट बनाया जा सकेगा। देश में किसानों की बकाया गन्ना राशि 21 हज़ार करोड़ रूपए थी, जो इस समय बकाया धनराशि केवल 1 हज़ार 8 सौ करोड़ ही रह गई है। इससे यह पता लगता है कि वर्तमान सरकार किसानों के हित में कितना काम कर रही है। देश में यूरिया खाद किसानों को नहीं मिल पाती है, इसको प्राप्त करने के लिए लम्बी लाईनें लगती थी एवं काफी मात्रा में यूरिया का आयात किया जाता था। इस सरकार ने नई यूरिया नीति 2015 की अधिसूचना निकाली है। इस नीति के तहत काम करने पर देश में यूरिया का उत्पादन सर्वाधिक हुआ है और इसके आयात में कमी आई है।

देश में किसानों को कृषि पर निर्भर न रहना पड़े। इसके लिए खेती के अतिरिक्त समय पर उनको रोजगार देने हेतु खाद्य प्रसंस्करण उद्योग, पशुपालन, मछली पालन एवं दूध उत्पादन के कार्य को बढ़ाया जा रहा है। इससे रोजगार सृजन होगा और किसानों के जीवन स्तर में काफी सुधार हो सकता है। पूर्वी क्षेत्रों में उनकी जलवायु एवं दुर्गम स्थानों के आधार पर द्वितीय हरित क्रांति हेतु सरकार कदम उठा रही है। देश में 109 कृषि अनुसंधान केन्द्र और 24 घंटे सातों दिन किसान चैनल काम कर रहा है और किसानों को कृषि संबंधी जानकारी के साथ उनकी समस्याओं के समाधान हेतु तरीके बताये जा रहे हैं।

*m08

***SHRI R. DHRUVANARAYANA (CHAMARAJANAGAR) :** I express my humble gratitude to the hon. President of India for addressing the Joint Sitting of the two Houses of Parliament. While the speech was extremely informative and encouraging, I'd like to draw the attention of the President, the government, my fellow Parliamentarians and the public to a few issues that need to be raised and addressed to truly achieve Garibon ki Unnati, Kisaano ki Samriddhi and Yuvaon ka Rojgaar.

The Pradhan Mantri Jan Dhan Yojana, which envisages financial inclusion and has twenty one crore accounts opened under the scheme, more than 30% of them are at zero balance. Linking these accounts to Aadhar cards and getting beneficiaries to use these accounts are still big challenges for the scheme. The government's Make in India initiative is still lagging in creating employment. 17.5 million people are constantly unemployed in the country. The Prime Minister had promised in 2014 that he will bring back black money within 100 days of assuming power and Rs.15 lakh would be deposited in each Indian's bank account from the money recovered. It has been 20 months now and the public is still waiting. Total disclosures under the amnesty scheme has been an underwhelming Rs.3,770 crore with a tax revenue of Rs.2262 crore (60 per cent as tax revenues). In 1997 under Congress, when Mr. P. Chidambaram unveiled an amnesty scheme, he got declaration of a magnitude 10 times larger. It clearly shows that the government needs a more sensible amnesty scheme. The Swachh Bharat Mission, which is similar to the UPA government's Nirmal Bharat Abhiyan, seeks to build over 12 crore toilets across India by 2019, but has so far managed to build only 95.23 lakh toilets in rural areas and 4.64 lakh in urban areas. An assessment study conducted by the National Sample Survey Organisation (NSSO) revealed that toilets built in rural areas were lying unused, as the villagers had several issues regarding their use which the government or panchayats have failed to address.

The Integrated Child Development Services Scheme, which provides nutrition and other services to pregnant and lactating mothers, and infants saw a massive 50 per cent cut in allocation last year. 7067 operational projects of ICDS and 13.42 lakh Anganwadi centres are facing closure now. The budget of the Sarva Siksha Abhiyan was cut from Rs.27,758 crore to Rs.22,000 crores last year. While the government has done well on paper by renaming the 'Agriculture Ministry to 'Agriculture and Farmers' Welfare Ministry, but in reality over the last two years the government has cut down the budget allocation to agriculture sector. Data from drought hit states show that the government's compensation package for crop damage

announced in March 2015 has done very little to prevent farmer suicide. The present government had promised, before elections, that it would increase Minimum Support Prices to farmers by 50% but nothing of the sort has been done so far. The government has decided to phase out Antyodaya Food Security scheme under which ten million of the poorest families get 35 kilos of foodgrains each at Rs.3 per kilo of rice and Rs.2 per kilo of wheat. New cards can no longer be issued under the Antyodaya Anna Yojana. The total number of households which were provided 100 days of wage-employment under the National Rural Employment Guarantee Act has more than halved under the present government. The Supreme Court last year reprimanded the Centre for non-utilisation of Rs.2000 crore Nirbhaya funds, which was earmarked for improving the safety and security of women. Almost 2.45 lakh constructed houses under the 'Housing for All' scheme are lying vacant with no takers. And these are just a few examples of many other schemes and programmes that need the immediate attention of the government to ensure that the country develops, right from the grassroots.

The President of India quoted Dr. Ambedkar in his address, "Political democracy cannot last unless there lies at the base of it a social democracy". The year started with the tragic incident of the death of a bright Dalit Scholar in the Hyderabad Central University, followed by students of Jawaharlal Nehru University being slapped with sedition charges for exercising their right to free speech. The government needs to set a better example of social inclusiveness and accept the voice of dissent from the people as it is their vote that has put them in power.

*m09

***SHRI D. K. SURESH (BANGALORE RURAL) :** The President's Address to the Joint Sitting of the Two Houses of the Parliament had nothing new that addressed the concerns of the country. The President's Address fell short of people's expectation and is a clear disappointment as it has not addressed the issues of intolerance, unemployment, development, price rise, national security, drinking water crisis and several other urgent and important issues.

The NDA Government had swept to power making false promises and said that "Acche Din" would soon come. However, this has been far from reality. For the common man, the rising prices of vegetables, fruits and other essential commodities has added to his burden. The International Prices of crude oil has dropped to all time record lows. The Government has collected huge revenues on oil, yet the Government is not passing on the benefits to the common man. The UPA Government under the leadership of Dr. Manmohan Singh faced oil prices that were at an all time high,

but yet managed the unprecedented prices with innovativeness and not overburdening the common man. The NDA Government does not have the will power to help the common man. I would suggest to the Government to take immediate steps to reduce oil prices to its true value and thereby reduce the cost of essentials for the common man.

The President's Address did not mention any definite policies for providing employment to the youth of this country. Thousands of youths are graduating every year hoping to earn a livelihood, but the President's Addess holds no promise for them. There was no mention of providing quality education to the youth. Unless we invest in the future of our country, which is our youth, there will be unrest among the youth of the country. There has been no effort by this Government to fill vacancies in Government departments. I urge the Government to come up with a proper framework for providing employment for the unemployed youth of this country.

Under the UPA, the rural people of this country could depend on MGNREGA for employment. Under the NDA, there is discrimination in the allocation of funds. NDA ruled states are being favoured while all other states are being ignored and not given their due. The NDA Government is not functioning as a Federal Government, but as a Government favouring their own.

Agriculture is the back bone of this country. About 70% of our people still depend on agriculture. The President's Address does not mention anywhere about the welfare of farmers nor does it talk about providing Minimum Support Price (MSP) for agricultural produce. Farmer suicides are on the rise all over the country, yet this sector is not given importance. There appears to be no plan of action on the ground other than basic lip service.

The President's address fails to address the issue of drinking water. The NDA Government is focusing only on Ganga cleaning, but what about the rest of the country where drinking water is becoming a daily nightmare for the common man? Ground water is depleting and getting contaminated due to pollution, yet the Government is not coming up with any new schemes to provide safe drinking water. In addition, there is no mention of Solid Waste Management in the President's Address. Our cities are overburdened with garbage with no scientific way of disposing garbage. Unless the Government addresses these issues the people of this country will continue of suffer.

The NDA Government swept to power selling the vision of smart cities all over the country. Even after 1 Â½ years in Government, the NDA has done little or nothing to fulfil this promise. The Government has identified 20 new cities under the smart cities program and several places under the Amrut scheme, but on the ground level nothing has happened. Funds have not been released, nor there seems to be any concrete plans to implement the same. When will the promise of the smart cities become a reality? Will this remain only as a vision?

There was much fan-fare and huge amount of money spent to publicise Swachh Bharat. Cess is being collected in the name of Swachh Bharat, but the funds are not utilized towards development. The huge amount of money spent on TV advertisement instead could have been spent on real development work. The common man is not benefitting from the cess collected, but the media barons who helped the NDA come to power are reaping their rewards.

The Government has promised housing for all by 2020. Cement, labour and land costs are going up, but the Government has reduced the funding given to Urban Housing from Rs.4.5 lakhs to Rs.1.5 lakhs and for Rural Housing from Rs.63,000 to Rs.32,000 under the Indira Awaas Yojana. The NDA is shifting the burden to the states and reducing their contribution for housing schemes. The common man benefited more under the UPA than they are currently under the NDA. Housing will remain a dream.

The President's Address does not put any emphasis on the road network of the country. There is no clarity on the achievements of this Government regarding National Highways. There is no mention of the number of new National Highways the Government is planning. The tenders, sanctions and proposals are all continuations of the UPA Government, and little has been done by the NDA Government in this direction. Even under the PMGSY scheme there is no action plan for new roads in rural areas. The President's address falls short in the infrastructure development front.

The Government claims financial inclusion of crores of people under the Jan Dhan Scheme. The Jan Dhan is nothing but a continuation of what the UPA had successfully started and implemented. The Government proudly announces it has collected 32 thousand crores under Jan Dhan Scheme. Who is benefitting from this? The hard earned money of labourers and farmers is sitting in Banks. The Government fails to announce how many people have availed Over Drafts, Insurance, Accidental Cover and how many families have actually benefited from this scheme. There is no vision in this Government's approach to solving the common man's problem, but only false promises of financial inclusion.

The President's Address does not address the issue of Social Justice and intolerance that is on the rise in the country. There is no message for the socially deprived people of this country. The burning issues of the country such as the JNU and Hyderabad University have not been addressed in the President's speech at all. The Government is fostering an environment of fear and intolerance instead of protecting the social backward and minorities. Unless the Government changes these situations in the country immediately, there are possibilities of more uprisings and charged atmosphere. The Government has to focus on spreading harmony instead of spreading fear. The Government has failed completely in addressing these burning issues of the country.

Overall the President's Address to the Joint Sitting of both the Houses of Parliament was lacking in vision or on policy matters. It is disappointing that the NDA Government is not focusing on the assurance it had provided in its manifesto. The people of this country are utterly disappointed with this Government.

*m10

***श्री रोड़मल नागर (राजगढ़)** ः सरकार का सर्वोपरि लक्ष्य गरीबी उन्मूलन है, इसलिए देश के संसाधनों पर सबसे पहला अधिकार गरीब व्यक्ति का है। सरकार ने खाद्य सुरक्षा, सबके लिए आवास और ऐसी सब्सिडियों पर ज़ोर दिया है, जो सबसे अधिक जरूरतमंद को तब जरूर मिले जब उसे उनकी सर्वाधिक आवश्यकता है। सबको सामाजिक सुरक्षा उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और अटल पेंशन योजना स्वीकृत की है। वर्ष 2022 तक सरकार सबको आवास प्रदान के लिए प्रतिबद्ध है।

अल्पसंख्यकों को समर्थ बनाने के लिए ""नई मंजिल"" और ""उस्ताद"" नाम की दो योजनाएं शुरू की हैं। किसानों की समृद्धि ही राष्ट्र की समृद्धि का आधार है, अतः सरकार ने हाल ही में किसानों

के लिए लाभकारी फसल बीमा योजना शुरू की है, साथ ही 2017 तक देश के सभी 14 करोड़ जोतधारकों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड देने की योजना है, जिससे किसान को उचित उर्वरक का चुनाव करने में मदद मिलेगी।

प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना से निश्चित रूप से फसलों की सिंचाई को बढ़ावा मिलेगा। किसानों को अधिकतम बाज़ार मूल्य दिलाने के लिए 585 थोक मंडियों को जोड़कर ई-मार्केट प्लेटफॉर्म बनाने का कार्य किया जा रहा है। इससे भारत को वन फूड जोन, वन कंट्री, वन मार्केट बनाया जा सकेगा। पशुपालन के क्षेत्र में आज भी भारत 6.3 प्रतिशत वृद्धि दर के साथ सबसे बड़ा दुग्ध उत्पादक देश बना हुआ है। खाद्य प्रसंस्करण निधि विगत वर्ष आरंभ की गई है ताकि फूड पार्कों को सस्ता ऋण उपलब्ध कराया जा सके।

व्यापक रोजगार सृजन के माध्यम से युवाओं को रोज़गार देना सरकार का सर्वोपरि लक्ष्य है। हम मेक इन इंडिया, स्टार्ट अप इंडिया, स्किल इंडिया के माध्यम से रोज़गार सृजन कर रहे हैं। सरकार का उद्देश्य शिक्षित, स्वस्थ, स्वच्छ भारत का निर्माण करना है। स्वच्छ भारत की भावना से हमारे प्राथमिक विद्यालयों में छात्र-छात्राओं के लिए लगभग 4 लाख से अधिक शौचालयों का निर्माण किया जा चुका है। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता के नये संस्थान स्थापित किये गये हैं। उच्च शिक्षा संस्थानों के लिए नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क शुरू किया गया है।

स्वच्छ भारत मिशन एक सामुदायिक अभियान का रूप ले चुका है। सरकार ने अपशिष्ट पदार्थों से उपयोगी उत्पाद तैयार करने पर बल देते हुए कचरे से ऊर्जा उत्पाद संयंत्रों से विद्युत की अनिवार्य खरीद, रसायनों और उर्वरक कंपनियों द्वारा कम्पोस्ट खाद के विपणन और मलबे के प्रयोग संबंधी नीतियां बनाई हैं। भ्रष्टाचार निरोधी अधिनियम में कड़े संशोधन किए जा रहे हैं ताकि भ्रष्टाचार विरोधी कानून में बचाव की कोई गुंजाइश ही न हो।

सरकार **""वसुधैव कुटुम्बकम""** की संकल्पना अर्थात् पूरा विश्व एक परिवार है, के सिद्धांत के प्रति वचनबद्ध है। अपने पड़ोसी देशों के साथ संपर्क बढ़ाने के लिए उठाये गये कदमों में इस सिद्धांत की स्पष्ट झलक दिखाई देती है। हम जमीन और समुद्र दोनों के रास्ते पूरे विश्व तक पहुंचे हैं। सरकार समुद्रों को भारत और अन्य देशों के रिश्तों के बीच नहीं आने देगी। हम आज भी आतंकवाद विरोधी वैश्विक लड़ाई में सबसे आगे हैं। भारत के सपूयासों के परिणाम संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में पुनर्गठन के लिए ठोस कदम उठाए गए हैं।

सरकार का मुख्य उद्देश्य सबका विकास करना है। सबका विकास संपूर्ण विश्व का विकास है। इसलिए हमें राष्ट्रों के वैश्विक समुदाय का जिम्मेदार सदस्य बनना होगा और आतंकवाद, जलवायु परिवर्तन और वित्तीय अस्थिरता जैसी बड़ी समस्याओं का समाधान करने में संपूर्ण मानवता की सहायता करनी होगी। आओ इस भाव के साथ कार्य करें **""चलो जलायें दीप वहां, जहां अभी भी अंधेरा है।""**

*m11

***श्री आलोक संजर (भोपाल)** ः मैं माननीय राष्ट्रपति जी द्वारा दिए गए अभिभाषण प्रस्ताव का समर्थन करता हूँ। इस अभिभाषण में हमारी सरकार की नीतियों एवं भविष्य के कार्यक्रमों को रूपरेखा का दस्तावेज है। इस अभिभाषण में सरकार ने गरीबों की आवश्यकताएं पूर्ण करने हेतु प्रतिबद्धता दिखाई है। महामहिम राष्ट्रपति महोदय जी का अभिभाषण देश के यशस्वी प्रधानमंत्री जी के कुशल नेतृत्व में एन.डी.ए. सरकार द्वारा तैयार की गई नीति की तस्वीर है। अभिभाषण में देश के सभी क्षेत्रों की चाहे कृषि हो, विज्ञान हो, चिकित्सा हो या रोज़गार का क्षेत्र हो, सभी बिन्दुओं पर प्रकाश डाला है। सरकार ने डेढ़ वर्ष में ही देश में सुशासन स्थापित करके अनेकों योजनाएं लागू करके लोगों में उत्साह व ऊर्जा का संचार किया है। इस अभिभाषण में वह सब कुछ है, जो देश को विकास के पथ पर आगे ले जाने वाला है।

माननीय श्री मोदी जी ने ""एक भारत-श्रेष्ठ भारत"" का नारा दिया है। देश श्रेष्ठ भारत के निर्माण के लक्ष्य को पूरा करने के लिए अपना समर्थन भी दे रहा है। इस अभिभाषण में उल्लिखित सारी योजनाएं वास्तव में मौजूदा समय की मांग हैं और मैं विश्वास के साथ कह सकता हूँ कि भारत के भविष्य के लिए हितकारी होंगी। इन सभी योजनाओं से भारत के किसान, मजदूर और निर्धन लोगों का उत्थान होगा।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने एकात्म मानवता दर्शन में अंत्योदय की परिकल्पना का उल्लेख है, जिसका उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक सभी अवसर प्रदान करते हुए उसे सशक्त बनाना है। वर्तमान सरकार के सभी कार्यक्रम इसी सिद्धांत पर आधारित हैं। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व वाली सरकार ने सबको शिक्षा, चिकित्सा, रोज़गार, बिजली, पानी, आवास, महिलाओं की सुरक्षा आदि योजनाएं बनाई हैं एवं धरातल पर उतारी हैं।

मैं रेल बजट में मध्यप्रदेश को प्रदान की गई सौगातों के लिए धन्यवाद देता हूँ। विकसित किये जाने वाले आधुनिक रेलवे स्टेशनों की शृंखला में मेरे संसदीय क्षेत्र भोपाल के हबीबगंज रेलवे स्टेशन को प्राथमिकता देते हुए शुरूआत की है एवं क्षेत्र में चार आर.ओ.बी. प्रदान किये हैं, भोपाल की जनता की तरफ से धन्यवाद ज्ञापित करता हूं।

मैं जिस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करता हूँ, जहां दुनिया की सबसे बड़ी गैस त्रासदी हुई है। मुझे सरकार से मदद की गुहार है। गैस प्रभावितों की जितनी मदद की जाये, कम है। भोपाल मैमोरियल अस्पताल को गैस पीड़ितों के लिए व्यवस्थित करने की आवश्यकता है।

मेरा सौभाग्य है कि यशस्वी प्रधानमंत्री जी एवं मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह जी का हृदय से आभार व्यक्त कर रहा हूँ कि इनके नेतृत्व में किसानों के लिए फसल बीमा योजना का शुभारम्भ भोपाल संसदीय क्षेत्र के सिहोर जिले में किया है। इससे यह सिद्ध होता है कि देश में मोदी सरकार एवं प्रदेश में शिवराज जी की सरकार किसानों के साथ मजबूती के साथ खड़ी है। मौजूदा सरकार किसानों की सर्वाधिक हितैषी सरकारें हैं। देश की सरकारें वनवासियों, श्रमजीवियों, किसानों और दलितों के हितों को ध्यान में रखते हुए विशेष योजनाएं बनाकर काम कर रही हैं। साथ ही, स्मार्ट सिटीज हमारी सरकर का वृहत कार्यक्रम है। स्मार्ट शहर हमारी आवश्यकता है, सरकार ने मध्यप्रदेश में भोपाल सहित चार स्मार्ट सिटी परियोजाएं दी हैं, मैं सरकार का हृदय से अभिनंदन करता हूँ।

मेरे निर्वाचन क्षेत्र में यातायात की भीड़-भाड़ समाप्त करने के लिए मेट्रो का कार्य जल्द से जल्द शुरू हो, यह अपेक्षा करता हूँ। स्वास्थ्य क्षेत्र में एम्स भोपाल को सुव्यवस्थित एवं सुचारू रूप से संचालित करने के लिए मैं सरकार से सादर अनुरोध भी करता हूँ कि यह देश का उच्च तकनीक से सुसज्जित अस्पताल हो।

आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने पिछले डेढ़ वर्ष में जो जनहित एवं राष्ट्रहित में कार्य किये हैं, वे सभी सराहनीय हैं। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जिस किसी भी सम्मेलन में माननीय श्री मोदी जी गए हैं, वहां पर भारत की अमिट छाप छोड़कर आए हैं। इससे देश में विश्वास जागृत हुआ है कि यह सरकार विकसित, स्वाभिमानी भारत की कल्पना को साकार करेगी। भारत की सबसे बड़ी ताकत इसकी समृद्ध आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत है। भारत को गौरवशाली राष्ट्र बनाने के लिए सरकार ने अपनी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में गरीब का विकास, जनशक्ति का सदुपयोग, स्वच्छ भारत मिशन, गरीबों के लिए घर और किसानों की सेवा, बेटियों की प्रगति और महिलाओं की सुरक्षा को शामिल किया है।

*m12

***श्री राजेशभाई चुड़ासमा (जूनागढ़)** ः महामहिम राष्ट्रपति जी ने सरकार की नीतियों और भावी योजनाओं पर विचार रखें, उसका मैं सम्मान करता हूँ। मैं सरकार की उपलब्धियों और भावी योजना पर राष्ट्रपति के अभिभाषण पर अपने कुछ विचार रखना चाहता हूँ। सबसे पहले मैं इस सरकार को धन्यवाद देना चाहूंगा जिसने अत्यंत अल्पसमय में भारत को विकास के दीर्घकालीन मार्ग पर अग्रसर करने की शुरूआत की है। आज देश की जनता के बीच नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व वाली इस सरकार के प्रति अत्यंत विश्वास और श्रद्धा है, इसे महसूस करने की जरूरत है और मैं आज बताना चाहूंगा कि इस सरकार की बुनियाद इतनी मजबूत है कि कृत्रिम झंझावतों से इस पर कोई असर नहीं होने वाला।

इतिहास गवाह है कि स्वतंत्र भारत में नरेंद्र मोदी सरकार के प्रति जितने विपक्षी आरोप और मुद्दे इतनी बार और इतनी जल्दी-जल्दी लगाए गए, वह स्वतंत्र भारत में किसी भी प्रधानमंत्री पर नहीं लगाए गए, किंतु मैं अत्यंत विश्वास के साथ यह कहना चाहूंगा कि इस अभिव्यक्ति में देश सेवा का जो जज्बा है, वह इन आरोपों को हंसते हुए झेल सकता है और अपने कर्तव्य पथ से डिगे बिना काम कर सकता है।

आज भारत न केवल आंतरिक स्तर पर बल्कि वैश्विक स्तर पर अपनी क्षमताओं का परचम लहरा रहा है। आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनैतिक और वैश्विक मुद्दे पर राष्ट्र ने काफी सशक्त और प्रगति की है। साथ ही, हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि इसके पीछे सरकार की दीर्घकालीन नीतियों का हाथ है।

हमारी सरकार के विकास का सिद्धांत ""सबका साथ-सबका विकास"" आज वास्तविक रूप में परिलक्षित हो रहा है। यह सरकार वास्तव में ""गरीबों की उन्नति"", ""किसानों की समृद्धि"", और ""युवाओं को रोज़गार"" दिलाने पर केंद्रित है, जैसा कि महामहिम राष्ट्रपति जी ने कहा।

यह हमारे प्रधानमंत्री की दूरदर्शी नीतियों का ही परिणाम है कि "प्रधानमंत्री जन-धन योजना" विश्व की सबसे सफलतम वित्तीय समावेशन योजना बन चुकी है। यह जानकर सुखद आश्चर्य होता है कि इस योजना के माध्यम से देश के वंचितों और गरीबों के 21 करोड़ से भी अधिक खाते खोले गए और इसमें करीब 32 हजार करोड़ रूपए जमा हैं।

वित्तीय समावेशन के साथ सामाजिक सुरक्षा और गरीबी के प्रति अति मानवीय दृष्टि का प्रदर्शन करते हुए हमारी सरकार ने "प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना", "प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना", और "अटल पेंशन योजना" शुरू की हैं। इतना ही नहीं हमारी सरकार का लक्ष्य है कि 2022 तक सबको आवास की मूलभूत आवश्यकता पूरी हो। इसके साथ ही, एक कुशल प्रबंधक की भांति हमारी सरकार न केवल योजनाएं जारी करती है बल्कि इसके सफल क्रियान्वयन पर भी ध्यान देती है। इसी के लिए लीकेज की बड़ी समस्या को देखते हुए और व्यावहारिक तरीके से टार्गेटेड सब्सिडी का प्रावधान शुरू किया गया ताकि वास्तविक जरूरतमंदों तक लाभ सही तरीके से पहँच सके।

हमारी सरकार नवीन विचार और इनोवेटेड योजनाओं को जारी कर रही है। जिसमें गांधी जी के बड़े सपने ट्रस्टीशिप की झलक भी दिखती है। गिव इट अप अभियान इसी तरह की योजना है, जिसके तहत अधिक आय वाले अपनी सब्सिडी उनके हक में छोड़ रहे हैं, जिनको वास्तव में जरूरत है। इसे एक सामाजिक क्रांति के रूप में देश भर में सराहा गया है। इस अभियान में करीब 62 लाख बी.पी.एल. परिवारों को नए सब्सिडाइज्ड कनेक्शन मिल चुके हैं।

कई बार विपक्ष के द्वारा हमारी सरकार पर अल्पसंख्यक विरोधी होने का आरोप लगाया जाता है जबकि वास्तविकता यह है कि हमने अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए कई उपाय किये हैं। सरकार ने अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के 50 प्रतिशत से अधिक बजट को छात्रवृत्ति फंड के लिए आवंटित किया है। अल्पसंख्यकों को समर्थ बनाने के लिए "नई मंजिल" और "उस्ताद" नाम की दो योजनाएं शुरू की गई हैं।

भूमि अधिग्रहण कानून के मुद्दे पर हमारी सरकार को किसान विरोधी बताने के लिए भी कई हथकंडे अपनाए गए। लेकिन उनकी जुबान पर तब ताले लगे जब हमारी सरकार ने कृषि एवं सहकारिता मंत्रालय का नाम बदलकर कृषि, सहकारिता एवं किसान कल्याण मंत्रालय कर दिया। किसान कल्याण के लिए अनेक उपाय शुरू किये। हाल ही में किसानों के लिए "प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना" शुरू की गई है, जिसमें किसानों को किश्त के रूप में अब तक की सबसे कम राशि देनी होगी और सरकार का अंशदान अब तक सबसे अधिक अंशदान होगा। यह पहली बार हो रहा है कि पूरे देश में फसल कटाई के पश्चात बाढ़ और बेमौसम की बरसात के कारण होने वाले नुकसान की भरपाई की जायेगी। सरकार सब्सिडी की कोई सीमा नहीं होगी तथा दावों के शीघ्र और सटीक निपटान के लिए टेक्नोलॉजी का प्रयोग किया जाएगा।

मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना इसी तरह की एक अन्य योजना है, जो दिखाता है कि सरकार खोखली बातें नहीं करती बल्कि प्रगतिशील है। मृदा स्वास्थ्य कार्ड स्कीम से बजट के साथ-साथ भूमि की उर्वरा शक्ति बेहतर बनाने के प्रयास किये गए हैं। हमारी सरकार किसानों को अधिकतम बाज़ार मूल्य दिलाने के लिए भी लगातार प्रयासरत है और इसी कड़ी में सरकार ने 585 नियमित थोक बाज़ारों को एक साथ जोड़ने वाले एक साझा ई-मार्केट प्लेटफार्म की स्थापना करने के उद्देश्य से एकीकृत राष्ट्रीय कृषि बाज़ार के लिए कार्य कर रही है। इससे भारत को "वन फूड ज़ोन, वन कंट्री, वन मार्केट" बनाया जा सकेगा। इससे हमारे किसानों को उनकी फसल और मेहनत का उचित मूल्य मिलेगा। पिछले वर्ष में किए गए लक्षित नीतिगत उपयों से गन्ना का बकाया, जो 21,000 करोड़ रूपए से भी अधिक था, घटकर 1800 करोड़ रूपए घटकर हो गया है।

ग्रामीण विकास सरकार की शीर्ष प्राथमिकता है। वर्ष 2015-16 में 14वें वित्त आयोग के अंतर्गत दो लाख करोड़ से भी अधिक का अनुदान अगले 5 वर्षों के लिए खासतौर पर ग्राम पंचायतों के विकास के लिए आवंटित किया गया है। श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूर्बन मिशन के द्वारा शहरी क्षेत्रों की सुविधाओं का विकास गांवों में भी करने के प्रयास किये जा रहे हैं।

युवाओं में कौशल विकास के लिए सरकार ने स्किल इंडिया मिशन शुरू किया। इसके लिए अलग मंत्रालय बनाया गया।

स्वदेशी और राष्ट्र के आर्थिक विकास की दिशा में "मेक इन इंडिया" की सफलता जग जाहिर है। आज लगातार अशांत वैश्विक अर्थव्यवस्था में भी भारत में आर्थिक स्थायित्व बना हुआ है। सकल घरेलू उत्पादन में वृद्धि हुई है तथा इसने बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के मध्य भारत को विश्व की सबसे अधिक गतिशील अर्थव्यवस्था बनाया है। मुद्रास्फीति, राजकोषीय घाटा तथा वर्तमान लेखा घाटा सभी घटे हैं। 2015 में भारत ने अभी तक का सबसे अधिक विदेशी मुद्रा भंडार रिकॉर्ड किया है।

आज देश में सबसे बेहतर प्रगति हम नारी सशक्तिकरण के मामले में देखते हैं। अभी हाल में हमारी सरकार ने अब तक लंबित मुद्दे भारतीय वायु सेना में शॉर्ट सर्विस कमीशन अधिकारियों और फाइटर पायलट के रूप में महिलाओं को शामिल करने का अनुमोदन कर दिया है। इसके अलावा महिलाओं को सुरक्षा और संरक्षण प्रदान करने के लिए राष्ट्रव्यापी आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली, एक केन्द्रीय पीड़ित मुआवजा निधि, महिला और बच्चों के विरूद्ध साइबर अपराध निषेध और संगठित अपराध जांच एजेंसी और रेल में महिलाओं की सुरक्षा के एकीकृत आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रबंधन प्रणाली जैसे कई उपाय किए हैं।

देश की प्रगति के लिए सरकार के प्रयासों की लंबी लिस्ट है। मैं संक्षेप में यही कहना चाहूंगा कि आज देश जिस ऊÃ¯चाई पर जा रहा है और मोदी जी के नेतृत्व में हमारी सरकार ने इन आकांक्षाओं को पंख लगाए हैं। वह कुछ स्वार्थी समूहों के द्वारा लगाए आरोपों और कृत्रिम माहौल बनाने से नहीं रूकने वाला है। देश में जिस तरह के माहौल पैदा करने की कोशिश की जा रही है, उसका जवाब हम विकास और प्रगति से देंगे न केवल विकास बल्कि सबका साथ-सबका विकास।

HON. CHAIRPERSON: Now, Shri Rajiv Pratap Rudy to lay the BAC Report.

*m13

SHRI A.P. JITHENDER REDDY (MAHABUBNAGAR): Hon. Chairperson, Sir, on behalf of my Party, Telangana Rashtra Samithi, let me thank you for giving me this opportunity to speak on the Motion of Thanks on the President's Address.

It truly is a wonderful achievement that we, as a sovereign democratic nation, have entered into our 70th year. There comes a point in our brief history where we must ask ourselves two fundamental questions: (1) How far have we matured as a nation?; and (2) What direction are we moving towards?

Sir, from what we have heard in the President's Address, there is no mention of our diversity.

There is always a great sense of awe in our unique diversity. It is certainly true that there is unity in diversity; and it is our democracy's greatest strength, which must be celebrated.

But at the same time, let us not be ignorant of the importance of being sensitive to and protective of the pluralistic needs of our society, especially to the ideals of diverse and opposing viewpoints.

It gives me immense pride and satisfaction to say that despite the many obstacles faced, lessons learnt, and mistakes made over decades and generations of subsequent Governments, this great nation has endured and survived.

There is no doubt that MSME is the most vibrant and dynamic sector in the Indian economy which provide large-scale employment and plays a pivotal role in socio-economic development of the country. To give push to this sector hon. PM has launched MUDRA Yojana which, hon. President rightly said, disbursed Rs.1 lakh crores to more than 2.6 crore borrowers. Out of this, 2.07 crore are women entrepreneurs. It is a very good beginning. But, there are some problems which need to be addressed. The first one is that MSME has not been included in the definition of startup India. It is required to boost 'Make in India' campaign. If MSME is included, then they become eligible for incentives such as fewer compliance

conditions, cheaper credit and tax benefits. Secondly, I also request the Government to consider for excluding MSMEs from the proposed Insolvency and Bankruptcy Code as they are presently covered by SARFAESI and SICA Acts. Whatever problems are there in implementing SICA Act should be addressed and resolved.

There is a need to pay more attention to education and health in the country. We are producing graduates, post graduates and engineers. But, if you look at the employability of these students, it is abysmally low. I will give an example. Undivided AP has the highest number of engineering colleges and lakhs of students coming out every year. But, if you look at the percentage of employability of these students, it is miniscule. It means, there is lack of quality in education and this is resulting them in applying for even a clerk's job! So, rather than focusing on quantity, I submit to focus on quality. Coming to health, we have eliminated leprosy more than a decade ago. But, after a decade 140 districts are still suffering from leprosy cases and 13 districts are reporting leprosy every year.

Then, we have problems with organ donation. In our country where 2 lakh people needed kidney and 1 lakh people needed liver every year, only 2-3% of the demand for new organs is met every year. Even if you look at the deceased donation rate, it is 0.05-0.08 per million population. The situation is not so encouraging either when it comes to other organs such as heart, lungs, pancreas, etc. So, this is leading to a competition for organs which severely tests the principles of transparency and distributive justice. So, some of the issues relating to health such as mentioned above should also be addressed by the Government. GOI has recently inaugurated AIIMS at Guntur and assured that it would be completed in 2 years. I request the Government to allocate sufficient funds and complete it in a time bound manner.

These are some of the issues I wish to touch upon and request the Government of India to look into them, address them to make the country a developed one under the leadership of Shri Modiji.

With these words, I once again thank the hon. President support the Motion moved by Smt. Meenakshi Lekhi. Thank you.

*m19

***श्री राजेन्द्र अग्रवाल (मेरठ)** ः महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पारित किये जाने पर चल रही चर्चा में विचार व्यक्त करते हुए कहना चाहता हूँ कि अपने अभिभाषण के प्रारंभ में ही दूसरे पैराग्राफ में राष्ट्रपति जी ने उल्लेख किया है- ""पिछले वर्ष संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए मैंने अपनी सरकार की परिकल्पनाओं की एक रूपरेखा बताई थी, जिसका आशय ऐसे भारत का निर्माण करना है, जो भविष्य में पूरे आत्मविश्वास के साथ अग्रसर होगा। ऐसा सशक्त और दूरदर्शी भारत जो लोगों को विकास के वे सारे अवसर मुहैया कराएगा, जिनका संविधान में प्रावधान किया गया है। विकास का यह सिद्धांत ""सबका साथ-सबका विकास"" में निहित है और यही मेरी सरकार का मूलभूत सिद्धांत है।""

हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व वाली यह सरकार संपूर्ण निष्ठा, संकल्प, प्रामाणिकता तथा परिश्रम के साथ तीव्र गति से राष्ट्रपति जी के उपरोक्त कथन के अनुसार ""सबका साथ-सबका विकास"" के सिद्धांत के अनुसार चल रही है। बिना रूके, बिना अवकाश लिए निरंतर प्रतिदिन 18 घंटे से भी अधिक की कठोर तपस्या के द्वारा प्रधानमंत्री जी ने देश के पुनर्निर्माण के कार्य को अभूतपूर्व गति प्रदान की है। श्री नरेंद्र मोदी जी ने देश के राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक इत्यादि विभिन्न क्षेत्रों में व्याप्त जड़ता को समाप्त करते हुए राष्ट्र जीवन में नये उत्साह एवं आत्मविश्वास का संचार किया है। केवल पौने दो साल के कार्यकाल में इस सरकार की उपलब्धियां अद्भुत है।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय की "अंत्योदय" की परिकल्पना के अनुसार देश में गरीबी मिटाने हेतु गरीब तबके के अंतिम लाभार्थी तक योजनाओं का लाभ बिना किसी अवरोध के पहँचाना अत्यंत आवश्यक है। ""प्रधानमंत्री जन-धन योजना"" के अंतर्गत खोले गये 21 करोड़ से भी अधिक खाते जहां गरीबों को पारदर्शी तरीके से योजनाओं का लाभ उपलब्ध करवाने का साधन बने हैं, वहीं इन खातों से देश के निर्माण की मुख्यधारा में सम्मिलित होने का गौरव एवं आत्मविश्वास भी बैंकों में प्रथम बार जाने वाले गरीब नागरिकों को प्राप्त हुआ है। देश के इन्हीं सर्वाधिक गरीब व्यक्तियों के लिए केवल 12 रूपए वार्षिक प्रीमियम वाली ""प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना"" गरीबों को सुरक्षा कवच प्रदान करने वाली अद्भुत योजना है। ""प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना"" तथा ""अटल पेंशन योजना"" द्वारा उपरोक्त सुरक्षा कवच का विस्तार करते हुए देश के प्रत्येक गरीब व्यक्ति को सामाजिक सुरक्षा प्रदान की गयी है। इसी ""अंतिम व्यक्ति"" को सहत पहुँचाने के लिए प्रधानमंत्री जी ने ""गिव इट अप"" का आह्वान किया व देश की जनता ने उसे स्वीकार भी किया। परिणामस्वरूप 62 लाख लाख से अधिक एल.पी.जी. उपभोक्ता अपनी सब्सिडी छोड़ चुके हैं तथा 50 लाख बी.पी.एल. परिवारों को सब्सिडाइज्ड गैस कनेक्शन मिल चुके हैं। ""अंत्योदय"" के राष्ट्रीय संकल्प में जन भागीदारी का यह उल्लेखनीय उदाहरण है।

गांव और किसान इस सरकार की प्राथमिकता हैं। प्राकृतिक आपदा आने पर मुआवजे की गणना के नियमों में किसानों के हित में परिवर्तन किये गये हैं, मुआवजे की राशि में वृद्धि की गयी है तथा इस मुआवजे को सीधे किसान तक पहँचाने की चिंता भी की गयी है। गन्ना किसानों को सहत पहँचाने के लिए चीनी मिलों को एथनॉल बनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया है। डीजल में 10 प्रतिशत एथनॉल मिलाने की व्यवस्था की गयी है तथा 6600 करोड़ का ब्याज मुक्त ऋण भी राज्य सरकारों को उपलब्ध करवाया गया है।

साथ ही, ""प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना"", ""सॉयल हैल्थ कार्ड"" बनाने की योजना तथा ""प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना"" जैसी तीन किसान हितैषी योजनाओं से देशभर के किसानों को व्यापक रूप से लाभ होगा। इसके अलावा ऐसे अनेक कदम इस अल्पकाल में सरकार ने उठाये हैं कि जिनके द्वारा गांवों एवं किसानों की कठिनाइयां दूर होंगी तथा वह समृद्ध होंगे।

प्रधानमंत्री जी सदैव कहते रहे हैं कि भारत युवाओं का देश है। ये युवा भारत की प्रगति के सारथी हैं। इन युवाओं में 10 करोड़ से भी अधिक बेरोज़गार हैं। इनको रोज़गार मिले तो इनका आत्मविश्वास बढ़े, इनके परिवारों की आय बढ़े तथा देश के सकल संसाधनों में वृद्धि हो। इस दृष्टि से श्री नरेंद्र मोदी जी की सरकार द्वारा किये गये ""स्किल इंडिया"", ""मेक इन इंडिया"" व ""मुद्रा "" योजना आदि के परिणाम अब आने शुरू हो गये हैं।

बुनियादी ढांचे के विस्तार में इस सरकार की उपलब्धियां विस्मयकारी हैं। सड़क हो, रेल हो, आवास अथवा बिजली हो- सब तरफ समयबद्धता के साथ कार्य होता हुआ दिखाई देता है। भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन से विश्वसनीयता का संकट समाप्त हुआ है। देश तथा विदेश में निवेशकों का भरोसा फिर से स्थापित हुआ है। विदेशी निवेश में 39 प्रतिशत वृद्धि इस भरोसे का प्रमाण है। अर्थव्यवस्था पुनः पटरी पर आने लगी है व 7 प्रतिशत से अधिक की विकास दर हमने हासिल कर ली है। विभिन्न वैश्विक आर्थिक संगठन भी इन तथ्यों की निरंतर पुष्टि कर रहे हैं।

श्री नरेन्द्र मोदी जी के चमत्कारी नेतृत्व वाली इस सरकार ने देश व दुनिया में भारत का मान बढ़ाया है। मुझे विश्वास है कि श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में आने वाले वर्षों में भारत विश्व शक्ति के रूप में अवश्य ही प्रतिष्ठित होगा।

*m20

***श्री विद्युत वरन महतो (जमशेदपुर)** ः महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में सरकार के एजेंडा पर चर्चा के अनुसार हमारी नई सरकार का लक्ष्य गरीबी उन्मूलन तथा स्वास्थ्य क्षेत्र में विकास एवं नई योजनाओं का अमल होना है, जिससे ""स्वस्थ भारत का निर्माण हो।"" साथ ही साथ अनुसूचित जाति, जनजाति तथा पिछड़े वर्ग का उत्थान हो सके, हम इस विचार एवं योजना का स्वागत करते हैं तथा पूर्ण समर्थन करते हैं।

महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के एकात्म मानवता दर्शन में अंत्योदय की परिकल्पना का उल्लेख है, जिसका उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक अवसर प्रदान करते हुए उसे सशक्त करना है। महामहिम राष्ट्रपति जी के इस अभिभाषण के अनुसार सरकार के सभी कार्यक्रम अंत्योदय के सिद्धांत पर आधारित हैं। यह सरकार गरीबों की उन्नति, किसानों की समृद्धि और युवाओं को रोज़गार दिलाने पर केन्द्रित है। यह सरकार खाद्य सुरक्षा, सबके लिए आवास एवं ऐसी सब्सिडियों पर अधिक ज़ोर दिया है, जो सबसे अधिक जरूरतमंद को तब जरूर मिले जब उसे उनकी सर्वाधिक आवश्यकता हो। गर्व की बात है कि प्रधानमंत्री जन-धन योजना के अंतर्गत लगभग 21 करोड़ से भी अधिक खाते खोले गये जिनमें से 15 करोड़ खाते वालू हालात में है, जिनमें कुल मिलाकर 32 हजार करोड़ रूपए जमा है। यह सरकार सामाजिक सुरक्षा उपलब्ध कराने के लिए तीन नई योजनाएÃ¬ प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं अटल पेंशन योजना लाई है, जो समाज के अब तक वंचित वर्गों को बीमा सुरक्षा एवं पेंशन मुहैया कराएगी।

सरकार ने नई यूरिया नीति 2015 अधिसूचित की है, जिसका उद्देश्य स्वदेशी उत्पादन और ऊर्जा के सही उपयोग को बढ़ावा देना है। इससे अगले तीन वर्षों के दौरान प्रतिवर्ष 17 लाख मीट्रिक टन अतिरिक्त यूरिया का उत्पादन होगा। इससे यूरिया के अवैध प्रयोग पर रोक लगेगी। वर्ष 2015 में यूरिया का सर्वाधिक उत्पादन हुआ है।

इस सरकार ने भ्रष्टाचार को पूरी तरह से लगाम लगाया है और भ्रष्टाचारियों को दंड देने में नरमी नहीं बरती है और भ्रष्टाचार निरोधी अधिनियम में कड़े संशोधन भी किए जा रहे हैं।

इस सरकार ने कोयला क्षेत्र में गतिशील और व्यापक सुधार किए हैं और पारदर्शी नीलामी प्रणाली द्वारा 70 से अधिक कोयला ब्लॉकों का आवंटन किया है। आने वाले वर्षों में इससे पूर्वी राज्यों को अत्यधिक लाभ होगा। कोयला उत्पादन को बढ़ाने पर अत्यधिक बल देने के कारण कोल इंडिया के कोयला उत्पादन में रिकॉर्ड 9.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो अब तक का सर्वाधिक उत्पादन है।

चार दशकों पुरानी मांग- एक लाख सात हजार करोड़ प्रतिवर्ष के भारी वित्तीय भार के बावजूद यह सरकार सैनिकों के हित में एक ऐतिहासिक कदम- एक रैंक-एक पेंशन योजना लागू करके एक महान साहसी कार्य करने में सफल रही है। इससे देश के सभी सैनिकों के दिल की मुराद पूरी हो गई है।

सरकार का ध्येय होगा कि 2022 तक सभी परिवार वालों का पक्का घर तथा बिजली आपूर्ति की सुविधा मुहैया कराई जाये, जो अत्यंत सराहनीय कदम है।

यह सरकार रेलवे के आधुनिकीकरण के साथ-साथ आंतरिक संरचना में सुधार को लेकर एक योजनाबद्ध तरीके से कार्य कर रही है। सरकार ने रेलवे के आमान-परिवर्तन, नई रेल लाईन बिछाने, विद्युतीकरण कार्य एवं रेलवे में क्षमता वृद्धि संबंधी कार्यों तथा स्वच्छ भारत मिशन को ध्यान में रखते हुए सफलता प्राप्त की है।

*m21

***श्रीमती जयश्रीबेन पटेल (मेहसाणा)** ः मैं महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्तुत करती हँ।

हमारी सरकार गरीबों, किसानों और युवाओं के लिए काम कर रही है। हम चाहते हैं कि गरीब से गरीब व्यक्ति तक विकास पहुंचे। गांधी जी ने कहा था कि गरीबी हिंसा का सबसे भयवाह रूप है। इसलिए हम गरीबी को जड़ से मिटाना चाहते हैं। हम गरीबों की उन्नति और किसानों की समृद्धि के लिए वचनबद्ध हैं। मैं इसकी सराहना करती हँ।

भारत के दो शहरों जयपुर और वाराणसी को पहली बार यूनेस्कों ने क्रिएटीव सिटी नेटवर्क माना है। यूनेस्कों ने पूरी दुनिया से क्रियेटिव सिटी नेटवर्क के लिए 33 देशों में मात्र 47 शहरों को लिया है। जयपुर को हस्तकला और लोककला के लिए और वाराणसी को संगीत के लिए चुना गया है। यह हमारे लिए गौरव की बात है।

हमारी सरकार सीमा पार आतंकवाद का सामना करने के लिए सहयोग का माहौल तैयार करने के लिए कृत संकल्प है। सरकार देश की सुरक्षा से जुड़ी हर चुनौती से सख्ती से निपटने के लिए कृत संकल्प है। हमारी इच्छा के परिणामस्वरूप यू.एन. ने आतंकवाद की व्याख्या करके उनके खिलाफ विश्व को एक करने के लिए प्रस्ताव पास किया है।

राष्ट्रहित की रक्षा करने में हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्रभाई मोदी जी ने बड़ा अच्छा काम काम किया है। भारत के दृष्टिकोण और सरोकारों को अंतर्राष्ट्रीय घटनाओं के तहत प्रभावी ढंग से रखा गया है।

प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की बात की जाये तो हमने चाय बागानों के क्षेत्र में रोक हटा दी है। रक्षा क्षेत्र में इसकी सीमा 26 प्रतिशत से बढ़ाकर 49 प्रतिशत कर दी गई है। प्रधानमंत्री मोदी जी की एफ.डी.आई. अर्थात् फर्स्ट डेवलपमेंट इण्डिया की संकल्पना चरितार्थ हो रही है।

20 महीनों की इस छोटी से अवधि में भारत, चीन, यू.एस.ए., यू.के., जर्मनी, जापान जैसी बड़ी ताकतों से भी आगे निकल गया है और यह विश्व में सर्वाधिक तेजी से विकास करने वाली अर्थव्यवस्था बन गई है। मुद्रास्फीति भी नियंत्रण में है तथा चालू खाता घाटा को भी नियंत्रित किया जा रहा है। प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में 39 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जोकि इस देश में अब तक सर्वाधिक है। मूडी, विश्व बैंक, आई.एम.एफ. ने भी भारत में तेज गति से हो रहे विकास की सराहना करके भारत में निवेश करने के लिए सबका आह्वान किया है। इसके तहत हमने चाईना को भी पीछे छोड़ दिया है।

नेशनल ब्राण्ड वैल्यू में 32 प्रतिशत की अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। अतिरिक्त निधियों को 32 प्रतिशत से बढ़ाकर 42 प्रतिशत करने का निर्णय लिया है, जोकि इससे पहले किसी सरकार में नहीं था। यह सराहनीय है तथा पता चलता है कि पारदर्शिता और ईमानदारी इस प्रकार की विशेषता है।

बैंक निवेश में 39 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। विश्व बैंक की ""कारोबार करने में सुगमता"" के मामले में नवीनतम रैंकिंग में भारत 12वें पायदान पर पहुंच गया है, यह गौरवपूर्ण है।

स्टार्ट अप इंडिया और स्टैंड अप इंडिया योजनाएं जो हाल ही में शुरू हुई है, इसमें एकल खिड़की मंजूरी व्यवस्था के माध्यम से प्रशासन के सहयोग से जोखिम मुक्त रोज़गार परक क्रियाकलापों पर ध्यान केंद्रित किया गया है। हमारे मानव संसाधन का कौशल विकास महत्वपूर्ण क्षेत्र है, जहां बहुत सारा कार्य किया जा रहा है। स्मार्ट शहर विकसित करने के लिए सरकार ने 7000 करोड़ रूपए से अधिक का आवंटन किया है। इस सरकार ने जरूरतमंदों के लिए सर्व समावेशी विकास करने हेतु कुछ गंभीर कदम भी उठाए हैं। मैं इसकी सराहना करती हूँ। इसमें गुजरात की दो सिटी अहमदाबाद व सूरत का समावेश हुआ है। इसके लिए मैं केंद्र सरकार की आभारी हूँ।

पिछले 20 महीनों में 8,000 किलोमीटर राजमार्गों का निर्माण हुआ है। पिछली सरकार की तुलना में इसमें 125 फीसदी की वृद्धि हुई है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 7200 किलोमीटर लम्बे राजमार्गों का निर्माण पूरा किया है तथा 12,900 कि.मी. लम्बे राजमार्ग की परियोजना के निर्माण का निर्णय लिया है, जो अभी तक का एक रिकॉर्ड है। मोदी सरकार ने राजमार्गों के विकास के लिए एक व्यापक भारतमाला योजना प्रारंभ की है। चार धामों को जोड़ने वाली सभी सड़कों के लिए 12,000 करोड़ रूपए की परियोजना का निर्माण शुरू हो गया है। हरित राजमार्ग पॉलिसी 2015 के तहत हरे-भरे राजमार्गों तथा डीजल बसों को इलैक्ट्रिक बसों में परिवर्तित करने के लिए एक पायलट परियोजना शुरू की है।

रेलवे ब्रॉडगेज कन्वर्जन में 65 फीसदी वृद्धि हुई है। सोलर एनर्जी भी इन 20 महीनों में दोगुनी हो गई है। कोल इंडिया में 9.1 प्रतिशत की कोल इन्क्रीज हुआ है। यह कोल सेक्टर में अभी तक सबसे ज्यादा वृद्धि हुई है।

आज देश में 21 करोड़ परिवारों के खाते खोले गए हैं, जिनमें 32,000 करोड़ रूपए डिपोजिट किए गए हैं। गरीबों को बीमा सिक्योरिटी देने क योजना बनाई गई है। प्रधानमंत्री जीवन सुरक्षा बीमा योजना में एक दिन के लिए एक रूपया देना होता है। नए गैस कनेक्शन बिल्कुल जीरो कॉस्ट पर 50 लाख बी.पी.एल. परिवारों को 20 महीनों में दिए गए हैं। यह वित्तीय समावेशन और सामाजिक सुरक्षा के तहत संसार का एक बड़ा रिकॉर्ड है।

हमारी भारत माता की रक्षा करने वाले नौजवानों का वन रैंक-वन पेंशन के लिए 10 हज़ार करोड़ रूपए मंजूर किए गए हैं। यह हमारे सैनिकों को तोहफा है।

पिछले एक साल में 4 लाख 18 हज़ार टायलेट्स दो लाख से ज्यादा स्कूलों में बनाये गये और इन टायलेट्स के बनने से तकरीबन 14 करोड़ बच्चों को सहूलियत मिलेगी।

इस देश के 65 फीसदी युवाओं के लिए सरकार ने स्किल इंडिया जो इनीशियेटिव शुरू किया है, इसके अंतर्गत पिछले एक साल में 76 लाख नौजवानों को ट्रेनिंग दी गयी है।

प्रधानमंत्री मुद्रा बैंक योजना लाई गयी है और इस मुद्रा बैंक के जरिए शिशु, तरूण और किशोरों को 50 हज़ार रूपए से लेकर 10 लाख रूपए तक बिना कोई गारंटर दिए लोन मिल सकता है।

टारगेट सब्सिडी से जरूरतमंदों तक पहल योजना शुरू की गई है, जिसमें 15 करोड़ लोगों को लाभांवित किया गया है और विश्व में अपने ढंग का सबसे बड़ा प्रत्यक्ष नगदअंतरण कार्यक्रम बनाकर वंचितों के प्रति उचित व्यवहार किया है।

प्रधानमंत्री की नई परिकल्पना "गिव इट अप" अभियान के तहत 62 लाख परिवारजनों ने अपनी एल.पी.जी. सब्सिडी छोड़ दी है और इसके तहत "गिव बैंक" प्रोग्राम के अंतर्गत 50 लाख बी.पी.एल. परिवारों को नए सब्सेडाइज कनेक्शन मिल चुके हैं। जिसके कारण उनकी सेहत में इजाफा हुआ और पोल्युशन में घटाव हुआ है।

20 महीनों के अंदर हमारे देश के नौजवानों के लिए दो नये आई.आई.टी., 6 नए आई.आई.एम., एक नया इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन एंड रिसर्च शुरू किए गए हैं तथा एक नया आई.आई.टी. भी शुरू किया गया है।

आज किसानों के लिए 24 x7 किसान चैनल डेडीकेट किया गया है, जहां उनको खेती के बारे में नई टेक्नोलॉजी और खेती के नए तरीके बताए जा रहे हैं।

आज तक केवल 23 फीसदी किसानों ने ही बीमा करवाया था। अब सरकार ने आने वाले एक से डेढ़ साल में हर एक किसान का बीमा करवा दिया है।

हमारी सरकार ने 1,000 करोड़ रूपए केवल इसलिए रखे हैं कि किसानों को खेतों में टारगेट तरीके से पानी पहुंचाया जा सके। प्रधानमंत्री जी के विजनरी कदम से आज हमारे देश में दूध की पैदावार बढ़ी है और साथ ही उसके साथ ही फिशरीज में भी बढ़ोतरी हुई है।

किसानों की समृद्धि राष्ट्र की समृद्धि का आधार है, इस मंत्र को मद्देनज़र रखकर कृषि मंत्रालय का नाम कृषि, सहकारिता एवं किसान कल्याण मंत्रालय कर दिया गया है और किसानों के हितों की सुरक्षा के तहत भारत में पहली बार प्राकृतिक आपदाओं में राहत देने के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना शुरू की गई है, वह किसानों के लिए मोदी सरकार की नई सोच है।

पिछली सरकार ने 4 वर्षों में 37 कोल्ड स्टोरेज बनाए थे, लेकिन हमने केवल 20 महीनों में ही 37 कोल्ड स्टोरेज और बना दिए हैं। 20 महीनों में ही हमने 11,000 किलोमीटर रूरल रोड्स बना दिए हैं। एल.ई.डी. एफिशिएंसी जो बीते समय में 1 प्रतिशत थी, उसे आज हम 12 प्रतिशत तक ले आए हैं।

यू.पी.ए. सरकार ने कोयला घोटाला किया था, इसके तहत मोदी सरकार ने पारदर्शी नीलामी द्वारा 70 से अधिक कोयला ब्लाकों का आवंटन करके 1 लाख करोड़ से ज्यादा अर्जित करके राज्यों को विकास के लिए दे दिया है। कोल इंडिया के कोयला उत्पादन रिकॉर्ड में 9.8 प्रतिशत की वृद्धि करके गुड गवर्नेंस का उदाहरण प्रस्तुत किया है। ऐसी ही पारदर्शी नीलामी टूजी स्पैक्ट्रम में करके संचार संवहन में एक नई नीति पेश की है।

महिलाओं को सशस्त्र बलों में पहली बार युद्धक क्षेत्रों में शामिल किया है। महिलाएं जो एक शक्ति हैं, उन्हें सशस्त्र शक्ति से जोड़कर उनका सम्मान किया है।

हमारी भारतीय संस्कृति के वसुधैव कुटुंबकम के आदर्श को मद्देनज़र रखकर नेपाल, बांग्लादेश, भूटान जैसे पड़ोसी देशों के साथ भूमि सीमा करार और शांतिपूर्ण करार किए हैं। अफगानिस्तान की जनता को शांति और समृद्धि के तहत संसद की भेंट दी है। भारत-अफ्रीका शिखर सम्मेलन में 54 राष्ट्रों की भागीदारी से भाईचारे की भावना पनपी है और सांस्कृतिक, वाणिज्यिक संबंधों में मजबूती लाई गई है।

उच्च शिक्षा क्षेत्र में इंप्रिंट इंडिया एवं टीच इन इंडिया की नई योजना कि शुरूआत की गई है। स्वस्थ भारत के तहत फरवरी 2016 गोवाहाटी और शिलेंग में 12वें दक्षिण एशियाई खेलों की सफलतापूर्वक मेजबानी की और भारत ने 300 से ज्यादा गोल्ड मेडल प्राप्त करके अव्वल नंबर हासिल किया।

मोदी सरकार ने बाघ परियोजना का दायरा बढ़ाया, जिससे 30 प्रतिशत बाघों की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई। जल क्रांति, नमामि गंगे, सुगम्य भारत अभियान के तहत दिव्यांगों की भागीदारी सुनिश्चत की है।

कनिष्ठ पदों के लिए साक्षात्कार समाप्त कर दिए गए हैं। 2015 में भारत ने अभी तक का सबसे अधिक विदेशी मुद्रा भंडार रिकॉर्ड किया है। "आपरेशन राहत" के तहत अपनी सक्षमता के मामले में भारत ने अंतर्राष्ट्रीय समस्याओं में भारतीयों की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाए हैं।

ब्रिक्स, जी-20, डब्ल्यू. टी.ओ., ईस्ट एशिया समिट, आसियान और एस.सी.ओ. जैसे क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय गुटों को एक नया दृष्टिकोण भी प्रदान किया गया है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के पुनर्गठन के लिए भारत ने ठोस कदम भी उठाए हैं। आज दुनिया की नज़रें भारत पर टिकी हैं और हमारे कर्मठ और विजनरी प्रधानमंत्री मोदी जी के कारण भारत को फिर से मान भरा दर्जा दुनिया भर में मिल रहा है। वह प्रतीत करता है कि भारत को अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर प्रतिष्ठा प्राप्त हो रही है और भारत की आवाज़ सुनी जा रही है।

मैं राष्ट्रपति जी के इस अभिभाषण का अनुमोदन करती हूँ।

*m22

***श्रीमती रक्षाताई खाडसे (रावेर)** ः दिनांक 23 फरवरी 2016 को भारत के महामहिम राष्ट्रपति महोदय के अभिभाषण पर माननीय सदस्य श्रीमती मीनाक्षी लेखी जी ने जो धन्यवाद प्रस्ताव रखा है, उसका मैं समर्थन करती हूँ। महामहिम राष्ट्रपति जी ने इस वर्ष बाबासाहेब अम्बेडकर का 125वां वर्ष देश में मनाने के साथ ""26 नवंबर"" जिस दिन संविधान अपनाया गया ""संविधान दिवस"" के रूप में मनाया जा रहा है, जिसे नागरिक संविधान के मूल्यों को अधिक गहराई से आत्मसात कर सकें व हमें जो उत्तम संविधान मिला है, उसके गौरव के साथ भारत की एकता और भारतीयों का सम्मान दोनों मूलमंत्र को साकार करता हुआ देश आगे बढ़ रहा है, की सराहना की है। एकात्म मानवता दर्शन में अंत्योदय की परिकल्पना के साथ गरीबों की उन्नति, किसानों की समृद्धि और युवाओं को रोज़गार इस अंतिम ध्येय के सिद्धांत पर सभी कार्यक्रम का निर्माण करने पर सरकार विशेष रूप से अपना ध्यान केंद्रित कर रही है। गत वर्ष में गरीबों तथा अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने के लिए ""प्रधानमंत्री जन-धन योजना"" में बैंक में खाता खोलने के साथ गरीबी उन्मूलन का एक माध्यम उपलब्ध कराया जिससे निर्धनों व जरूरतमंद को मूलभूत सेवाएं और सुरक्षा पहुँचाने में सरकार को उम्मीद है। इस योजना क साथ चलते ही बीमा व पेंशन, जो कि समाज के अब तक वंचित वर्गों तक नहीं पहुँच पाती थी, सरकार ने दो बीमा योजनाओं के साथ अटल पेंशन योजना कार्यान्वित की, जिसका देशभर में उत्साहपूर्वक स्वागत होता दिखाई दे रहा है।

किसानों की समृद्धि इस राष्ट्र की समृद्धि का आधार है, इसे साकार करने हेतु न केवल कृषि एवं सहकारिता मंत्रालय का नाम बदलकर कृषि, सहकारिता एवं किसान कल्याण मंत्रालय कर दिया गया तथा किसान के कल्याण के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना शुरू की, जिसमें किसानों को अब तक की सबसे कम राशि बीमा किश्त देनी होगी और फसल कटाई के पश्चात् बाढ़ व बेमौसम की बरसात से होने वाले नुकसान पर भी बीमा कंपनी से नुकसान की भरपाई मिलेगी। ऐसी व्यवस्था का प्रावधान किया गया है तथा ऐसे सभी दावों का शीघ्र व सटीक निपटान का प्रावधान भी है। प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित होने वाले किसानों को दी जाने वाली सहायता में 50 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी और उसमें प्रावधान की शर्तों में ढील देने से किसानों को उसका सीधा लाभ मिलेगा।

किसानों की उन्नति के लिए हर प्रयास करने की कोशिश में अनेक कार्यक्रम तथा योजना को लाना इस सरकार की प्राथमिकता है, जिसमें मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना के तहत किसान अपनी जमीन के पोषक तत्वों की स्थिति का रिकॉर्ड रख सकता है एवं उचित उर्वरक का चुनाव व सही मात्रा में इस्तेमाल करने से भूमि की फसल उत्पादन क्षमता भी बेहतर होगी, जिसका लाभ कृषि उत्पाद में होगा। पानी के महत्व हेतु हर बूंद अधिक फसल हेतु व उसका जरूरत से उपयोग के लिए प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, किसानों के लाभ के लिए नई नीतियाँ, कीमतों और अन्य कृषि संबंधित जानकारी के लिए 24ग7 किसान चैनल का प्रारंभ भी सराहनीय है। नई यूरिया नीति में नीम से लेपित यूरिया का पूरे देशभर में निर्माण से किसानों की उर्वरक क्षमता में भी लाभ तथा यूरिया के अवैध प्रयोग पर रोक लगने से यूरिया की सब्सिडी के दुरूपयोग को रोकने में भी सहायता मिलेगी। उसका सीधा परिणाम किसानों को फायदा से होगा। किसानों की फसल को अधिकतम बाज़ार मूल्य दिलाने के लिए थोक बाज़ारों को एक साथ जोड़ने वाले एक साझा ई-मार्केट प्लेटफॉर्म के लिए राष्ट्रीय कृषि बाज़ार जिससे भारत को वन फूड जोन, वन कंट्री, वन मार्केट, जिससे किसानों को अपनी फसल और मेहनत का उचित मिलने की व्यवस्था है, का निर्माण सरकार की किसानों के प्रति प्राथमिकता दर्शाता है। देश के सामाजिक व आर्थिक विकास के लिए पशुपालन, दुग्ध उत्पादन और मछली पालन के क्षेत्र जो ज्यादातार किसानों से जुड़ा हुआ है, में ब्ल्यू रिवोल्यूशन को प्रारंभ किया है।

श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूर्बन मिशन में ग्रामीण विकास समूहों की शुरूआत कर इसमें ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत संरचनाओं की सुविधा उपलब्ध होगी। युवाओं को रोज़गार देना सरकार का सर्वोपरि लक्ष्य है। इस हेतु मेक इन इंडिया, स्किल इंडिया, मुद्रा, स्टार्ट अप इंडिया के माध्यम से रोज़गार स्वयं निर्माण के लिए व्यवस्था की गई है। सूक्ष्म, लघु तथा मध्यम उपक्रम जो कि रोज़गार उपलब्ध कराते हैं, उनको हर स्तर पर बढ़ावा देने हेतु प्रधानमंत्री की मुद्रा योजना के लिए अधिक राशि संवर्तित करना, ऑनलाइन पंजीकरण को सुगम बनाने के लिए उद्योग आधार पोर्टल की स्थापना, ग्रामीण क्षेत्र में उद्योग वृद्धि के लिए ग्रामीण आजीविका तथा प्रौद्योगिकी व्यापार इंक्यूबेटर स्थापित करने का निर्णय, ग्रामीण कारीगरों तथा बुनकरों की आजीविका को सशक्त बनाने के लिए स्टार्ट अप विलेज इंटरप्रेनरशिप प्रोग्राम का निर्माण कराना इत्यादि। कपड़ा उद्योग जो बड़ी मात्रा में रोज़गार उपलब्ध कराता है, को सशक्त बनाने के लिए अपग्रेडेशन फंड निर्धारित किया जाना तथा स्किल इंडिया के दौरान 76 लाख लोगों को गत वर्ष से प्रशिक्षित किया जाना विशेष योजनाएं हैं।

उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अनेक नये संस्थानों का निर्माण एवं सभी छात्रवृत्तियों के लिए आवेदन के लिए वन-स्टॉप प्लेटफॉर्म प्रदान करना स्वागतयोग्य है। 21 जून, 2015 को पूरे विश्व में प्रथम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस अत्यधिक उत्साह के साथ मनाया गया, जिसने भारत की प्राचीन परंपरा को एक बार फिर से उज़ागर किया। विश्व भर में अनेक देश योग की शिक्षा के लिए योग के शिक्षकों की भारत से मांग कर रहे हैं जोकि रोज़गार के लिए एक नया कदम होगा।

नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता 175 गीगा वाट (जी.डब्ल्यू.) तक निर्धारित क्षमता उपलब्ध कराने के प्रयास के साथ स्थापित सौर ऊर्जा क्षमता गत वर्ष से दोगुनी हुई, जो आज 5000 मेगा वाट से अधिक और किफायती दर में लोगों के लिए उपलब्ध है। एल.ई.डी. बल्बों की सस्ते दरों में आज लोगों को वितरित करने हेतु राष्ट्रीय एल.ई.डी. कार्यक्रम के तहत 6 करोड़ से ज्यादा एल.ई.डी. बल्ब को वितरित किये जा चुके हैं। कोयला उत्पादन में करीब-करीब 10 प्रतिशत की वृद्धि जो भारत का अब तक का सर्वाधिक उत्पादन है। असम गैस क्रूकर परियोजना, जिसमें एक लाख व्यक्तियों से ज्यादा को रोज़गार उपलब्ध होगा। रेलवे स्टेशनों और ट्रेनों में स्वच्छता मानकों में सुधार के महत्वाकांक्षी उपाय, जिसमें सम्मान परियोजना, सभी नए रेल डिब्बों में बायो-टायलेट की व्यवस्था की गई है। मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल कॉरिडोर की कल्पना को जल्द से जल्द कार्यान्वित करने के लिए जापान सरकार से महत्वपूर्ण करार किया गया है। 7200 कि.मी. लंबे राजमार्ग के निर्माण के साथ 12900 कि.मी. लंबे राजमार्ग की परियोजना के निर्माण के लिए निर्णय लिया गया है। हरित राजमार्ग पॉलिसी का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। छोटे शहरों की कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए नई नागर विमानन नीति पर ठोस कदम उठाया गया है। जिससे हवाई यात्री ट्रैफिक में वृद्धि होगी। देश के सारे डाकघरों को आई.टी. आधुनिकीकरण से कम्प्यूटराइज्ड किया जाना तथा पोस्टल पेमेंट बैंक ऑफ इंडिया से वित्तीय समावेशन, जिससे ग्रामीण क्षेत्र को लाभ व सुविधा को बढ़ावा मिलेगा।

रक्षा सामग्री देश में ही तैयार करना, विकसित और निर्मित करने की नीति पर विशेष ध्यान देना, हमारे सशस्त्र बलों को विश्व में सर्वाधिक सक्षम तथा अत्याधुनिक बनाने के लिए महत्वपूर्ण निर्णय करना तथा महिला जो इस देश की शक्ति है, उनको भारतीय सेना के सभी विभागों में अधिकारी के रूप में शामिल करने का निर्णय लेना सराहनीय है।

मेरा निर्वाचन क्षेत्र रावेर केला की खेती के लिए मशहूर है। यहाँ केला की खेती परंपरागत तौर पर की जाती है और भारत का 34 प्रतिशत केला उत्पादन मेरे इस रावेर क्षेत्र से ही होता है। यहाँ के किसानों को अधिक समृद्ध व खुशहाल बनाने के लिए केला फूड पार्क का निर्माण होने से इस क्षेत्र के किसानों की आने वाली नई युवा पीढ़ी केला की खेती में और वृद्धि करने का प्रयास करेगी। इसलिए मैं मांग करती हूँ कि मेरे निर्वाचन क्षेत्र के किसी भी हिस्से में केला फूड पार्क का निर्माण किया जाये और भारत देश की प्रगति में मेरे इन किसान भाई-बहनों का भी कुछ हिस्सा बने, ऐसी उम्मीद करती हूँ। मेरे इस क्षेत्र के निवासी इस देश के लिए विभिन्न सेवाएंÃ¬ अर्पित कर रहे हैं और उनके चलते आने वाली युवा शक्ति को और इस देश की सेवा करने का मौका मिले, वे उच्च शिक्षित हो, इसलिए इस क्षेत्र में आई.आई.एम. या आई.आई.टी. एवं तत्सम शैक्षणिक संस्था का निर्माण करने की मांग करती हूँ।

सरकार की इस उल्लेखनीय कार्य प्रणाली की चर्चा हर भारतवासी, युवक-युवतियों में है, जिसके चलते देश में सबका साथ-सबका विकास में निहित सिद्धांत के साथ, गौरवशाली देश को विकास और प्रगति से भविष्य में पूरे आत्मविश्वास के साथ विश्व में अग्रसर होगा, यह हमें विश्वास है। आओं हम सब मिलकर इस देश की उन्नति के लिए अपने आपको व्यक्तिगत रूप से भारत को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए तन-मन-धन से काम करें।

*m23

*डॉ. महेन्द्र नाथ पाण्डेय (चन्दौली) ः जिस प्रकार महामहिम राष्ट्रपति जी ने अपने अभिभाषण में पं. दीनदयाल उपाध्याय जी के सिद्धांत ""अंत्योदय"" का उल्लेख किया है, उससे स्पष्ट हो जाता है कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व वाली राजग सरकार सरकार के अंतिम व्यक्ति तक को विकास के माध्यम से मुख्य धारा में लाना चाहती है। जिसका जीता-जागता उदाहरण प्रधानमंत्री जन-धन योजना के अंतर्गत आम जनमानस द्वारा खोले गए 21 करोड़ खाते हैं। ये माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के प्रति देश की महान जनता का विश्वास ही है कि जीरो बैलेंस वाले खाते में भी देश की महान जनता ने देश के खजाने में 32 हज़ार करोड़ रूपए जमा किये हैं। महामहिम राष्ट्रपति जी ने अपने अभिभाषण में सरकार के विजन ""गरीबों की उन्नति"", ""किसानों की समृद्धि"" और ""युवाओं को रोजगार"" का जिक्र किया है। निश्चत रूप से हम कह सकते हैं कि जन-धन योजना के अंतर्गत खुले खाते हों या अटल पेंशन योजना अथवा प्रधानमंत्री जीवन सुरक्षा बीमा योजना, जिसके अंतर्गत मात्र रूपए 1 प्रति माह 12 रूपए प्रति वर्ष में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा दिया जा रहा है। ये तमाम योजना गरीबों की उन्नति की साक्ष्य बन रही हैं।

जहां तक किसानों की बात है, हमारे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का हमेशा से ही कहना है कि देश का कल्याण तब तक संभव नहीं है, जब तक देश के किसान समृद्ध नहीं होंगे। हमारी सरकार ने किसानों के हित में बहुत ही लाभकारी निर्णय लिए हैं, चाहे वो किसान बीमा योजना हो या सॉइल हैल्थ कार्ड हो या फसल आपदा की निर्धारित क्षति की सीमा 50 से 33 प्रतिशत करना हो। देश में पहली बार हर खेत को पानी देने के उद्देश्य से ""प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना"" लाई गई है। आज सरकार की पारदर्शिता से काम करने का ही नतीजा है कि देश में उर्वरक की आपूर्ति को सुनिश्चित किया गया है। अब तो आम बजट में भी प्रस्ताव किया गया है कि उर्वरकों पर मिलने वाली सब्सिडी सीधे किसानों के खाते में जाएगी। माननीय मोदी जी के नेतृत्व में पहली बार सरकार ने पर्सनल सेक्टर पर ज़ोर देते हुए स्किल डेवलपमेंट जैसी महत्वाकांक्षी योजना को देश में लागू किया गया है। युवाओं को रोज़गार देने के लिए और उनको स्वरोज़गार बनाने के लिए बहुत सी योजनाओं को लाया गया है जिसमें ""मेक इन इंडिया"", ""प्रधानमंत्री मुद्रा योजना"", ""प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना"" आदि प्रमुख हैं। हमारी सरकार ने 2022 तक सबको सस्ते मकान देने के उद्देश्य से ""प्रधानमंत्री आवास योजना"" को चालू किया है। हमारी सरकार ने 2018 तक ""पं. दीनदयाल ग्राम ज्योति योजना"" के अंतर्गत सभी गांवों तक 24 घंटे बिजली पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। ""पहल"" योजना के अंतर्गत 15 करोड़ रसोई गैस धारकों को सीधे उनके खाते में सब्सिडी का लाभ मिल रहा है। माननीय मोदी जी के प्रोत्साहन के अनुपालन स्वरूप ""गिव इट अप"" कैम्पेन के तहत 62 लाख परिवारों ने अपनी एल.पी.जी. सब्सिडी छोड़ दी है। महामहिम राष्ट्रपति जी ने हमारी सरकार द्वारा संचालित अल्पसंख्यक वर्ग के लिए महत्वपूर्ण योजना ""नई मंजिल"" और ""उस्ताद"" का उल्लेख किया, जिसके अंतर्गत 20,000 मदरसों में स्किल ट्रेनिंग दी जा रही है।

माननीय प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा ही थी कि भारतीय संस्कृति को मानते हुए गत वर्ष पूरे विश्व ने 22 जून को ""अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस"" मनाया।

आज देश में माननीय मोदी जी के प्रोत्साहन का ही नतीजा है कि देश में ""स्वच्छता अभियान"" के अंतर्गत स्वच्छता के प्रति एक माहौल बना है और लोग इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं।

अन्य ऐसी तमाम योजनायें जो माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व में भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही हैं, उनका जिक्र महामहिम राष्ट्रपति जी ने अपने अभिभाषण में उल्लिखित किया है।

महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में उल्लिखित उक्त तमाम योजनाओं और भारत सरकार की विकास परख एवं ""सबका साथ-सबका विकास"" से प्रेरित नीतियों का समर्थन करते हुए धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ।

*m24

*श्री जुगल किशोर (जम्मू) ः महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में सरकार के एजेंडा पर चर्चा के अनुसार हमारी नई सरकार का लक्ष्य गरीबी उन्मूलन तथा स्वास्थ्य क्षेत्र में विकास एवं नई योजनाओं का अमल होना है, जिससे ""स्वस्थ भारत का निर्माण हो।"" साथ ही साथ अनुसूचित जाति, जनजाति तथा पिछड़े वर्ग का उत्थान हो सके, हम इस विचार एवं योजना का स्वागत करते हैं तथा पूर्ण समर्थन करते हैं।

महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के एकात्म मानवता दर्शन में अंत्योदय की परिकल्पना का उल्लेख है, जिसका उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक अवसर प्रदान करते हुए उसे सशक्त करना है। महामहिम राष्ट्रपति जी के इस अभिभाषण के अनुसार सरकार के सभी कार्यक्रम अंत्योदय के सिद्धांत पर आधारित है। यह सरकार गरीबों की उन्नति, किसानों की समृद्धि और युवाओं को रोज़गार दिलाने पर केन्द्रित है। यह सरकार खाद्य सुरक्षा, सबके लिए आवास एवं ऐसी सब्सिडियों पर अधिक ज़ोर दिया है, जो सबसे अधिक जरूरतमंद को तब जरूर मिले जब उसे उनकी सर्वाधिक आवश्यकता हो। गर्व की बात है कि प्रधानमंत्री जन-धन योजना के अंतर्गत लगभग 21 करोड़ से भी अधिक खाते खोले गये जिनमें से 15 करोड़ खाते चालू हालात में है, जिनमें कुल मिलाकर 32 हजार करोड़ रूपए जमा है। यह सरकार सामाजिक सुरक्षा उपलब्ध कराने के लिए तीन नई योजनाएÃ¬ प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं अटल पेंशन योजना लाई है, जो समाज के अब तक वंचित वर्गों को बीमा सुरक्षा एवं पेंशन मुहैया कराएगी।

इस सरकार ने नई यूरिया नीति 2015 अधिसूचित की है, जिसका उद्देश्य स्वदेशी उत्पादन और ऊर्जा के सही उपयोग को बढ़ावा देना है। इससे अगले तीन वर्षों के दौरान प्रतिवर्ष 17 लाख मीट्रिक टन अतिरिक्त यूरिया का उत्पादन होगा। इससे यूरिया के अवैध प्रयोग पर रोक लगेगी। वर्ष 2015 में यूरिया का सर्वाधिक उत्पादन हुआ है।

इस सरकार ने कोयला क्षेत्र में गतिशील और व्यापक सुधार किए हैं और पारदर्शी नीलामी प्रणाली द्वारा 70 से अधिक कोयला ब्लॉकों का आवंटन किया है। आने वाले वर्षों में इससे पूर्वी राज्यों को अत्याधिक लाभ होगा। कोयला उत्पादन को बढ़ाने पर अत्याधिक बल देने के कारण कोल इंडिया के कोयला उत्पादन में रिकॉर्ड 9.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो अब तक का सर्वाधिक उत्पादन है।

यह सरकार चार दशकों पुरानी मांग- एक लाख सात हजार करोड़ प्रतिवर्ष के भारी वित्तीय भार के बावजूद यह सरकार सैनिकों के हित में एक ऐतिहासिक कदम- एक रैंक-एक पेंशन योजना लागू करके एक महान साहसी कार्य करने में सफल रही है। इससे देश के सभी सैनिकों के दिल की मुराद पूरी हो गई है।

सरकार का ध्येय होगा कि 2022 तक सभी परिवार वालों का पक्का घर तथा बिजली आपूर्ति की सुविधा मुहैया कराई जाये, जो अत्यंत सराहनीय कदम है।

यह सरकार रेलवे के आधुनिकीकरण के साथ-साथ आंतरिक संरचना में सुधार को लेकर एक योजनाबद्ध तरीके से कार्य कर रही है। सरकार ने रेलवे के आमान-परिवर्तन, नई रेल लाईन बिछाने, विद्युतीकरण कार्य एवं रेलवे में क्षमता वृद्धि संबंधी कार्यों तथा स्वच्छ भारत मिशन को ध्यान में रखते हुए सफलता प्राप्त की है, लेकिन गुजरात के सौराष्ट्र भू-भाग में रेलवे को विकसित करने की आवश्यकता प्रतीत होती है और हमें पूर्ण विश्वास है कि हमारी प्रार्थना को स्वीकार किया जायेगा।

हम अपने स्वतंत्रता सेनानियों के ऋणी है और अब समय आ गया है कि उनके इस ऋण को चुकाने के लिए हम देश को वैसा ही बनाएं जिसकी उन्होंने कल्पना की थी और जिसके लिए उन्होंने संघर्ष किया था। नेताजी सुभाषचंद्र बोस के शब्दों में राष्ट्रीयता मानव जाति के उच्चतम आदर्शों, सत्यम, शिवम्, सुंदरम से प्रेरित होती है। आइए, देश के सुंदर भविष्य के लिए इन आदर्शों को अपनाएं।

*m25

***SHRI RAM MOHAN NAIDU KINJARAPU(SRIKAKULAM):** It is with great pride and honor that I express my views on the Motion of Thanks to the President's Address to the Joint sitting of Parliament. In this period of global economic turmoil, if there is one market which has withheld its fortress, then it is India. People all around the world are in awe of the performance of the government under the leadership of Shri Narendra Modi Ji. It is on this high note that I would like to focus on some of the areas that the President covered in his speech.

The macroeconomic situation of this country is in an excellent shape. Credit must be given to the government where it is due. It is a truly remarkable achievement to get the fiscal deficit under control. To top this of, the country also had the highest foreign exchange reserves in the previous year. In spite of the efforts of the government to simplify tax laws in India and to introduce the globally acclaimed GST system, it is regrettable that the non-cooperation of the opposition has ensured that the Bill is not passed to this date. One of the main problems that India today faces is the problem of bad loans. This is stressing out the banks and the lending has been affected as a result, which is having an impact on growth. The Indradhanush scheme to revitalize the public sector banks is a path breaking scheme as it will ensure that the credit flow in the economy kick starts again.

Even in 21st century, it is regrettable that a sizeable number of people are still in poverty. Poverty eradication has been the focus of all the previous governments but little visible progress has been made on that front. It is here that I would like to commend the achievements of the present administration. The Pradhan Mantri Jan Dhan Yojana has ensured that the nonexistent habit of savings is now enshrined in each and every Indian's mind. One reason why every Indian wants a government job is because of job security; another primary reason is also that is ensures you get money even after retirement to help you sustain. The Pradhan Mantri Suraksha Bima Yojana, (ii) Pradhan Mantri Jeevan Jyoti Bima Yojana, and (iii) Atal Pension Yojana pension schemes launched by the government has ensured that this benefit is now accessible for the entire population. I am sure that these concrete efforts of the government will bear fruit in helping pulling millions of Indians out of poverty.

I represent people who mainly depend on farming and fishing for a livelihood. It is heartening to see that the government has taken the concern of the farming sector seriously. The Pradhan Mantri Fasal Bima Yojana is groundbreaking. The availability of a crop insurance scheme will prevent thousands of farmers from falling into the prey of loan sharks and will also prevent them from committing suicides. The efforts taken by this government to infuse technology in the farming sector by means of setting up an eMarket for the produce will ensure that the farmers will get direct access to the buyers and thereby get a fair price. I have no doubt that the upliftment of the farmers is absolutely necessary if we want to progress together as a nation. Our stomachs can be content but our hearts can never be content even if one farmer of this great nation is in distress.

A large chunk of my constituency is rural. It is therefore important for me and the people that I represent that the government focuses on the development of these rural areas. It is here that I feel the government has not let down the ambitions of the people. The Pradhan Mantri Gram Sadak Yojana has ensured that every corner in this country is accessible. It is important to provide road connectivity to people because the roads don't just make travelling easy, the roads also bring with it industries, markets and subsequently development. I am happy to see that the government has reaffirmed its commitment to connect every hook and corner of this country, and doing this is the greatest tribute we can give to our former Prime Minister Shri Atal Bihari Vajpayee.

The next important issue that I would like to focus on is something that I can relate to personally. 21st century India belongs to the youth. India has the highest demographic dividend in the world and we have to play it to our advantage. The youth of India do not want to seek employment anymore. They are employment providers. The startup India campaign launched by our Hon'ble Prime Minister will ensure that the world now turns to India to wait for groundbreaking innovation. The Prime Minister's move has ensured that we can now proudly say move over Silicon Valley and Israel, here comes India. The main problem that the workforce in India face is that they don't possess the necessary skill set required. The Pradhan Mantri Kaushal Vikas Yojana will ensure that the Indian workforce is skilled and is ready to take on the world.

While all of these are remarkable achievements of the government, I still feel there is one area where the government can do better. My home state of Andhra Pradesh is now going through testing times. The unscientific separation of the state has ensured that a once revenue surplus state has become a revenue deficit one. In spite of the difficulties at hand, our Chief Minister Shri Chandra Babu Naidu garu is doing an exemplary job and single handedly transforming the state by bringing in investment. I hoped that the President had given some sort of a roadmap that his government has in mind to ensure the development of Andhra Pradesh. The people of Andhra Pradesh were hopeful that the Hon'ble President would lay out the plan of the government to give Special category status to Andhra Pradesh, or at least give a financial package to backward regions of Andhra Pradesh. Another demand of the state that the Hon'ble President did not clarify is that status of granting of a special railway zone to the state of Andhra Pradesh. Time and again, we are being compared with other states and as a result we are losing out considerably. It is important to understand that we cannot be compared with any other state as our situation is truly unique. I would like to request the government to supply additional funds to the state of Andhra Pradesh to ensure that the aspirations of the people of the state can be fulfilled.

I am confident that the government of India under the leadership of the Hon'ble Prime Minister will ensure that India becomes the focal point of world growth. I am sure the hopes and aspirations of 125 crore Indians will be fulfilled.

*m26

***श्री ए.टी.नाना पाटील (जलगांव)** ः मैं अपनी सहयोगी श्रीमती मीनाक्षी लेखी द्वारा लोकसभा में पेश किए गए राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का समर्थन करता हूँ। जैसा कि सभी जानते हैं महामहिम राष्ट्रपति का संसद के दोनों सदनों के समक्ष अभिभाषण सरकार का पिछले साल में किए गए कार्यों का लेखा-जोखा होता है तथा साथ ही साथ इसमें आगामी साल में किए जाने वाले कार्यों की रूपरेखा का ब्यौरा दिया जाता है।

हमारी सरकार ने चुनाव के समय जनता के समक्ष जितने भी वायदे किए थे, उन सभी को एक-एक कर पूरा किया जा रहा है। हमारी सरकार गरीबों तथा विशेष रूप से गरीबी की रेखा से नीचे रहने वाले लोगों के उत्थान में सतत कार्यरत है। प्रधानमंत्री जी की जन-धन योजना से 21 करोड़ से भी अधिक गरीब जनता का वित्तीय समावेशन संभव हो पाया है। हमारी सरकार की प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और अटल पेंशन योजना निश्चय ही आम जनता को सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने में कामयाब होगी।

हमारी सरकार ने वायदा किया है कि 2022 तक सभी लोगों को अपना घर मुहैया करवा दिया जाएगा। इस दिशा में पहले चरण के रूप में सरकार ने निर्धन परिवारों के लिए 27 राज्यों के 2011 शहरों में 4,25,000 घरों के निर्माण हेतु 24,000 करोड़ रूपयों की धनराशि उपलब्ध करवा दी है। इसी प्रकार, प्रधानमंत्री की "गिव इट अप" योजना के तहत देश के 62 लाख प्रबुद्ध नागरिक अपनी एल.पी.जी. सब्सिडी छोड़ने के लिए आगे आए हैं तथा इसके फलस्वरूप इतने ही निर्धन परिवारों को स्वच्छ इंधन उपलब्ध करवाना संभव हो पाया है।

हमारी सरकार देश के सभी वर्गों के उत्थान के लिए कार्यरत है। अल्पसंख्यक मंत्रालय की ""उस्ताद"" और ""नई मंजिल"" योजनाओं के तहत इस समय मदरसों में पढ़ने वाले 20,000 छात्र विभिन्न क्षेत्रों में स्किल ट्रैनिंग प्राप्त कर रहे हैं, जो उन्हें अपनी जीविका उपार्जन में मदद देगी। इसी प्रकार किसानों के लिए विशेष रूप से कई योजनाएं लागू की हैं। सरकार नई फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री सिंचाई योजना और पूर्वोत्तर क्षेत्रों में द्वितीय हरित क्रांति का आगाज किया गया है। जिससे कुछ ही समय में हमारे किसानों की कायापलट करने में मदद मिलेगी। सरकार ने निश्चय किया है कि 2018 तक देश के सभी गांवों में बिजली मुहैया करवा दी जाएगी तथा सरकार इस दिशा में तेजी से काम कर रही है।

इस अवसर पर मैं अपने जलगांव संसदीय क्षेत्र की निम्नलिखित कतिपय समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान दिलाना चाहूंगा तथा अनुरोध करूंगा कि इन पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर इनके समाधान हेतु यथोचित एवं शीघ्र कार्यवाही की जाएः-

1. केन्द्रीय जल आयोग के पास महाराष्ट्र के जलगांव जिले की तीन सिंचाई परियोजनाएं काफी समय से लंबित हैं। इन पर शीघ्र अनुमोदन दिए जाने तथा उनके कार्यान्वयन हेतु आवश्यक धनराशि जारी करने की आवश्यकता है।

2. महाराष्ट्र के जलगांव में दो-तीन साल पहले नवीकरण कर अत्याधुनिक हवाई अड्डे का निर्माण किया गया है तथा इसके रख-रखाव पर प्रति माह 12 करोड़ रूपए खर्च किए जा रहे हैं। परंतु अब तक यहां से मुंबई व दिल्ली के लिए घरेलू उड़ानें शुरू नहीं की गई हैं जिसके कारण सरकारी पैसा बर्बाद हो रहा है। मेरा अनुरोध है कि यहां से दिल्ली और मुंबई के लिए घरेलू उड़ान और कार्गो सेवाएं शीघ्रातिशीघ्र शुरू की जाएं।

3. महाराष्ट्र के धुलेगांव और चालीसगांव के बीच पड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग 211 का हिस्सा बुरी तरह जर्जर हो गया है तथा आम जनता को परेशानी हो रही है। इसीलिए इस हिस्से की शीघ्रातिशीघ्र मरम्मत किए जाने तथा उसे चौड़ा किए जाने की आवश्यकता है।

4. इसी प्रकार महाराष्ट्र के जलगांव शहर में पड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग 6 का हिस्सा बुरी तरह जर्जर हो गया है तथा आम जनता को परेशानी हो रही है। इसलिए इस हिस्से की शीघ्रातिशीघ्र मरम्मत किए जाने तथा उसे चौड़ा किए जाने की आवश्यकता है।

5. आम जनता की आकांक्षाओं के मद्देनज़र महाराष्ट्र के जलगांव में 100 बिस्तरों वाला एक नेचुरोपैथी अस्पताल स्थापित किया जाना चाहिए।

6. महाराष्ट्र के जलगांव जिले के लगभग 50 वर्ष पुराने गिरना बांध और सिंचाई प्रणाली के जमदा और दहीगांव जय संचय क्षेत्रों में जमा भारी मात्रा में गाद को निकालने, जल संचय की क्षमता बढ़ाने और तटबंधों के निर्माण हेतु केंद्रीय जल आयोग के पास एक प्रस्ताव काफी समय से लंबित है, जिस पर शीघ्र अनुमोदन दिए जाने तथा उसके कार्यान्वयन हेतु आवश्यक धनराशि निर्गत किए जाने की आवश्यकता है।

7. महाराष्ट्र के जलगांव जिले में गिरना नदी को चेनलों के माध्यम से बोरी, अंजनि, टिटूर और महाश्वा सहायक नदियों से जोड़ने हेतु केंद्रीय जल आयोग के पास एक रीवर लिंकिंग परियोजना प्रस्ताव काफी समय से लंबित है, जिस पर शीघ्र अनुमोदन दिए जाने तथा उसके कार्यान्वयन हेतु आवश्यक धनराशि निर्गत किए जाने की आवश्यकता है।

8. महाराष्ट्र के जलगांव जिले में स्थानीय लोगों की जरूरतों को पूरा करने के लिए एक सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विकास संस्थान स्थापित किए जाने की आवश्यकता है।

9. महाराष्ट्र के जलगांव में केला, आम और संतरा प्रजाति के फलों के काफी बड़ी मात्रा में उत्पादन होता है। इनके प्रसंस्करण हेतु लघु उद्यमियों को प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए एक खाद्य प्रसंस्करण प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किए जाने की आवश्यकता है।

10. महाराष्ट्र के जलगांव जिले में खादी और ग्रामोद्योग संस्थान का एक स्थानीय कार्यालय स्थापित किए जाने की आवश्यकता है।

11. महाराष्ट्र के जलगांव जिले में लगभग 200 कताई मिलें हैं। इन मिलों को सभी आवश्यक सुविधाओं की एक स्थान पर उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु एक कताई मिल क्लस्टर स्थापित किए जाने की आवश्यकता है।

इन शब्दों के साथ मैं अपनी सरकार द्वारा पिछले साल के दौरान किए गए महत्वपूर्ण कार्यों के लिए बधाई देता हूँ तथा अपनी सहयोगी श्रीमती मीनाक्षी लेखी द्वारा पेश किए गए धन्यवाद प्रस्ताव का समर्थन करता हूँ।

*m27

***DR. HEENA VIJAYKUMAR GAVIT (NANDURBAR):** I would like to mention some issues which we have to give special emphasis.

Elaborating on the focus of the Government 'development for all' beyond just the economic advancements that dominate headlines, the country must ensure that the poor and deprived were truly empowered to take advantage of opportunities to improve their lives.

The Government is focused on poverty eradication, farmer's prosperity and massive employment generation. The overriding goal for my government is poverty eradication, he said adding the poorest of the poor were entitled to the first charge on the nation's resources.

Under the ambitious Pradhan Mantri Jan Dhan Yojana, he was proud to say that is was the world's most successful financial inclusion programme. Under the programme, out of over 21 crore accounts opened, 15 crore accounts are operational with an aggregate deposit of over Rs.32,000 crore. The programme has gone beyond mere opening of bank accounts to becoming a platform for poverty eradication by offering basic financial services and security to the poor.

To universalize social security, the government has launched three new insurance and pension schemes which afford insurance to hitherto uncovered sections of society.

Targeted subsidies ensure that benefits reach the deserving. Direct Benefit Transfer (DBT) has so far been extended to 42 schemes funded by the government.

PAHAL has become the largest direct cash transfer programme of its kind in the world, with nearly 15 crore beneficiaries. Since June 2014, the food security coverage has more than doubled to cover over 68 crore persons.

The 'Give-It -Up' campaign in tandem with the Give-Back programmes has released subsidized fresh connections to 50 lakh below-poverty-line families.

More than 62 lakh LPG consumers have voluntarily surrendered their LPG subsidy under the campaign. The highest number of new cooking gas connections to the rural poor were distributed in 2015.

The President said the Government has fostered competitive cooperation among various states to enhance' Ease of Doing Business'. State governments were being encouraged and supported to simplify procedures, introduce e-enabled processes and invest in infrastructure to improve investment climate.

A series of reforms have been initiated to help convert job seekers into job creators. My government has launched the Start-Up India campaign which would deepen, expand and support the innovation, eco system in the country.

By March 2019, under the Pradhan Mantri Gram Sadak Yojana, 1.78 lakh habitations will be connected with all-weather roads.

India is a haven of stability in an increasingly turbulent global economy. GDP growth has increased, making India the world's fastest growing economy among large economics. Inflation, fiscal deficit and current account deficit have all decreased. India recorded the highest -ever foreign exchange reserves in 2015.

*m28

श्री मोहम्मद सलीम (रायगंज) : सभापति महोदय, सबसे पहले तो मैं आपका धन्यवाद करता हूँ कि काफी इंतजार करने के बाद हमें यह मौका मिला है। कुछ व्यवधान भी हुए। राष्ट्रपति महोदय ने

There are some serious instances which really hurt the citizens of India. But such shocking instances and developments are not even touched by the President in his elaborate speech. Higher educational institutions are under serious attacks. Since the new Government came to power, they are promoting communalization and communal polarization in various parts of life. Many Campus of the highly prestigious Universities have become the places where this type of campaign are going on.

Suicide of Dalit student in Hyderabad University is one of the recent tragic instances that we witnessed. He was a PhD first year student with dreams and ambitions. He committed suicide just because of high pressure that he faced in the university itself. The university Chancellor suspended five Dalit Students and it was due to the direct interfere of HRD Minister. In the last one year about 12 students have committed suicide. The Dalit students were denied and rejected all facilities and conveniences and even denied the right to express their views. The suicide of Rohit is the outcome of atrocities from the University itself. So it was a really an institutional killing.

The extra ordinary action has been taken by the govt. in JNU. In Delhi in the name of anti-national slogans, cases are registered against some students and first year PhD student, Kannayya Kumar was arrested as he is the student leader of the JNU. Charges were framed against him and he was arrested on the basis of promoting anti national activity. The sedition section was imposed on him. When he was produced before Patiala Court he was beaten by a section of the advocates in the presence of the Police. Teachers and students who came to the court were also beaten. And he was kicked and beaten again by the police second time when he appeared in the court. Media Persons were also seriously beaten. This is really an attack on the freedom of the press.

When some political leaders visited JNU, they were also attacked. Congress senior leader Anand Sharma was beaten. Rahul Gandhi narrowly escaped from their attack. CPI(M) central committee office was attacked. CPI(M) General secretary was threatened by telephone. CPI leader D.Raja was also threatened. The Delhi police has become the instrument of Government to frame false cases against students and teachers. Even bail was denied to the students just because of unbailable sections. High court has criticized the Delhi Police since there is no evidence against the students and also questioned why he was arrested.

Thousands of students were in street in Delhi. Majority of the political parties have come forward to support this agitation. HRD minister has taken a very negative stand even misleading the house. What we need is the immediate interference of Hon'ble president of India to protect the communal harmony of the Country. The educational and cultural field should not be communalized.

So, Hon'ble President should consider the extraordinary developments in the nation at present. With this words I conclude.

*m36

SHRIMATI SUPRIYA SULE (BARAMATI): Hon. Chairperson, I would like to speak on behalf of my party on the Motion of Thanks on the Address of the President of India to the Parliament. Today, if you read any newspaper or magazine nationally or internationally, India is going through very mixed bag times. *Kabhi khushi kabhi gham*- that is what I would really like to call it. I am glad that the hon. Minister of State for Finance is here. But I feel all the talk about wonderful growth of 7.4 or 7.6 per cent. This is only on the top that you see these wonderful numbers. I quote him; please correct me if I am wrong. He said, 'the Budget is about Bharat as well as it is about India.'

It is very complimentary and encouraging that in the Budget the Government has gone back to so many of UPAs programmes. So, I would like to compliment the Government on the Budget that *der aaye durust aaye* but they are finally on the right track. Be it MGNREGA, be it Ministry of Agriculture put on priority, I am really grateful to them that after talking so much about Digital India and so much about everything that was so westernized, they have come back to their roots finally.

The only thing that worries me is that while everything is good, India is shining, it is all looking wonderful and beautiful and it is all glossy, even today after being in power for fourteen to eighteen months, there is negative growth. The sales are still down and manufacturing firms are still down by 11 per cent. The stock market which has been quite low has shown improvement in the last two days. I do appreciate that almost in seven years, it has gone up so high in last two days. But that cannot be an indicator that all is still well.

The rupee is still committed at 40; still struggling between 68 and 70 – if I am right today it was at 70 – but there is acute distress.

Definitely today job creation and wealth creation for the poor still seems to be a long distance dream and a challenge. This is all what gives me pain.

It is not that I have got great experience in Parliament but in the last nine years I have been here this is the first time Session after Session we talk about modernising India but every time we have to have a debate on social issues, on intolerance in the country. That is what really worries me.

When you have got such a big mandate that you have, you just deliver superior results. I think, there are many people in the Government who are management experts. I am not a management expert. I do not need to tell you but I am sure with this kind of a mandate that you have I cannot believe that you cannot push agendas which are big ticket agendas. I think, it is definitely disappointing, not just because I am sitting on this side of the fence. All of us meet the common man in our constituency. The reality back home in our constituency is way different than what it really seems as in the debate and the replies that all our hon. Ministers give here.

I am glad that the Minister has replied to me about maximum governance and minimum government being here. It is a very good reply. He complimented; he made a lot of effort for differently-abled people, and he talked about women getting more help during their pregnancy. I just want to ask him one question if he could kindly reply. I really feel the concern as an Indian first because I am an Indian first and then I am a Member of Parliament. Today, what happened in my own State? In my own State, a policeman who is a sub-inspector in a district called Latur was pulled out on Shiv Jayanthi, he was stripped, 50 hooligans from probably from all parties – we are not hiding away from anything – was given an orange flag and he had to say, 'Jai Hind', which he anyway says. Just because he was a Muslim, is it the right thing to do? I really want to know what kind of governance this is.

The same thing happened to a woman. They keep talking about women's issues. I am glad he was talking about three months or six months of leave during pregnancy and child birth. I am very happy about that. But how are you going to save that police officer who was just doing her duty in Mumbai by stopping a member of their allied party? She was doing her duty. All she was telling him was, 'Do not drive and talk on the phone'. When she stopped his car, that man stopped the car and bashed that woman up black and blue. How are you going to defend this? What is this Government thinking is my concern. What are they talking about?

Talking about Haryana, it is unfortunate that the Sonepat MP Shri Ramesh Kaushik is not here. He is also from the BJP. What happened to him? He is only 40 or 50 kilometres away. I do not know if Shri Dushyant Chautala is here. He was telling me that his house was burning. Are you trying to tell me that the police could not control Haryana? Delhi is a stone's throw away from where Sonepat is. They could not control the rioting that was going on. I am not talking about gang-rapes. I am not sure of the documents. I never talk in Parliament anything unless I have really done my homework. I think it is a very solemn space. Making allegations are very easy and immature. I do not think that is what Indian Parliament is all about.

Today's newspapers and channels have talked about what happened in JNU. What has happened has left a bad taste in everybody's mouth. A lot has been said. I know this is not the subject for it but I would definitely like to know if these tapes are doctored, who doctored them. You want to find out about everything that everybody is doing. Why does this Government not stand up and find out how these tapes were doctored? There is a story in the newspapers today which is making some really ridiculous and really harsh allegations. I think you owe us an explanation.

Prof. Saugata Roy is here. He has asked about a privilege motion against the Minister of HRD. I do not know why the HRD *Mantralaya*, such a big

Mantralaya, which gives future direction to this nation is today embroiled in all kinds of issues. Is it really the HRD *Mantralaya's* job to be in the kind of black? It is really a shame that that Department is going through such a bad time. What was the Minister talking? Is this the kind of language any Minister should use? Prof. Saugata Roy is trying to raise it for the last two days but his voice is not being heard.

The Minister is saying and even the Member of Parliament is saying. I would not get into what the MLA has said because he is not here to defend and I belong to slightly old school of thought. I do not want to make allegations against somebody who is not present here to defend herself or himself. But, I think at least what the hon. Minister has said – I do not know why I am calling him honourable – what action this Government want to take against him? It is a fact. How can you be honourable if you are talking about killing other people? Are these the values that they have? Is this their religion and values that they keep talking about? The religion and the values that I have been taught has nothing to do with this. So, they really need to introspect as to what they are going to do in India.

Rohith's case is such a sad story. There are many mothers here. Did anybody bother to ask that mother what she has gone through, what her family is going through today? For us it is a debate. The minute the debate is over, life moves on for us. But what is happening back there and the repercussions it has on society? Today, you go anywhere in Maharashtra, you go to Aurangabad, I just saw on a channel about hundreds of children feeling so disturbed. Is this the India that you want to give to the children of today? Is this what Digital India is about? Is this what Make in India is about?

They had such a big show of Make in India. Hundreds of crores were spent on it in Maharashtra. We are happy about it. Make in India is not being implemented first time. I come from a State which is very liberal and has been one of the most progressive States in this country. All the investments first came to Maharashtra. I am glad now other States are also catching up. Let there be a nice, competitive and healthy environment for everybody. What about Make in India? They are going by reports. The real original Make in India is not about the gadget, it is about the farmer. Is he getting everything right, Sir? I even want to ask the hon. Ministers who are present here. You talk about Make in India. We are willing to support but you want to do everything based on international reports.

They are talking of ease of doing business. Foreigners are telling us what it is. Have they ever asked an Indian businessman how easy it is to do a business? Our people are doing business. Are they finding it that easy? In the circles of Mumbai or Maharashtra, today privately every industrialist is struggling with some or the other issue. The poor guys may be scared of getting raided so, they may not want to say it publicly. Once or twice, one or two senior people who run banks in India said something against the Government and after two-three days there were repercussions. I am sure it is not a vindictive Government. If they have made a mistake in the past they probably will not repeat it again.

But, at the same time, in Make in India what is really happening? Are there enough reforms? Make in India is not going to depend on the policies here. All the States have to do it. What reforms, what hand holding you are doing with all the States is what I want to know.

My earlier speaker spoke about smart cities. We welcome it. Out of the top 12 smart cities that are picked up three are run by NCP; Navi Mumbai, Pune and Pimpri-Chindwad. All three are run by my colleagues and run exceptionally well. The implementation of the mission at the city level will be done by a SPV, which is fine for us but you have no access to information. Who is going to run it? Smart city means, all of Pune or all of Navi Mumbai is not going to be smart. Small section of Pune will be taken up. So, one small part of the city will be good and the cost of living will go up. Who is going to run it? Is there going to be a separate agency? What does the Municipal Commissioner going to do? All this clarity has to come.

There has been a lot of talk about farmers. Yesterday, even in the Budget the Minister extensively talked about agriculture. I am very happy about it. I just want to have three answers when they talk about farmers' suicide. I should not say this, but a lot of BJP leaders, when we were in Government in Maharashtra, used to say '302 कलम लगाएंगे तुम्हारी सरकार पर, जब सुसाइड्स होंगे।' I want to ask the Maharashtra Government and this Government today that आज मैं किस पर 302 लगाऊँ , आज जितने सुसाइड्स हो रहे हैं, I agree with Venkaiah Ji. He has shown a great leadership. I have high regards for him. He said that let us not make farmers' suicide an issue between you versus them. I am happy to do that. We are happy to walk an extra mile to find out a solution together with you to stop farmers' suicides but then what you say politically applies to you also. This is what I want to clarify.

They have made three road paths. Yes, we want to help the agriculture of India. We are very happy about it. What is the path? Do you have water? Is India free of monsoon? The answer is 'No'. We need new technology. What are you doing about technology? We all know their vision about biotechnology. They do not want to do any research. If you go back to organic farming, which is welcome, it is expensive and also does not give the kind of productivity we need.

You will not do research in agriculture. You will not allow trial. I do not know what you are doing in water. I will not repeat what Khargeji had said about MSP. Khargeji has told us in detail what MSP situation is. So, if you do not do these three things, how are you going to change it in five years? It will be 2050 and nothing is going to change.

My humble request to this Government is that please introspect. There are a lot of wise minds on this side also. We have worked in administration. Please take some of their suggestions, get your house in order, and make sure your MPs and Ministers do not talk irresponsibly. It is because they are inexperienced outside. If you have inexperienced people, give jobs to experienced people. Be respectful towards the country and society and be respectful to your peers also because I see a lot of MPs are very disrespectful. So please beware. We are also

equal. Maybe, we are sitting here but life is a full circle. कभी आप वहां होंगे। हम भी वहां बैठ चुके हैं और बहुत साल बैठे हैं तो ऐसा कुछ नहीं है कि वहां नींद ज्यादा आती है और इधर कम आती है। एक्चुअली जब लाल बत्ती सिर पर आती है तो जिम्मेदारी ज्यादा होती है और नींद कम आती है। So better think about all this. I wish you good luck and I am grateful to the President of India for giving us these guidelines but I hope you would really make a difference to make a better India which is in our dreams.

*m37

SHRI RAHUL GANDHI (AMETHI): Thank you Mr. Chairman, Sir, for letting me speak on the President's Address.

कल मैं अरुण जेटली जी का भाषण सुन रहा था और हम यहां बैठे हुए थे, और बीच में मैं ऐसे हिला...(व्यवधान) परसों, गलती कर दी, सही बात है। परसों मैं उनका भाषण सुन रहा था और मैं ऐसे हिला। उन्होंने एक नई योजना एनाउंस की - फेयर एंड लवली योजना। इस योजना में हिन्दुस्तान का कोई भी चोर अपने काले धन को सफेद कर सकता है। कहीं से भी उसने चोरी की हो, कहीं से भी उसने भ्रष्टाचार से उसने पैसा बनाया हो, कितना भी उसकी ब्लैक मनी हो, अरुण जेटली जी ने यहां खुले हाउस में कहा कि भैया, मोदी जी की फेयर एंड लवली योजना आई है।...(व्यवधान) अरे बोलने दो भाई।...(व्यवधान) मोदी जी की फेयर एंड लवली योजना आई है, काले पैसे को आप गोरा कर सकते हो। वर्ष 2014 में मोदी जी ने भाषण दिया था - मैं काले धन को खत्म कर दूंगा। मैं काले धन की लड़ाई जीतूंगा, जिसने भी काला धन कमाया है, उसको मैं जेल के अंदर डालूंगा। फेयर एंड लवली योजना में भय्या किसी को जेल नहीं भिलेगी, कोई अरेस्ट नहीं होगा। किसी से पूछा नहीं जाएगा। अरुण जेटली जी के पास जाइए, टैक्स दीजिए और अपने पैसे को सफेद कर लीजिए। क्या वायदा किया नरेन्द्र मोदी जी ने?...(व्यवधान) जानता हूं। मोदी जी ने कहा था कि इकोनॉमी बिल्कुल डाउन जा रही है। इलेक्शन में कहा था कि दाल 70 रुपये की हो गयी है। मैं आउंगा तो दाम कम होगा। जो महिलाएं हैं, हमारी माताएं हैं, बहनें हैं, उनके ऊपर जो कष्ट है, उसे मैं कम करूंगा। मोदी जी आए, दाल आज मार्केट में 200 रुपये प्रति किलोग्राम मिलती है।...(व्यवधान) अच्छा हमारे समय में...(व्यवधान) आ गए, नमस्कार। ...(व्यवधान) आपने सुना नहीं, फेयर एंड लवली योजना के बारे में मैंने बोला, पूछ लेना आप इनसे। ...(व्यवधान) पहले पेट्रोल 130 डालर प्रति बैरल हुआ करता था। पहले पेट्रोल 130 डालर प्रति बैरल था, आज 35 रुपए प्रति, सॉरी 35 डालर बैरल हो गया है।...(व्यवधान) भइया मैं आर.एस.एस. का नहीं हैं, मैं गलतियां करता हूं। मैं आपका नहीं हूं, मैं सब कुछ जानता नहीं हूं, सब कुछ समझता नहीं हूं। मैं जनता से सुनता हूं, उनकी बात समझने की कोशिश करता हूं, फिर इस सदन में बोलता हूं। आज पेट्रोल 35 डालर प्रति बैरल पर आ गया है, जो पहले 130 डालर प्रति बैरल था। मगर उस पैसे का एक रुपया भी जनता को नहीं मिला। महिलाओं को नहीं मिला, माताओं और बहनों को नहीं मिला, बड़े-बड़े उद्योगपतियों को दिया जा रहा है। मगर उनके जो कष्ट हैं, उनकी जो समस्याएं हैं, उन्हें कम नहीं किया जा रहा।

अच्छा, प्रधान मंत्री जी ने वादा किया था रोजगार देने का कि हर साल हिन्दुस्तान के दो करोड़ जॉब्स हिन्दुस्तान के युवाओं को देंगे। 'मेक इन इंडिया' का बब्बर शेर तैयार किया। काले रंग का बब्बर शेर, उसके अंदर देखो तो घड़ी जैसा वह चलता है। जहां देखो, इंटरनेट में बब्बर शेर, टी.वी. में देखो तो बब्बर शेर, मोदी जी का भाषण सुनो बब्बर शेर। स्टेज जल जाता है बब्बर शेर। हम आपसे पूछ रहे हैं कि बब्बर शेर दिखा दिया, हमें बताएं कि हिन्दुस्तान के कितने युवाओं को आपने रोजगार दिया?

कितने रोजगार दिये, भाषण के लिए मैं आंकड़े ढूंढ़ रहा था, सिंधिया जी से मैंने पूछा कि कहीं आपको मालूम है कि हिन्दुस्तान में कितने लोगों को एक साल में रोजगार मिला। किसी को नहीं मालूम, आंकड़ा किसी को नहीं मालूम। मैं मोदी जी से पूछना चाहता हूं कि आज जब आपका भाषण होगा, हिन्दुस्तान को बताएं कि पिछले साल में आपने कितने लोगों को रोजगार दिया? मैं जाता हूं, भाषण करता हूं और लोगों से पूछता हूं कि रोजगार मिला, मोदी जी ने रोजगार दिया तो सब के सब ऐसे जवाब देते हैं कि नहीं, किसी ने नहीं दिया।

प्रधान मंत्री जी यहां खड़े होते हैं कहते हैं कि मनरेगा जैसी बेकार योजना मैंने कभी नहीं देखी।...(व्यवधान) मनरेगा योजना, महात्मा गांधी योजना हैं, सावरकर योजना नहीं । उनके लिए आप बनाएं योजना। ...(व्यवधान) अच्छा बोलने दो। मोदी जी खड़े होते हैं और कहते हैं कि बेकार योजना है, ऐसी योजना मैंने कभी नहीं देखी, हिन्दुस्तान को बर्बाद कर दिया इन लोगों ने। मैं इसे इसलिए नहीं हटाऊंगा क्योंकि पूरे देश को मालूम होना चाहिए कि यू.पी.ए. ने क्या गलतियां कीं। कल मैंने आंख बंद की और मैं सोच रहा था कि विदम्बरम् जी हैं, मनरेगा की बात चल रही है, मनरेगा में हम पैसा डालेंगे, मनरेगा को हम ऐसे करेंगे, मनरेगा को हम वैसे करेंगे। अरुण जेटली जी मेरे पास आते हैं और कहते हैं कि मनरेगा से अच्छी स्कीम नहीं थी। मैंने उनसे कहा कि भइया आप अपने बॉस को क्यों नहीं कहते, हमें क्यों कह रहे हैं, बाहर जाकर कहो। हिन्दुस्तान के प्रधान मंत्री से क्यों नहीं कहते। उन्होंने एक शब्द नहीं बोला, वह चुप हो गए ऐसे। खैर, थोड़ा सा डर लगता है, बड़े पावरफुल आदमी हैं नरेन्द्र मोदी जी...(व्यवधान) बड़े पावरफुल हैं, अच्छी बात बोली। मैं जानता हूं आप लोग भी डरते हैं, लेकिन आपको थोड़ा बोलना चाहिए उनके सामने। थोड़ा सा आपको भी बोलना चाहिए।

अब क्या हुआ, वादों का जाल बिछाया मोदी जी ने, मैं यह करूंगा, वह करूंगा, और फिर सवाल उठने लगे। पहला सवाल रोहित वेमुला ने पूछा कि मेरी क्या गलती है? मैं दलित हूं इसलिए मुझे क्यों मारा जा रहा है, मुझे क्यों कुचला जा रहा है, मुझे क्यों दबाया जा रहा है? यही सवाल पूछा उसने कि क्या मेरे लिए हिन्दुस्तान में भविष्य नहीं होना चाहिए?...(व्यवधान) सभापति जी, सॉरी। मेरी माता जी गरीब हैं। क्या मेरे लिए भविष्य नहीं होना चाहिए? और आप लोग क्या करते हैं? हिन्दुस्तान की सरकार की शक्ति उसके कंधों पर ऐसे दबा देते है...(व्यवधान)नहीं-नहीं, हमने नहीं दबाया है...(व्यवधान) अभी मैं बोलता हूँ आप सुनिए, उसको आपने दबाया और बेचारे ने आत्महत्या कर ली। आपके मंत्री कहते हैं कि भई वह दलित नहीं था। वह दलित था या नहीं था, सवाल यह नहीं है। सवाल यह है कि हिन्दुस्तान के एक युवा की जिंदगी को ऐसे खत्म क्यों किया गया? सवाल यही है। नरेन्द्र मोदी जी ने न उसकी मां को फोन लगाया, न उसके बारे में बोला, एक शब्द नहीं उठाया...(व्यवधान) फिर जेएनयू में कन्हैया खड़ा होता है। बीस मिनट का भाषण देता है। मैंने भाषण सुना है। बीस मिनट में उसने हिन्दुस्तान के खिलाफ एक शब्द नहीं कहा। एक शब्द नहीं कहा और उसको आप अरेस्ट करते हो। अगर जेएनयू में किसी ने कुछ गलत कहा, अगर कानून के खिलाफ किसी ने एक शब्द कहा तो आप उसको अरेस्ट करो, उस पर कार्रवाई करो। मगर उनको आपने खुला छोड़ रखा है, उनको आप बंद नहीं करते हो और जेएनयू पर सवाल उठाते हो...(व्यवधान) जेएनयू क्या हैं? जेएनयू के 60 प्रतिशत स्टूडेंट दलित, ओबीसी, पिछड़ा वर्ग और माइनॉरिटी से आते हैं...(व्यवधान) वही, एक ही बात होती है। देखो भइया आपके बीच में और हमारे बीच में एक बात आप समझ लीजिए। आप लोग सब कुछ जानते हैं और आप लोग कभी जिंदगी में गलती नहीं करते हैं। हम लोग गलती करते हैं। हम लोगों की सुनते हैं, हम सब कुछ जानते नहीं हैं, हम सीखते हैं। यह फर्क है, हम में और आप में। एक तरफ गांधी और दूसरी तरफ सावरकर...(व्यवधान) एक अहिंसा का प्रयोग करता है और ... *...(व्यवधान)

डॉ. किरीट सोमैया (मुम्बई उत्तर पूर्व) : सावरकर का अपमान करने के लिए आपको माफी मांगनी पड़ेगी...(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: I will go through the record. I will look into it.

...(*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: Let the hon. Member continue his speech. Please sit down.

...(*Interruptions*)

श्री राहुल गांधी : महोदय, मैं बात को समझा नहीं। अच्छा बोलने दीजिए...(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: Hon. Members, please take your seats. I will go through the record and see. Please be seated. Let the hon. Member speak.

...(*Interruptions*)

डॉ. किरीट सोमैया: महोदय, सावरकर हिन्दुस्तान की नसों में बसते थे। उनका नाम लेकर बार-बार अपमान किया जा रहा है...(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: Nothing will go on record except the speech of Shri Rahul Gandhi.

...(*Interruptions*)â€¦ *

HON. CHAIRPERSON: I will go through the record and then take a decision. Please allow the hon. Member to speak.

...(*Interruptions*)

श्री राहुल गांधी: महोदय, मैं एक बात को समझा नहीं हूं कि मैंने सिर्फ एक बात कही है कि गांधी हमारे हैं, सावरकर आपके, क्या मैंने इसमें कोई गलत बात कही है?...(व्यवधान) क्या सावरकर

आपके नहीं हैं?...(व्यवधान) क्या आपने उनको उठाकर फेंक दिया?...(व्यवधान) क्या सावरकर को आपने फेंक दिया?...(व्यवधान) क्या सावरकर को आपने उठाकर फेंक दिया?...(व्यवधान) अरे जवाब दीजिए, सावरकर को आपने फेंक दिया क्या?...(व्यवधान) उठाकर फेंक दिया, बाहर कर दिया...(व्यवधान) चूंकि अगर आपने किया तो बहुत अच्छा किया...(व्यवधान) अब आप मुझे बोलने दीजिए। ...(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: Shri Rahul Gandhi, please address the Chair.

श्री राहुल गांधी: जेएनयू के चालीस प्रतिशत स्टूडेन्ट्स के माता-पिता की आमदनी छः हजार रुपये महीने से कम है। आप जेएनयू और रोहित वेमुला के पीछे क्यों पड़े हैं, मैं आपको बताना चाहता हूं, क्योंकि वे गरीब हैं, क्योंकि वे कमजोर हैं, क्योंकि वे दलित हैं, क्योंकि वे आदिवासी हैं और आप चाहते हो कि हिंदुस्तान में गरीब वर्ग और आदिवासी वर्ग आगे न बढ़े, बल्कि पीछे का पीछे रहे और हम यह नहीं होने देंगे। ...(व्यवधान) आप न जेएनयू को कुचल पाओगे और न ही इस देश के गरीब लोगों को...(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: Hon. Members, please do not disturb the Member while he is speaking. If you want to say anything, you can say that while your turn comes.

SHRI RAHUL GANDHI: Thank you, Chairman, Sir.

आखिरी बात, अब मैं थोड़ा अपने धर्म के बारे में भी बोलना चाहता हूं। हमारे धर्म में कहां लिखा है कि अध्यापकों और शिक्षकों की पिटाई की जानी चाहिए। आप मुझे दिखाइये, कौन सी किताब में लिखा है कि कोर्ट में जेएनयू के अध्यापकों, टीचर्स और स्टूडेन्ट्स को मीडिया के सामने पीटा जाना चाहिए, वहां मीडिया को भी मारा गया ...(व्यवधान) मैं प्रधान मंत्री जी से सवाल पूछना चाहता हूं कि जब मीडिया को मारा गया, जब अध्यापकों को मारा गया, जब स्टूडेन्ट्स को मारा गया तो आपने एक शब्द भी क्यों नहीं कहा?...(व्यवधान)

I would like to speak a little bit in English for my friends in the South. अगर आप चाहते हैं, अगर आप खुश नहीं है तो इसे बाद में मैं हिंदी में फिर से आपके लिए कह दूंगा। ...(व्यवधान)

A nation is the relationship between its people. It is nothing but the conversation between its citizens. Destroy the relationships, stop the conversation and the nation dies.

मैंने अच्छी बात बोली, आपको अच्छी लगी तो आप ऐसे थोड़ा हाथ मेज पर मार दीजिए, थोड़ा सा मार दीजिए, एक बार मार दीजिए, आपको क्यों कष्ट हो रहा है, अगर अच्छी लगी तो मार दीजिए।

Speaker Madam, sorry Chairman, Sir, when I salute the flag, I am not saluting the cloth. I am saluting the relationships that the flag represents – a Muslim man who joins his Hindu brothers to play Holi; or a Hindu man who embraces his Muslim brothers on Eid; a Christian woman who bows her head when she walks past a Gurudwara; a jat farmer who embraces a dalit labourer in Haryana; a Punjabi student who protects his brother hailing from the North-East; the relationship between Rohith and his fellow students; the relationship between all of us on this side of the aisle and those of you friends sitting across it. When I protect the flag, I protect the conversations on which those relationships are built.

17.00 hours

I protect every single voice and I pay special attention to the weakest, those voices that are most difficult to hear, that nobody can hear. Respecting the flag means respecting the opinion of every Indian. When I went to JNU, your ABVP workers waved black flags in my face. They taunted me and they abused me to my face. I felt no anger. In fact, I felt proud that I still live in a country, in India where it is possible to be confronted by people who held a different opinion than my own. I don't agree with their views; I protected our Indian flag when I led your people, when they waved those black flags in my face. I protected the Indian flag when I allowed them to taunt me. You cannot defend the Indian flag by destroying the relationships between our people. You are not defending the flag when you frighten your own people into silence. Whose opinion does the Prime Minister listen to? Whose opinion does he respect? Does he respect your opinion? Does he respect the opinion of his Ministers? You were in silence. I understand and I understand the feeling within you and I want to bring that out; I want you to make him listen. But anyway, that will happen slowly.

You have been taught by your teachers in the RSS that there is only one truth in the Universe - your own - that nobody else's opinion matters in the entire Universe. This is all you have shown us in the last two years. The Prime Minister cannot run the country on only his opinion. The country is not the Prime Minister. The Prime Minister is not the country. One day, the Prime Minister called all the senior Opposition Leaders and told them that he had achieved what the Congress Party could not achieve in 40 years. He told the Congress President that he had solved the Nagaland problem and he had signed the historic accord. Congress President panicked. She panicked and called me up. She said: Rahul, What have they signed?" Our Chief Ministers have not mentioned anything. She asked us to check with our Chief Ministers. We called them up. We asked them. Have you heard about the Naga Accord? As my esteemed colleagues know, the Naga Accord has huge ramifications for the States of Arunachal, Assam and Manipur. Massive tracts of land in these States are involved. We called them. They have not heard a word about the Accord. What had the Government signed? ...(*Interruptions*) I am coming to that my friends.

They asked us what had the Government signed? According to the media, even the officials in the Home Ministry and the Intelligence Bureau had no idea. Even the Home Minister had no idea. Fascinating! I am asking a straight forward question. Did the Home Minister know about the Accord? Did the Nagaland Chief Minister know about the Accord? Did you tell our Chief Ministers about the Accord? And the most important question is, where has this Accord gone now? It has vanished into thin air, it has gone, gone with the wind, bye bye accord! Is it not an insult to every citizen of those States? Is it not an insult to the institutions and professionals in the Home Ministry and the Intelligence Bureau? Is it not an insult to the Indian Flag?

Sir, Pakistan directly attacked this country in Mumbai on 26/11. They trained and sent killers, murderers into the heart of Mumbai and almost 200 people were murdered and butchered by those people. â€¦ (*Interruptions*) I am coming to that my friends. The operation to stop the terrorists was on. Our soldiers and citizens were dying. The Government of India begged the Chief Minister of Gujarat not to go to Mumbai. The then Chief Minister of Gujarat decided to go to Mumbai. Did he care? No; he went right ahead to Mumbai, to the Oberai Hotel itself and disturbed the entire operation. He grabbed his headlines while our people died. But let us forget that.

Mumbai attack was a horrible, terrible blow to this country. It was a blow to every single Indian. The UPA Government worked tirelessly to trap Pakistan. We isolated them internationally. We spent thousands and thousands of hours of diplomacy to turn them into a pariah nation. We destroyed their reputation internationally and put them into a little diplomatic cage. We trapped them in a cage this big. We convinced the world that they were a global supporter of terrorism. How did we achieve this? ...(*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: Hon. Members, please be silent. Please do not disturb him.

SHRI RAHUL GANDHI: Mr. Chairman, Sir, how did we achieve this? Our Prime Minister took the advice of everybody, the Armed Forces, our Diplomats and our Intelligence people. We had wide-ranging conversations with everybody who understands these issues. We spoke to the Opposition. We utilized the great talent and expertise that is available to this country.

Sir, we worked tirelessly in Jammu and Kashmir and I must tell you it is the work that we did there, that the UPA did there, that makes us all really proud. We held Panchayat elections there; we built thousands of Self Help Groups and created thousands of jobs. ...(*Interruptions*) मैं हिन्दी में आपके लिए ट्रांसलेशन दे दूँगा। By the end, we had destroyed the insurgency in Kashmir; we had broken the back of the insurgency in Kashmir. The biggest strategic victory had been achieved against Pakistan completely peacefully. What does the Prime Minister do? He decides to have a cup of tea with Nawaz Sharief. He decides that I am going to go and have a cup of tea with Nawaz Sharief. Without any thought, without any vision चाय पे चर्चा। ...(*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: You can make your submission when your turn comes. Please do not disturb him. Let the Member continue.

SHRI RAHUL GANDHI : Without any thought, without any vision he decides to take a detour to Pakistan. Just like he did with the Nagaland Accord, he did not bother to ask anyone. He did not bother to ask the Armed Forces.He did not ask the intelligence people, not even the diplomats. He probably did not even ask Sushma *ji*. He just went there as if only his opinion matters.

Sir, the Prime Minister, single-handedly, destroyed six years of our work. In one move, he personally let Pakistan out of the little cage into which we had put them. He gifted them a status equal to our own. When he stopped over in Pakistan without talking to the professionals in our Government, the Prime Minister disrespected our flag. He disrespected those who died in Mumbai and in Pathankot. He disrespected the talent of our bureaucrats. He disrespected the tremendous talent of the Indian people.

There have been others in history who could only see their own perspective, people who saluted the cloth but destroyed the relationship and conversation between their people. Milosevic, the President of Yugoslavia, used to salute the flag every morning and talk of patriotism all day long. He broke the relationship between Serbs and Croats and destroyed his country. Nearer to us, Yahya Khan claimed to defend the Pakistani flag. As a soldier, he used to salute their flag every morning. He actually believed he was protecting it. He thought he was a patriot and refused to listen to his countrymen. He destroyed the relationship between Punjabi and Bengali and he tore his country into two.

The Prime Minister still has the option to listen to what the country is trying to tell him. The country is gently trying to give him a message. The Prime Minister just has to listen to the message, listen to those around you, listen to Rajnath Singh *ji*, listen to Advani *ji*, listen to Sushma Swaraj *ji*, वो यहां हैं नहीं मगर मेरा भाषण सुनेंगी, listen to your MPs, listen to us across the aisle here –we are not your enemies; we do not hate you – listen to the voice of the Indian people, listen to the farmers and workers who have so much wisdom and especially listen to the voice of the next generation. They are the future of this country. Allow them the dignity of their voice. Thank you.

*m38

***श्री कपिल मोरेश्वर पाटील (भिवंडी)** ः महामहिम जी का अभिभाषण हमारी सरकार का दृष्टिपत्र है, जिसमें हमारे माननीय प्रधानमंत्री जी के कुशल नेतृत्व में चलने वाली एन.डी.ए. की सरकार का दृष्टिकोण , योजनाएं एवं उनके क्रियान्वयन का दृढ़ संकल्प उसमें परिलक्षित होता है। हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री जी ने जिस प्रकार से 2 साल में तमाम क्षेत्रों में क्रांतिकारी कदम उठाकर इतिहास बनाया है, वह स्वतंत्र भारत के इतिहास में अद्वितीय है।

इससे पूर्व माननीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की सरकार को छोड़कर देश की आज़ादी के 65 वर्षों बाद भी देश आशा एवं निराशा के वातावरण में जी रहा था। किंतु, आज देश की जनता की आशाएंÃ¬ परिणामों में बदलती दिख रही हैं।

हमारी संसद जन आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करती है। लोकतांत्रिक प्रणाली में वाद-विवाद और चर्चा जरूरी है न कि अवरोध पैदा करना। लोकतंत्र में चर्चा में सभी वर्गों के लोगों के सुविचार शामिल किए जाने चाहिए। वर्तमान में इस माननीय संस्था का सदस्य होना मेरे लिए गौरव की बात है। हमारे प्रधानमंत्री जी ने संसद के सुचारू एवं रचनात्मक संचालन के लिए निरंतर प्रयास किए हैं। जैसा कि अभी हाल ही में उन्होंने सभी दलों के सम्मानित नेताओं से बैठक कर प्रयास किया।

पं. दीनदयाल उपाध्याय जी ने समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति के सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक विकास की बात कही थी। उनके अंत्योदय सूत्र वाक्य को पूरा करने के लिए माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में सरकार सबको शिक्षा, चिकित्सा, आवास, बिजली, पानी, सड़क, संचार एवं रोजगार की सुविधायें उपलब्ध कराने, कानून व्यवस्था की स्थिति सुदृढ़ करने, लोगों को सम्मानित जीवन जीने, महिलाओं की सुरक्षा के लिए अनेकों योजनाएंÃ¬ क्रियान्वित की जा रही हैं तथा जो हमारी धरोहर हैं जैसे- नदियां, जंगल, जमीन, खाने (माइन्स), उनका भी सदुपयोग देश के लिए हो, विभिन्न पेंशन योजनाएंÃ¬, सार्वजनिक वितरण प्रणाली, आर्थिक प्रगति हेतु भी हमारी सरकार से सफलतापूर्वक कार्य कर रही हैं।

इस सरकार ने जन-धन योजना, स्वच्छ भारत अभियान, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, पढ़े भारत-बढ़े भारत, सांसद आदर्श ग्राम योजना, शौचालयों के निर्माण, हुनरमंद भारत में पं. दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल विकास योजना, मनरेगा में सुधार, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना जिससे निश्चित रूप से फसलों की सिंचाई को बढ़ावा मिलेगा। पानी के जरूरत आधारित उपयोग से सूखे का सामना किया जा सकेगा, किसानों को अधिकतम बाज़ार मूल्य दिलाने के लिए 585 नियमित बाज़ारों को एक साथ जोड़ने वाले एक साझा ई-मार्केट प्लेटफॉर्म की स्थापना करने के उद्देश्य से एकीकृत राष्ट्रीय कृषि बाज़ार के लिए कार्य किया जा रहा है। इससे भारत को वन फूड जोन, वन कंट्री, वन मार्केट बनाया जा सकेगा। इससे हमारे किसानों को उनकी फसल और मेहनत का उचित मूल्य मिलेगा।

पूर्वी राज्यों की कृषि क्षमता का भरपूर उपयोग करने के उद्देश्य से हरित क्रांति लाने के लिए सरकार ने अनेक उपचारात्मक कदम उठाये हैं। हमारी सरकार द्वारा तीन नए कृषि प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थानों एवं 109 नए कृषि विज्ञान केंद्रों की स्थापना उनका सुदृढीकरण एवं कृषि उच्चतर शिक्षा को मजबूती प्रदान करने के उपाय किये गये हैं। किसानों के लाभ के लिए नई नीतियों, कीमतों और अन्य कृषि संबंधी विषयों पर सूचना प्रदान करने के लिए 24/7 किसान चैनल प्रारंभ किया गया है, जो स्वागतयोग्य है। ग्रामीण विकास हमारी शीर्ष प्राथमिकताओं में है। वर्ष 2015-16 में 14वें वित्त आयोग के अन्तर्गत दो लाख करोड़ से भी अधिक का अनुदान अगले 5 वर्ष के लिए खासतौर पर ग्राम पंचायतों के विकास के लिए आवंटित किया गया है। इसका राज्यों ने बड़े उत्साह के साथ स्वागत किया है। इससे विकास की गतिविधि लोगों तक पहुंचेगी और वे अपने गांव व वार्ड में सक्षम होंगे। श्यामा प्रसाद रूर्बन मिशन ने भी 300 ग्रामीण विकास समूहों की शुरूआत की है, जिससे लोगों के कौशल विकास एवं स्थानिक उद्यमशीलता को बढ़ावा मिलेगा।

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार गारंटी योजना को सुधारा गया है, जिससे मजदूरी के प्रभावी संवितरण अधिक पारदर्शिता और उत्पादक परिसंपत्तियों का सृजन सुनिश्चित किया जा सके। सृजित

की जाने वाली परिसंपत्तियों को विन्हित करने के लिए मिशन अंत्योदय एक गहन भागीदारी योजना निर्माण प्रक्रिया 2569 अत्यधिक पिछड़े ब्लॉकों में पहुंच चुकी है।

हमारी सरकार का मुख्य उद्देश्य शिक्षित, स्वच्छ भारत का निर्माण करना है, जिसकी पहल हो चुकी है। अभी हाल ही में हमारे प्रधानमंत्री जी के स्वच्छ भारत मिशन से रूबरू होकर छत्तीसगढ़ की एक अत्यंत निर्धन गरीब वृद्ध माताजी ने अपनी बकरियों को बेचकर आपने घर में शौचालय का निर्माण कराया और अपने गांव के आसपास अन्य लोगों को भी इस अभियान मे शामिल होने की प्रेरणा दी है। यह गर्व करने की बात है।

युवा हमारे देश का भविष्य हैं और व्यापक रोज़गार सृजन के माध्यम से युवाओं का सर्वोपरि लक्ष्य है। सरकार, मेक इन इंडिया, स्टार्ट अप इण्डिया, स्किल इण्डिया आदि एकीकृत पहल के माध्यम से रोजगार सृजित करने में सफल रही है। देश में सबको सामाजिक सुरक्षा उपलब्ध कराने के लिए हमारी सरकार ने तीन नई योजनाएंÃ¬ क्रियान्वित की है। प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और अटल पेंशन योजना से समाज के अब तक वंचित लोगों को बीमा सुरक्षा एवं पेंशन मुहैया कराएगी।

वर्ष 2022 तक सबको आवास उपलब्ध कराने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री आवास योजना में प्राथमिक रूप से स्लम निवासियों, शहरी गरीबों तथा आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों और समाज के निम्न आय वर्ग के लोगों के लिए लगभग 2 करोड़ घर बनाने की योजना है। इस मिशन के तहत पहले वर्ष में 27 राज्यों के 2011 शहरों को शामिल किया गया है। 24 हजार 6 सौ करोड़ रूपए की लागत से 4 लाख 25 हजार से अधिक घरों के निर्माण के लिए मंजूरी प्रदान की गयी है, जिसका सर्वत्र स्वागत हुआ है।

हमारा संपूर्ण देश अपने स्वतंत्रता सेनानियों का ऋणी है और अब समय आ गया है कि उनके इस ऋण को चुकाने के लिए हम देश को वैसा ही बनाएंगे जिसकी उन्होंने कल्पना की थी और जिसके लिए उन्होंने संघर्ष किया था। नेताजी सुभाषचंद्र बोस जी ने कहा था कि राष्ट्रीयता मानव जाति के उच्चतम आदर्शों सत्यम, शिवम, सुंदरम से प्रेरित होती है। आईए आज सारा सदन देश के सुंदर भविष्य के लिए इन आदर्शों पर चलने के लिए कमर कसे।

*m39

***श्री देवजी एम. पटेल (जालौर)** ः महामहिम ने अपने अभिभाषण में देश हित को लेकर अनेक महत्वपूर्ण मुद्दे उठाये। आज देश आर्थिक प्रगति की ओर कदम बढ़ा रहा है। अनेक वर्षों में ऐसा पहली बार हुआ है कि महंगाई काबू में है। भ्रष्टाचार का नामो-निशान देश से मिट रहा है। देश प्रत्येक मोर्चे पर विकास की ओर बढ़ रहा है। ऐसे में हमारे देश को अस्थिर करने का प्रयास विपक्ष के द्वारा किया जा रहा है। यह अच्छी बात नहीं है। आज से दो वर्ष पहले सरकार के सामने अनेक समस्याएंÃ¬ अपने विकराल रूप में खड़ी थीं। हमारे प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में अब धीरे-धीरे सभी समस्याओं का समाधान होता नज़र आ रहा है।

हमारा देश कृषि प्रधान देश है। हमारी 70 प्रतिशत आबादी कृषि पर आधारित है, परंतु हमारे देश का किसान हमेशा असुरक्षित महसूस करता है। कभी प्राकृतिक आपदा तो कभी बाज़ार में गिरती कीमतों की वजह से। पिछले 19 महीने में हमारी सरकार ने इन संकटों में मदद पहुंचाने के लिए अनेक कदम उठाये हैं। किसानों के लिए बीमा योजनाएं पहले भी थी, लेकिन कई कारणों से सफल नहीं हुई। कभी प्रीमियम दर बहुत ज्यादा, कभी नुकसान की दावा राशि बहुत कम, तो कभी स्थानीय नुकसान शामिल नहीं। परिणामस्वरूप मुश्किल से 20 प्रतिशत किसान ही उनसे जुड़ते थे और अपना हक पाने के लिए भी उनको अनेक प्रकार की परेशानियां उठानी पड़ती थीं। अंततः बीमा योजनाओं के प्रति किसानों का भरोसा कम हो गया था। ऐसे में हमारी सरकार ने किसानों से एवं बीमा कंपनियों से गहन विचार विमर्श किया और अब हमारे किसान भाई और बहनों के लिए व्यापक लाभ पहुँचाने वाली प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना प्रारंभ की गई है। यह एक ऐसी योजना है, जिससे कृषि में एक बहुत ही बड़ा बदलाव आने वाला है। खासकर उस मजबूर किसान के लिए जिसको कभी भी मुआवजा पूरा नहीं मिलता था। इस योजना के तहत आपदा की परिभाषा को बदल दिया गया है। इस स्कीम को बेहतर बनाने के लिए पुरानी स्कीम की अच्छी चीज़ों को रखा गया है और जो खामियाँ थी, उनको दूर करने की कोशिश की गई हैं। इस स्कीम के तहत जो राशि किसान को देनी है, वह बहुत कम है और नई-नई तकनीकें जिसमें मोबाइल फोन और जो नुकसान हुआ है, इसका बेहतर असेसमेंट हो सके तथा एक सही समय के अनुसार पूर्ण रूप से मुआवजा किसानों तक पहुँचाया जा सके, इस प्रकार की व्यवस्था की गई है। इस स्कीम के तहत 8800 करोड़ रूपए बीमा के माध्यम से इंश्योरेंस प्रीमियम को पूरा करने के लिए रखे गए हैं। जिससे अधिक से अधिक जो फसल का एरिया है, इलाका है उसकी भरपाई के लिए काम किया जा रहा है। सबसे कम प्रीमियम और सबसे बेहतर रिजल्ट वाली यह योजना स्वतंत्र भारत के लिए अपने आप में एक ऐतिहासिक कदम है। मात्र दो प्रतिशत खरीफ की जो फसले हैं, उनको देना है, जिसमें भोजन से संबंधित उत्पाद और तिलहन शामिल है और केवल डेढ़ प्रतिशत रबी फसलें के लिए रखा गया है। यह 8800 करोड़ रूपए की जो इंश्योरेंस या बीमा स्कीम है, इसके तहत हर तरीके की आपदा को सम्मिलित किया गया है, बाकी का जो पैसा प्रीमियम का है, वह केंद्र सरकार भरपाई करेगी और 50 प्रतिशत जो फसल इलाका है। उसमें 194.40 लाख हैक्टेयर को इसके तहत कवर किया गया है। आने वाले खरीफ के मौसम में जो कि जून से शुरू होता है, तब इस स्कीम को लागू किया जाएगा और बीज डालने से आखरी कटाई तक का जो समय है और उसके बीच जो समय है और उसके बीच जो भी नुकसान अगर किसी किसान का होता है, उसकी भरपाई के लिए यह कदम उठाया गया है। इसमें ऊपर की कोई भी लिमिट नहीं है और जो बकाया 90 प्रतिशत है, उसकी भरपाई सरकार द्वारा की जायेगी। इसी प्रोविजन के तहत सबसे कम किश्त देने पर सबसे कम पेमेंट देने पर सबसे अधिक लाभ की यह जो स्कीम है, उससे किसानों का नुकसान लगातार कम होगा। जिस प्रकार ऋण के कारण जो किसान आत्महत्या करते हैं, उस पर भी इसका बड़ा प्रभाव पड़ेगा। फोन की टेक्नोलॉजी, सेटेलाइट टेक्नोलॉजी और तमाम तरीके की बेहतरीन टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करके किसानों को तुरंत जो मुआवजे की कीमत है, वह वापस पहुँचाई जाए, उसका जल्द से जल्द भुगतान किया जाए, ऐसी सरकार की मंशा है। किसानों को कृषि उत्पादों का बेहतर मूल्य मिले, इसके लिए राष्ट्रीय कृषि बाजार योजना की शुरूआत की गई है जिसके अंतर्गत देश की 585 मंडियों को राज्यों के सहयोग से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। हमारी सरकार आने के बाद डेयरी एवं मात्स्यिकी के क्षेत्र में काफी प्रगति हुई है। कृषि शिक्षा अनुसंधान एवं प्रसार की दिशा में भी देश ने ऐतिहासिक उपलब्धियां प्राप्त की है। हमारी सरकार सक्षम किसान व समृद्ध भारत के नारे के साथ आगे बढ़ने का काम कर रही है।

हमारी सरकार 2015 में मुद्रा बैंक लेकर आई और उसका जो सबसे उद्देश्य था, वह उन लोगों तक पैसा पहुँचाना था। जो लोग 42 या 48 प्रतिशत जी.डी.पी. के हिस्सेदार होते हैं, उनके लिए आज तक कोई स्कीम नहीं थी। वह छोटा-मोटा रोज़गार करने के लिए चाय की दुकान चलाने, सिलाई का काम करने वाले लोगों की बेहतरी के लिए कभी किसी सरकार ने नहीं सोचा था और स्कीम नहीं बनाई थी। इस सरकार ने मुद्रा बैंक के द्वारा उन लोगों तक पहुंचने की कोशिश की क्योंकि अधिकतर लोन फैसिलीटीज उन बड़े बिजनेसमैन को मिलती थी। हमारी सरकार ने 10 ऐसे स्माल फाइनेंस बैंक को घोषित किया और 11 पेमेंट बैंक को लाइसेंस दिया गया है। सभी तक बैंक पहँच सके, इसके लिए पोस्ट ऑफिस को पेमेंट बैंक के रूप में मान्यता दिया गया है। हमारी सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं के लिए विशेष फंड बनाया है। यहे 72 अधिसूचित फूड पार्कों का निर्माण कर रही है, जिससे लाखों लोगों को रोज़गार के अवसर प्रदान होंगे। मेरे संसदीय क्षेत्र में आवास की समस्या है। हमारी सरकार विश्व स्तरीय सुविधाओं से लैस शहर बनाएगी। स्वच्छता और सफाई पर ध्यान देने के लिए आदर्श नगरों में एकीकृत अवसंरचना तैयार की जाएगी। जब देश अपनी स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरे करेगा तब तक प्रत्येक परिवार का अपना पक्का घर होगा, जिसमें पानी का कनेक्शन, शौचालय सुविधाएंÃ¬ और चौबीस घंटे विद्युत आपूर्ति और आवागमन की सुविधा हो, इसके लिए हाउसिंग फॉर ऑल बाई 2022 का लक्ष्य रखा गया है।

डिजीटल इंडिया एक ऐसा कार्यक्रम है, जिसमें लगातार सरकार कोशिश कर रही है कि बेहतरीन से बेहतरीन सिस्टम इंफ्रास्ट्रक्चर इस देश में खड़ा हो सके और अब तक सरकार 1 लाख 20 हज़ार कि.मी. में ऑप्टिकल पाइप ले गई है और लगभग 99 हज़ार कि.मी. फाइबर बिछा चुकी है। इससे लगभग 2.5 लाख गांव जुड़ चुके हैं। डिजीटल इंडिया कार्यक्रम के माध्यम से इसका हर नागरिक को लाभ मिले, सिस्टम के अंदर पारदर्शिता आये और इससे हम भ्रष्टाचार को भी समाप्त कर पाये, ऐसी सरकार की इच्छा है। इस कार्यक्रम के माध्यम से लगभग 4.5 लाख करोड़ निवेश के माध्यम से प्राप्त किया गया है और 18 लाख नये रोज़गार क्रियेट किये गये हैं।

आज आज़ादी के 67 वर्ष के बाद भी देश में विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में डॉक्टर की भारी कमी है जिससे सभी को स्वास्थ्य सुविधा नहीं मिल पा रही है। जनसंख्या की दृष्टि से देखे तो 1000 की जनसंख्या पर 0.5 डॉक्टर ही उपलब्ध हैं। हमारी सरकार सभी को स्वास्थ्य सुविधा मिल सके, इसके लिए नई स्वास्थ्य नीति तैयार कर रही है तथा नेशनल हैल्थ इंश्योरेंस मिशन शुरू करेगी। योग और आयुष को प्रोत्साहन देगी। इससे हैल्थ केयर प्रोफेशनल की कमी दूर करने के लिए स्वास्थ्य शिक्षा और प्रशिक्षण में बदलाव किया जायेगा। राजस्थान में अनेक जिला केंद्रों के अस्पतालों को मेडिकल कॉलेज में परिवर्तन करने की दिशा में सार्थक पहल का कार्य शुरू कर दिया है।

*m40

***श्रीमती दर्शना विक्रम जरदोश (सूरत)** ः मैं आदरणीय राष्ट्रपति जी द्वारा दिये गये अभिभाषण के लिए उनको धन्यवाद देती हूँ।

आज जब राष्ट्र देशभक्तों और देश विरोधी नारे लगाने वालों के बीच बंटने की कगार पर है, जब आम नागरिक संसद को बचाने वाले और संसद के माध्यम से देश को ध्वस्त करने का स्वप्न देखने वालों के समर्थकों के बीच संघर्ष चल रहा है तब सरकार राष्ट्र का सम्मान, राष्ट्र गौरव को पूथम प्रायोरिटी देने के साथ-साथ राष्ट्र के विकास को नज़रों के सामने रखकर चल रही है। देश में जब सहिष्णुता और असहिष्णुता पर बहस छिड़ी है तब इस देश में जिसकी परंपरा ही सहिष्णुता है, जहां माता रोटी बनाती है तो पहले गौ माता की भोग निकालती है, सर्वेपी सुखीनः सन्तु का मंत्र जपते हैं, किसी से सहिष्णुता की सीख एवं प्रमाणपत्र की जरूरत नहीं है। सहिष्णुता का सबसे बड़ा प्रमाण यह है कि मनमोहन जी की सरकार कहती थी थी कि इस देश के संसाधनों पर सबसे पहला अधिकार मुसलमानों का है, तब यह सरकार कहती है कि संविधान सरकार की धर्म पुस्तक है और हर भारतीय का सुख हमारा लक्ष्य है। जिसकी परछाई राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में स्पष्ट दिखाई देता है।

गांधी जी के नाम के माध्यम से सत्ता के गलियारों में कदम रखने वाले हमारे विपक्ष को इस बात से तो संतुष्टि होनी चाहिए कि गांधी जी के स्वच्छता के मंत्र को हमने शब्द नहीं पर अभियान बनाया है। जन-जन को हमारे साथ जोड़कर स्वच्छ भारत के माध्यम से विकसित सुखी समृद्ध भारत बनाने के लक्ष्य पर सरकार चल रही है।

जन-जन के सुख को सुनिश्चित करने हेतु प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं अटल पेंशन योजना शुरू की है, जो कि सामाजिक सुरक्षा के प्रति सरकार की जागरूकता का उदाहरण है। भ्रष्टाचार निर्मूलन की बात करने वाली पूर्व कांग्रेसी सरकारों के मंत्री, पार्टी के लोग भ्रष्ट पाये गये पर हमारी सरकार द्वारा 12 स्कीमों के पैसे लाभार्थियों के बैंक अकाउन्ट में सीधा जमा कराकर भ्रष्टाचार निर्मूलन की दिशा में ठोस कदम उठाए गए हैं तथा आने भी उठाए जाएंगे, यही नहीं, नौकरियों में बड़ी मात्रा में भ्रष्टाचार, नौकरी लेने हेतु सब गरीब-मध्यम वर्गीय आदमी जाता था, तब सरकारी नौकरियों में होता था, हमने तीसरे और चौथे वर्ग के कर्मचारियों की नौकरी में इंटरव्यू समाप्त कर दिया है। अब योग्य व्यक्ति को उसकी मैरिट के आधार पर सीधा ऑर्डर मिलेगा, यह एक बहुत बड़ी सफलता हमारी सरकार की रही है, जिसके लिए मैं धन्यवाद देती हूँ।

आज रोहित वेमुला की बात करने वाले पक्ष के लोगों ने दलित उद्धारक अंबेडकर जी को संविधान सभा में एवं मंत्रिपरिषद के सदस्य के नाते जिस तरह से परेशान किया था उसका इतिहास साक्षी है। हमारी सरकार द्वारा अंबेडकर जी की 125वीं जन्म दिवस को जयंती मनाने का विचार इस सरकार के विचार करने की दिशा को दर्शाता है। आज तक अल्पसंख्यकों की सिर्फ बातें हुई हैं पर उनको सच्चे अर्थ में आगे बढ़ने का मौका नहीं दिया गया। यह मेरी सरकार है, जिसने उनको मौका देकर उनको ऊपर उठाने की कोशिश की है। किसानों को अधिकतम बाजार मूल्य मिले, किसानों को पानी की सुविधा मिले, इस हेतु सरकार ने कारगर कदम उठाने के साथ प्रधानमंत्री कृषि योजना को समर्पित किया है।

देश में दिव्यांगों को भी योग्य वातावरण विकसित करने हेतु मिले, इस हेतु सुगम्य भारत का अभियान चलाया है। जिसके माध्यम से 1.7 लाख दिव्यांगों को सहायता दी गई। हमारा लक्ष्य है कि देश में दिव्यांग की संख्या कम कैसे की जाए, इस हेतु सभी गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य सेवा पर ध्यान देना, देश में अकस्मात कम हो, उस पर कार्य करना एक बड़ा माध्यम स्वीकार किया है। अच्छे स्वास्थ्य सुविधा के चलते दिव्यांग बच्चों की जन्मदर को कंट्रोल किया जा सकेगा तथा अच्छे रोड के चलते अकस्मातवश दिव्यांगता की दर को कम किया जा सकेगा।

दुनिया में सबसे ज्यादा युवा धन हमारे देश में है। युवा वर्ग को प्रगति के मार्ग पर चलाने हेतु सरकार का सहयोग आवश्यक है और देश के विकास हेतु युवाओं का सरकार के प्रति आश्वस्त होना, विकास करने हेतु सक्षम होना एवं देश को अपने कंधों पर आगे ले जाने की युवा वर्ग का राष्ट्रीय विकास में सहभागिता की तैयारी, मेहनत, संघर्ष की मानसिकता होना आवश्यक है। इसलिए हमारी सरकार ने श्रेणीबद्ध तरीके से कार्यक्रमों की शुरूआत की है जिससे देश का युवा आश्वस्त हुआ है और कुछ करने हेतु आज तैयार है। उसे अवसर देना सरकार की प्राथमिकता है और स्टार्ट अप इण्डिया, स्टैण्ड अप इण्डिया, मेक इन इंडिया, स्किल इंडिया, मुद्रा बैंक एक साथ इतने सारे कार्यक्रमों की शुरूआत पुराने कई कार्यक्रमों को अच्छी तरह से आयोजन करके युवा वर्ग को देश के विकास में भागीदारी बढ़ाने का संकल्प साकार किया है। हमारी सरकार सिर्फ योजनाओं को लागू करके अटकी नहीं है पर उन्हें उचित अवसर भी प्रदान किया है, जिससे युवा वर्ग की आशा-अपेक्षाओं को नये पंख लगे हैं।

सभी राज्यों में जो सरकारे हैं, उन्हें भी टीम इंडिया के कॉन्सेप्ट को और सबका साथ-सबका विकास को चरितार्थ करने हेतु हमने साथ लिया है। हमारे बजट में या योजनाओं में किसी भी राज्य को कम नहीं दिया गया है, उसकी स्थिति के अनुसार योग्य सहायता देना, न कम न ज्यादा, का हमारा अभिगम रहा है।

मैं सरकार को एक और बात पर भी धन्यवाद देती हूं कि देश के ढांचागत विकास में सब क्षेत्रों की सहभागिता रही, सबको अवसर मिले, इस हेतु स्मार्ट सिटी कार्यक्रम की शुरूआत की है। मेरा मतक्षेत्र सूरत और मेरे राज्य का अहमदाबाद इस स्पर्धा में योग्यता सिद्ध करके सम्मिलित किया गया है। मैं इस अवसर की प्राप्ति पर सरकार को धन्यवाद देती हूं। मेरा शहर सूरत भी लघु भारत है। देश के किसी भी जिले का व्यक्ति सूरत शहर में आपको रोज़गार प्राप्त करता हुआ मिल ही जायेगा। इतना ही नहीं, देश के सभी राज्यों की संस्कृति संवर्धक कार्यक्रमों की झलक आपको सूरत में मिलेगी ही। ऐसे सूरत को स्मार्ट सिटी में सम्मिलित किया गया है जिसके विकास से अन्य सभी राज्यों को भी लाभ मिलेगा अर्थात् सूरत राष्ट्र के विकास में अपना योगदान अभी और शक्ति से दे पाएगा।

महिलाओं को भी मेरी सरकार ने उचित अवसर प्रदान करके मातृशक्ति को भी सशक्त करने का प्रयास शुरू किया है, जो अभिनंदन के पात्र हैं। फिर वह चाहे बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम हो या भारतीय वायु सेना में शॉर्ट सर्विस कमीशन अधिकारियों और फाइटर पायलट के रूप में महिलाओं को शामिल करने की मंजूरी। यदि राष्ट्र के ऊपर किसी ने आंख उठायी तो उन महिषासुरों को दुर्गा बनकर संहार करने का अवसर प्रदान किया है। एक महिला के नाते मैं उनका धन्यवाद करती हूँ।

मेक इन इंडिया के माध्यम से उद्यमियों को, खासकर नये एवं युवा उद्यमियों को आगे आने का मौका हमारी सरकार ने दिया है। मैं जिस सूरत क्षेत्र से आती हूँ वह टैक्सटाईल, जवाहारात, हीरे एवं जरी के लिए जाना जाता है। जहां अपने-अपने घरों में छोटी-छोटी यूनिट लगाकर लोग अपने पूरे परिवार के साथ जीवन-यापन करते हैं। आज इस देश में बनने वाले हीरे में, कपड़े में मेरे शहर सूरत का करीब-करीब 75 से 90 प्रतिशत का हिस्सा है। स्टैण्ड अप इंडिया के माध्यम से हमारे युवाओं को नई दिशा, नये कदम का उपहार मिला है। कपड़ा उद्योग के विकास हेतु जो कदम उठाये हैं, वे इस उद्योग को विश्व में भारत का डंका बजाने की शक्ति को और ताकवर बनायेंगे, ऐसा मेरा विश्वास है।

हमारी सरकार ने आते ही कई दशकों से अनसुलझे प्रश्नों को हाथ में लेकर उनका राष्ट्रहित में समाधान करने की नीति अपनाई है, जिसके चलते बांग्लादेश के साथ सीमा की स्थिति हो या वन रैंक-वन पेंशन जैसी समस्या हो, जिसका निराकरण राष्ट्रहित में किया है।

मेरा मानना है कि यह अभिभाषण ही संसद सभी संवेदनशील मुद्दों पर चर्चा कर रही है। संवदेनशीलता या असहिष्णुता, राष्ट्रप्रेमी या राष्ट्रद्रोही इन सभी प्रश्नों का जवाब है। इसलिए मैं माननीय राष्ट्रपति महोदय का आभार प्रकट करती हूँ।

*m41

SHRI PRALHAD JOSHI (DHARWAD): Sir, thank you for this opportunity. ...(व्यवधान) सभापति मेरे भाषण से पहले राहुल जी का भाषण हो गया। वे राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर बोल रहे थे या सार्वजनिक सभा में बोल रहे थे, यह मुझे पता नहीं चला। यह भी पता नहीं कि जो लिखकर दिया है, उसमें मैडम है या चेयरमैन है, यह भी पता नहीं, वह भी ऐसे ही पढ़ गए। ...(व्यवधान) पेज बदल गया था और ...(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: Please continue.

...(*Interruptions*)

SHRI PRALHAD JOSHI: I am not yielding, Sir. I am sorry. He has spoken enough; I am not yielding. ...(*Interruptions*) He is speaking about corruption....(*Interruptions*) I am sorry; I am not yielding. ...(*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: Hon. Member, I have allowed him to speak. Please be seated.

श्री राहुल गांधी: माननीय सदस्य ने जो बात उठाई, बिल्कुल सही बात उठाई है। दो-तीन गलतियाँ मैंने की हैं। कांग्रेस पार्टी में हम गलती कर सकते हैं, आप लोग कभी गलती नहीं करते हैं। आप लोग सब कुछ जानते हैं। आपको सत्य मालूम है। हम सत्य को ढूंढते हैं। हम सत्य के बारे में सुनते हैं। धन्यवाद।...(व्यवधान)

SHRI PRALHAD JOSHI: Sir, he has accepted that they are committing mistakes. But after committing mistakes, one should learn the lesson....(*Interruptions*) Still they are not ready to learn the lesson. This is the problem of the Congress Party. ...(*Interruptions*) They do not want to learn anything with their past experience. कांग्रेस पार्टी का प्रॉब्लम क्या है? वह बोल रहे हैं कि वह गलती करते हैं। वह गलती करते हैं, लेकिन वह सुधरते नहीं हैं।...(व्यवधान) I am so surprised that he is talking about corruption. सर, इस देश में करप्शन का कोई जनक है तो वह कांग्रेस पार्टी है। ...(व्यवधान) They are the people who are responsible for corruption and who have*â€¦* this country in the last ten years....(*Interruptions*) जो लोग जिस देश को *â€¦* लिये, जब हम विदेश में जाते थे, जब मैं यूएस में गया था तो हम से लोग पूछ रहे थे कि अगर देश में कुछ करने के लिए आना है तो क्या *â€¦* पार्टी को पैसा देकर वहां आना है? उन दिनों ऐसा माहौल बन गया था।

Sir, through you, I would like to tell them as to how this coal scam happened. The entire country knows as to how the coal blocks were allocated. ...(*Interruptions*) Sir, our entire Party has listened to Mr. Rahul Gandhi. Let them listen to us. Let them have patience to hear us. ...(*Interruptions*) * They are so much scared of what C&AG has said; what has happened in the Supreme Court today in 2G scam; and what is happening to *â€¦* ...(*Interruptions*) They do not want to take the name of *â€¦* **, who has invested thousands of crores of rupees in the entire world through money laundering. ...(*Interruptions*) These people are talking about corruption. ...(*Interruptions*) Let them have a look on what is happening in Karnataka. I will come to it at a later stage.

Rahul ji is telling that 'Prime Minister is not India and India is not Prime Minister.' We have never said that. But what their people said previously is that, \

'Indira is India and India is Indira.' भारत देश का अपमान करने वाले लोग, जिस संविधान को उन्होंने डूबा दिया था, वे लोग आज यह बात कर रहे हैं।...(व्यवधान) I feel very sorry. ...(*Interruptions*)

Sir, before coming to the Rashtrapati ji's *Abhibhashan*, let me tell you one thing. He is talking about the JNU issue.â€¦ (*Interruptions*) He is talking about the Hyderabad University. I am going to ask him one thing. Leave all other things aside, I would like to ask one question to this House and the entire country. ...(*Interruptions*) Why was the death anniversary of Afzal Guru celebrated? I do not want to ask anything else. Why was it celebrated?...(*Interruptions*) जो घोषणा किया या न किया वह अलग बात है।...(व्यवधान) That is a different issue. I would also like to tell you that during the tenure of *â€¦* **, who was the then Home Minister at that time, the clemency petition of Afzal Guru was rejected. ...(*Interruptions*) He was the Home Minister at that time. ...(/*Interruptions*) Today, what he is telling about Afzal Guru is that – it was not a fair trial and he was hanged improperly. ...(*Interruptions*)

Is it proper on their part? Are they taking action on Shri Chidambaram, who was the then Home Minister? Did he not say that? He has told that in an interview. ...(*Interruptions*) इनकी सुनने की क्षमता नहीं है, इसलिए निकलकर जा रहे हैं।...(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: Shri Pralhad Joshi, please continue.

SHRI PRALHAD JOSHI: Sir, let me tell you one thing. They are now talking about गरीबी हटाओ। ...(*Interruptions*)

खड़गे साहब ने भी गरीबी का जिक्र किया। माननीय राष्ट्रपति जी ने ऐड्रैस में कहा था - गरीबों की उन्नति, पावर्टी इरैडिकेशन, किसानों की समृद्धि, युवाओं को रोजगार। इसे रैफर करते हुए खड़गे जी ने भी कहा था। Most unfortunately, Shri Rahul Gandhi ji is also referring to it. May I tell you one thing, Sir? The *Garibi Hatao* slogan was given in 1971. After 1971 and up to 2014, the UPA Government appointed five Committees. They are: Rangarajan Committee, N.C. Saxena Committee, World Bank Committee, Tendulkar Committee, Arjun Sengupta Committee. The Report of the Arjun Sengupta Committee was not published. There was one more Committee – Hashim Committee.

Sir, all these Committees were appointed to understand as to what the level of poverty was and what the BPL level in the country was. If you take into consideration of the average of all these Committees put together, you will find that 40 per cent of the people are still under below the Below Poverty Line. The Arjun Sengupta Committee said that the spending capacity of 80 crore people of this country was less than Rs.20 per day. Who was ruling the country during that period, Sir? Shall I tell you, Sir? Jawaharlal Nehru ruled for 17 years; Indira Gandhi ji ruled for 15 years; Narasimha Rao ji ruled for five years; Rajiv Gandhi ji ruled for five years; * . These people had ruled this country for 47 years. Poverty in this country today is ...(*Interruptions*) Shri Tariq Anwar ji, please listen. ...(*Interruptions*) The entire world knows as to who was ruling the country during the ten-year period of Dr. Manmohan Singh? ...(*Interruptions)* *

HON. CHAIRPERSON: Shri Pralhad Joshi, please address the Chair.

SHRI PRALHAD JOSHI: Sir, I am addressing the Chair.

Sir, 40 per cent of the people were below the poverty line. The Congress Party ruled this country for 52 years. ...(*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: I will go through the record. I will take a decision after going through the record.

Shri Pralhad Joshi ji, please continue.

SHRI PRALHAD JOSHI: * ...(*Interruptions*)

ये लोग पूछते हैं कि अच्छे दिन कब आएंगे, कहां आएंगे, किसके आएंगे। मैं यह बोल सकता हूं कि अच्छे दिन इस देश के लोगों के लिए आएंगे, कांग्रेस के लिए कभी भी अच्छे दिन नहीं आने

वाले हैं, यह बात आप समझ लीजिए।

Sir, they are talking about the bank nationalisation. The Committee which was appointed by them had said that even after the bank nationalisation, more than 60 per cent of the people were out of the banking net. Is it a fact or not?

After this, they tried for the financial inclusion. I am not telling 'no'. But more than 40 per cent of the people were out of the banking network.

That is why Prime Minister Jan Dhan Yojana was brought in; and it was the most successful Yojana.

Now, they are talking about corruption. What about the National Herald issue? It is *sub judice* in the court, and I do not want to refer much.

Sir, how much did they spend on infrastructure? Forty per cent of the total road traffic is on the national highways but these people constructed just two per cent of the roads in the entire 52 years of their tenure. But during the period of Atalji's Government, just in five years, 16,000 kilometres of the highways were constructed, which was accepted by the UPA while submitting the affidavit in the court. Even in the short period of Modiji's Government, we have already completed 7,890 kilometres of roads.

Sir, coming back to the PMGSY, the *Pradhan Mantri*, who sits in Delhi, गांवों की रोड के बारे में सोचने के लिए श्री अटल बिहारी वाजपेयी को इस देश में आना पड़ा। These people never thought that there should be a road connectivity in the villages. So, we started the Pradhan Mantri Gram Sadak Yojana.

They are talking about MNNREGA. एमएनआरईजीए के बारे में हमारे प्रधान मंत्री जी ने जो कहा था, वह ठीक ही था। अभी हमने उसमें क्या चेंज करवाया? We have converted it. Durable assets, करने के लिए जो कुछ करना है, उसे हमने कर लिया।

Sir, about the power generation, he has referred to the Deen Dayal Upadhyaya scheme. There has been an increase in power generation by 8.4 per cent in the country since 2014....(*Interruptions*)

Sir, shall I tell you one thing? Today, even surplus power is available in some of the States. But it cannot be transferred to Southern States. It cannot be transferred from one region to another region. Why? It is because there is no transmission facility, there is no corridor. After 52 years of their rule, एक वायर भी ट्रांसफार्मेशन के लिए नहीं है; there is not even a single wire for transmitting power! Who is responsible for this?â€¦ (*Interruptions*)

Sir, they do not want to listen...(*Interruptions*) According to CEA, in Karnataka, there is a deficit of four per cent of electricity. Out of 70 years, these people had ruled for more than 52 years but कर्नाटक में आज भी दो घंटे के लिए इलैक्ट्रीसिटी देते हैं। हम कल पीयूष गोयल साहब से मिले and told him to provide electricity. He readily agreed to give us 319 MW. But these people say that they do not want to take it. They do not want electricity from the Centre, who is ready to supply. Do you now, why, Sir? They want to purchase it from the private people, for the obvious reason. I do not want to tell it here.

Sir, they are talking about terrorism. टेरोरिज्म के बारे में वह बात कर रहे हैं। What their former Home Minister had said, I have already mentioned. The entire country knows how the Ishrat Jahan case was handled. Headley, who is an approver, has said it. But they are asking -- how can we believe a criminal? Sir, we are not believing a criminal, but he is an approver and in a corroborative evidence, he has given a statement. But they are questioning his statement. I am really surprised.

Also, Sir, after that, what the former Home Secretary has said. He said that Ishrat Jahan was an LeT operator, but that line was deleted from the second affidavit...(*Interruptions*)

Sir, here, I want to quote an example of Mahabharat. जब महाभारत का युद्ध चल रहा था तब दुर्योध्यन को यक्ष ने बंदी कर लिया। उस समय धर्मराज ने भीम से दुर्योध्यन को छुड़ाने के लिए कहा, तो उसने कहा कि हम नहीं छुड़ायेंगे, क्योंकि वह अच्छा आदमी नहीं है। लेकिन धर्मराज ने कहा कि 'क्यं पंचाधिकम् शतम् ।' हम आपस में झगड़ा करते हैं तो हम अलग हैं लेकिन जब हम दूसरे के साथ लड़ते हैं तो हम 105 हैं। व्याम् पंचाधिकम शतम्। ...(व्यवधान) इन लोगों ने क्या किया, मोदी जी और अमित शाह जी को दबाने के लिए, उनको टार्चर करने के लिए इशरत जान who was a terrorist and it is coming out now. उनको बिहार की बेटी कह दिया, इन्होंने क्या-क्या दिया, मैं नहीं जानता हूं। कैसे अंडर सैक्रेट्री को टार्चर किया, यह सब रिकार्ड में आ रहा है, इनको सब पता चलेगा।...(व्यवधान) Now, I am coming to Karnataka.

Sir, Rs. 1,540 crore was given for drought relief. This is the highest ever amount for the State of Karnataka given by the Centre. These people have distributed only Rs. 192 crore. So far, they have not been able to distribute money. There are many things. ...(*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: Joshi Ji, please wind up.

...(*Interruptions*)

SHRI PRALHAD JOSHI: I want to tell them about *Fasal Bima Yojana.* The first crop insurance scheme was launched and fabricated by Shri Atal Behari Vajpayee. As it was a new scheme, we told to further improve it. What these people did was that they gave it to private people and ultimately, the farmers did get nothing. We met the then Prime Minister Shri Manmohan Singh Ji but nothing was done.

Today, our Prime Minister Narendra Modi Ji thinks of the farmers. फसल बीमा योजना इतनी अच्छी है, Each and every farm will be checked through new technology. ...(*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: Please conclude Joshi Ji.

...(*Interruptions*)

SHRI PRALHAD JOSHI: I will take another two minutes.

Sir, they are talking about corruption. What is happening in Karnataka? The ...(*Interruptions*)â€¦ * is ** ...(*Interruptions*)â€¦ * हैं?...(व्यवधान) न समाजवादी हैं, लोहियावादी हैं, वह ...(*Interruptions*)â€¦ *....

HON. CHAIRPERSON: Joshi Ji, please wind up.

...(*Interruptions*)

SHRI PRALHAD JOSHI: I am not yielding. This ...(*Interruptions*)â€¦* initially has said पांच लाख के लिए दे देता हूं, ले लो। ...(व्यवधान) बाद में जब पता चल गया कि उसका 70 लाख है, एक महीने के बाद They searched one person and they **.

HON. CHAIRPERSON : Please conclude. I will call another Member.

...(*Interruptions*)

SHRI PRALHAD JOSHI: I am not alleging anything. **...(*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: We are discussing the President's Address.

...(*Interruptions*)

SHRI PRALHAD JOSHI: ** ...(*Interruptions*)â€¦ * ...(*Interruptions*) ** ...(*Interruptions*)â€¦ *

HON. CHAIRPERSON: Please wind up.

Now, Mulayam Singh Ji.

...(*Interruptions*)

SHRI PRALHAD JOSHI : I am concluding. **

HON. CHAIRPERSON: I have allowed hon. Mulayam Singh Ji. You please speak.

...(*Interruptions*)

SHRI MALLIKARJUN KHARGE (GULBARGA): Sir, I request you to expunge all those things which are irrelevant....(*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: Hon. Shri Mulayam Singh Yadav Ji, please.

SHRI MALLIKARJUN KHARGE: We want to expunge them....(*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: Nothing is going to be recorded.

...(*Interruptions*)â€¦ *

SHRI PRALHAD JOSHI: Sir, I am going to conclude in 30 seconds.

HON. CHAIRPERSON: You conclude.

SHRI PRALHAD JOSHI: Sir, as soon as the gift was received, it was his duty to declare. He has not done that. After one month, he has declared. It is a *â€¦*. It is a *â€¦*. It is a *â€¦*. ऐसा एक एलिगेशन है। I want that the Central Government should inquire into this. Thank you very much. ...(*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: Nothing is going on the record.

...(*Interruptions*)â€¦ *

SHRI MALLIKARJUN KHARGE: This cannot go on the record.

HON. CHAIRPERSON: I have said nothing is going on the record.

...(*Interruptions*)â€¦ *

SHRI MALLIKARJUN KHARGE : So, you have to check up.

HON. CHAIRPERSON: Right.

SHRI MALLIKARJUN KHARGE: Otherwise, I have to speak about Gujarat, Maharashtra, Chhatisgarh, Madhya Pradesh...(*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: I have already said that I will go through the record and I will take the decision later on.

*m42

***DR. A. SAMPATH (ATTINGAL)** : While participating in this discussion on Motion of Thanks on the President's Address, I have certain points of dissent and hence reservations. And I hope dissent is not to be stamped " anti-national".

Why the President was silent about any financial provision for the SAGY? Without any financial help from the GOI, MPs cannot fulfill the SAGY programmes in time. He is also silent about the filling up of one million vacancies under various Government establishment, departments, Railways, PSU and Banks and Insurance Sectors, etc.

The Indian Diaspora abroad is about 5 million. But the President's address is again silent on any viable and feasible welfare and rehabilitation scheme for the non-resident Indians and their dependent family members. While the corporate who get more and more incentives every year do not add to any more employment opportunities and no increase in their exports, we still neglect the human factor-our own citizens!

While the farmers suicide are on the rise to the tune of 26% during the last one year alone, why silent about adequate provision for relief and financial, technical and logistical support for the scientific farming of various agriculture crops? What happened to the Dr. Swaminathan Committee Report? The primary sector is the most neglected one. The sad and deplorable condition of the Indian agriculture during the tenure of this Government has reached such a dimension that even the propertied class of people do not find remunerative regular employment and hence they also demand for benefits of reservation. It is high time that there should be reservation of jobs in private sector also.

Why there is no mention about the NPAs of the large industrial houses and affluent to the tune of 1.14 lakh crores during the last two years? Is the GOI afraid to reveal the names of the big sharks of NPAs as well as black money holders? The burning issues of the common people - uncontrolled inflation of prices of essential goods and services and inadequacy of the social security network are there as long as the history of this nation. Only the crocodile tears come down, and no concrete steps. The galloping inflation in the prices of drugs, pharmaceutical items and surgical equipments have led the medical treatment of the common people virtually catastrophic.

May I ask how many centrally sponsored schemes have been renamed and how many of these old schemes have been merged with the new schemes? The showering of words do not kindle even a ray of hope in the hearts of the people.

The decentralization of powers has to take place in executive, legislative and judiciary simultaneously. Then what about the establishment of benches of Supreme Court, outside Delhi as envisaged by the Constitution of India under Article 130 of the Constitution? Why the Address is silent about the establishment of permanent bench of High Court in Thiruvananthapuram , being the capital city of Kerala?

There is no mention about the extension of the National Inland Waterways in between Kollam and Kovalam in the state of Kerala. The preservation of water sources should be of prime concern. But the rain water harvesting and construction of new hydro electric power projects do not find any place in his Address.

The Address does not speak anything about any financial and technical encouragement of traditional industries such as handloom, potteries, bamboo, carpentry , coir, traditional ornament making, mat-weaving, fisheries, handicrafts etc.

The Address does not speak anything about the reservation and protection of public lands and promotion of sports facilities at grass root level. What about the protection and encouragement of various regional art forms and folk culture? The Address is silent on the employment and hence about the increasing of the minimum wages to Rs.10,000 per month. It should be constitutionally admitted that the " Pension is the right and not a privilege." sufficient provision should be ensured for adequate facilities for the physically, and psychologically disadvantaged people. The National Commission for the OBCs should also be given Constitutional Status.

Why the President's Address is silent about the sufficient financial technical and medical care for those who are in need of the palliative care treatment? Our population is growing not only in quantum but also in life expectancy. Even after the declaration of new AIIMS in various states, why there is silence about the establishment of AIIMS in Attingal Lok Sabha Constituency, Kerala?

The Address does not mention about the speedy completion of Angamali Sabri Rail routes and connecting it to the Vizhijam International Seaport via Punalur and then to Vamanapuram- Nedumangad - Amvikkara - Kattakada of the Thiruvanathapuram district. The privatisation is not the panacea for the problems. Many of the PPPs have failed to deliver the results. Our natural resources are being looted by large corporates. The unholy nexus of big corporate - ruling political class and the bureaucrats is nothing else but a reality. We cannot tolerate corruption and communalism. " Corruption" should not be a side effect of the "development". Communalism is like small pox to the society while corruption is like cancer! We have to fight both tooth and nail.

Why this Address is still silent about the construction of a new National Highway in Kerala and a bypass on NH-47 at Attingal and also about Kottoor-Ambasamudram Highway to connect in between the capital cities of Kerala and Tamil Nadu States" respectively?

The declaration of Varkala Cliffs as Global Geological Heritage site needs sufficient financial provision for their protection. The grand old cliffs at Varkala have a height of 30 metres and 20million years old. Varkala Sivagiri has not received the national attention it deserves as a pilgrimage centre.

I could not understand why Address is silent about the solar capacity utilization of the Government owned premises. The use of LED bulbs has not been initiated even in Government buildings to reduce energy consumption. Preservation of energy is like creation of energy. But even the Govt. still uses old and conventional equipments.

The Address has neglected the sad plight of rice, sugarcane, coconut, cotton, cardamom and rubber cultivators. The conversion of cultivable land to other purposes, the decreasing in cultivable land of various crops and the high prices of pulses have led to incurable problems in the primary sector. There is urgent need to increase protein consumption of children and the pregnant women and hence for free provision of sufficient quota of pulses, cooking, oil, sugar to the schools as well as Anganwadies.

The Address is silent on international refugees issues. It is also silent about the solving of Rohingyan Refugees crists and their rehabilitation. It has not mentioned about the interstate migrant workers. Why silent on the demand to increase the wages of unorganised sectors including the MNREGA?

The Parliament is being bypassed. International treaties and conventions should be discussed and get assent from the Parliament. Various stake holders should also be consulted. The issues of the North Eastern states and Indian Islands should be separately discussed. The Parliament should be in session at least for a hundred days during a calendar year. All Indian languages should be used. We should start sending Indian Parliamentary

delegations to various nations in order to strengthen the international friendship and also for bilateral parliamentary understanding.

The Address is conspicuously silent about the failure to prevent the terrorist attacks in various defence establishments and against the people. It is also keeping mum on the growing menace of various signs of intolerance- communal, religious, social and political. The President has not said a word on growing attacks on the media persons and the whistleblowers.

The law and order situation in Delhi NCR has become shameful. The Delhi Police under the GOI is like a puppet and its over actions and inactions during various incidents are shocking ! Even the premises of MPs are not safe. The drug peddlers occupy various streets when dark falls. The slogan of "to serve and to protect" has become a joke among the people! The principle of co-operative federalism does not trickle down. The benefits of the record slash in the International crude oil prices have not been transferred to the working class and the poor. So the so-called "openness of a global economy" is only for the benefit of the rich and affluent.

Thus, I oppose the Motion of Thanks in its present form.

*m43

***SHRI ADHALRAO PATIL SHIVJIRAO (SHIRUR):** I indeed commend the Hon'ble President's address to both the Houses on the occasion of the beginning of the budget session of 2016 of the parliament. However I humbly want to draw the attention of the Government to the fact that the funds allocated to the Pradhan Mantri Gram Sadak Yojana are not sufficient. As we all are aware of the fact that, most of the India resides in rural areas. The agriculture forms the main occupation of the people residing there. The better road connectivity in rural areas is the only solution in bettering the agricultural business in rural areas. The appalling fact is, in the recent years, particularly since the last two years, the budget allocation to Pradhan Mantri Gram Sadak Yojana is small in comparison. Therefore, I think the increased budget allocation for PMGSY should have found a place in the Presidential address. Increasing rural road connectivity is of utmost importance if we are to improve the livelihood and living standard of people living in rural India.

The other important issue that I would like to point out is, as we all know farmers are committing suicide on larger scale in the state of Maharashtra. There is grave drought in the state of Maharashtra adding to the destitute of the farmers. Therefore I believe the suicide of farmers and the necessary remedies to mitigate the drought situation in the state of Maharashtra should have found mention the presidential address. Announcement of package for the farmers that are affected by the grave situation of drought would be one of such steps by the government. Instead, there is no mention of the farmers' situation in the presidential address.

Therefore, I urge the Government to be considerate towards matters that I think are of the urgent importance.

*m44

*__डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक (हरिद्वार)__ ः यह अभिभाषण सरकार का दृष्टिपत्र है जिसमें श्री नरेन्द्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व में चलने वाली एन.डी.ए. सरकार का दृष्टिकोण, योजनाएं और उनके क्रियान्वयन का दृढ़संकल्प परिलक्षित होता है।

यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने जिस प्रकार से पिछले 18 माह में तमाम क्षेत्रों में क्रांतिकारी कदम उठाकर राष्ट्र के सर्वांगीण विकास का स्वर्णिम अध्याय लिखा है उसकी मिसाल अद्वितीय है।

आज जबकि पूरा विश्व अनिश्चितता, निराशा के वातावरण में जीने को मजबूर है, भारत विश्व परिदृश्य में एक नई उम्मीद, आशा, उमंग और नए उत्साह का संचार करता नजर आता है। विश्व के आर्थिक पंडित भारत की तुलना एक दैदीप्यमान केन्द्र के रुप में कर रहे हैं। ***सबका साथ सबका विकास*** के मूलमंत्र को लेकर समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुंचने की कवायद अब रंग लाने लगी है। देश को पहली बार ऐसा प्रधानमंत्री मिला है जो एक ओर लाल किले की प्राचीर से स्वच्छ भारत के अभियान का संकल्प लेता है वहीं दूसरी ओर संपूर्ण विश्व समुदाय में भारत को उभरती आर्थिक शक्ति के रुप में स्थापित करने में देश को दूरदर्शी नेतृत्व प्रदान करता है। सौभाग्य से पहली बार हमें एक ऐसा जनप्रिय नेतृत्व मिला है जो भारत को विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं के माध्यम से सामाजिक, आर्थिक विकास अध्याय को जन-जन तक ले जाने के लिए कृतसंकल्प है।

प्रधानमंत्री बनने के बाद मात्र 18 माह में देश की 125 करोड़ जनता की आशा और उम्मीद पर खरा उतरते हुए श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश को दूरदर्शी, सशक्त नेतृत्व प्रदान किया है। लोगों की आशाएं परिणाम में बदलती दिख रही हैं और लोगों का भरोसा और मजबूत हो रहा है। मैं मानता हूं सरकार के सामने अभी चौतरफा चुनौतियां हैं। हमें लक्ष्य पाने के लिए एक लंबी डगर तय करनी है।

इस सबके बीच दुःख वहां होता है जब हमारी कड़ी मेहनत और समर्पण की उपेक्षा करते हुए विपक्ष के मित्र हमारी सरकार पर असहिष्णुता का आरोप लग रहे हैं। एक विशेष विचारधारा को थोपने की बात की जा रही है। हमारे राष्ट्रवाद पर प्रश्नचिन्ह लगा रहे हैं। हमें स्वतंत्र अभिव्यक्ति का विरोधी बता रहे हैं। उनसे मैं विनम्रतापूर्वक पूछना चाहता हूं कि स्वतंत्रता के लगभग सात दशकों में जब देश की कमान अधिकतर समय आपने संभाल रखी थी तो आपने क्या किया? आपातकाल में स्वतंत्र अभिव्यक्ति का गला तो आपने घोटा छद्म धर्मनिरपेक्षता की आड़ में देश को भ्रमित किया। हालत यह है कि देश की आजादी के 68 वर्षों बाद भी देश की आबादी का कुल 26 प्रतिशत अर्थात लगभग 32 करोड़ लोग गरीबी की रेखा से नीचे अभावों का दंश झेल रहे हैं। करोड़ों लोगों के पास आज भी सिर ढकने के लिए मकान नहीं हैं। 68 प्रतिशत अर्थात् लगभग 70 करोड़ लोगों के पास आज भी शौचालय नहीं है, वह खुले में शौच जाने के लिए मजबूर हैं। देश में 38 प्रतिशत अर्थात 45 करोड़ से अधिक लोग शिक्षा से वंचित हैं, इतना ही नहीं तो जो शिक्षित भी है वे ढंग का रोजगार पाने में विफल हैं। प्रतिशत अर्थात 60 से 65 करोड़ लोगों को पेयजल की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। भारत में आज भी 1700 व्यक्तियों पर एक चिकित्सक है जबकि यह संख्या एक हजार होनी चाहिए थी। अधिकांश ग्रामीण जनता आज भी चिकित्सा सुविधाओं से वंचित है।

ऐसी दुष्कर परिस्थितियों में वर्तमान सरकार के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी हर चुनौती का मुकाबला कर रात-दिन अहर्निश भाव से इस देश की 125 करोड़ जनता के समग्र विकास के लिए संकल्पबद्ध हैं। क्या विपक्ष में बैठे मेरे मित्र लोग आज की विषम परिस्थितियों को नकार सकते हैं? आज जब विश्व आर्थिक मंदी से जूझ रहा है। आतंकवाद दिन-प्रतिदिन अपनी विकरालता के साथ मानवता के लिए चुनौती बनकर खड़ा है, भुखमरी, गरीबी, अशिक्षा, बेरोजगारी से राष्ट्र त्रस्त हैंट ऐसे में देश का सक्षम,सार्थक, दूरदर्शी नेतृत्व का विरोध करना कौन सी बुद्धिमानी है। देश के लोगों को गुमराह करने की साजिश एनडीए सरकार को पीछे नही धकेल रही परन्तु देश को पीछे धकेल रही है। 125 करोड़ भारतीयों को पीछे धकेल रही है। मैं अपने विपक्षी मित्रों से कहना चाहता हूं कि आज आपको गरीबी पर चर्चा करनी चाहिए, जहां देश की प्रगति पर चर्चा होनी चाहिए थी आज जहां आपको जहां मेक इन इंडिया की चर्चा करनी चाहिए। जीएसटी पास करवाने की बात करनी चाहिए, स्वच्छ भारत अभियान के लिए सुझाव देने चाहिए, आपको जहां किसान बीमा योजना पर अपनी प्रतिक्रिया देनी चाहिए वहां आप कश्मीरी अलगाववादियों का राग अलापते हो। आपको जहां प्रधानमंत्री जी को उत्कृष्ट जीडीपी विकास दर की बधाई देनी चाहिए। आप हैदराबाद जाकर विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों को भड़काते हो और जे.एन.यू. पर राजनीति कर रहे हैं। चलिए मान लेते हैं आप विश्वविद्यालयों में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की बात करते हैं, क्या उन छात्रों का काम परिसर के पावन वातावरण को अलगाववाद की राजनीति कर दूषित करने का है? उन असीमित कुर्बानियों का जिक्र होना चाहिए था जिन्होंने हंसते हंसते देश की आजादी के लिए फांसी के फंदे को चूमा। उनके अरमानों की चर्चा होनी चाहिए थी लेकिन मुझे दुःख है कि चर्चा उनके पक्ष में हो रही है जो देश को मिटाने की बात कर रहे हैं। उनकी वकालत की जा रही है जो सरेआम संसद पर हमला करने वाले देशद्रोही अफजल की वकालत करते रहे हैं। यहां पर उनका पक्ष लिया जा रहा है जो अफजल गुरु की बरसी पर भारत को बर्बाद करने तक जंग जारी रखने की कसमे खाते हैं।

पूरा देश स्तब्ध है और कह रहा हैः-

शर्म आनी चाहिए उनको जो देश के गद्दारों से मिलते हैं,

उन्हें तो चुल्लू भर पानी में डूब मरना चाहिए।

जिनके चेहरे देशद्रोहियों को देख-देखकर खिलते हैं ।।

मैं अपनी कविता के कुछ अंश प्रस्तुत करना चाहता हूं

देश मिटाने वालों की साजिश की अब कोई खैर नहीं,

पर दुःख ये दुश्मन अपने ही हैं कोई गैर नहीं ।।

आज की इन परिस्थितियों को देखकर मैं अपने प्रश्न को अटल जी की कविता के रुप में अभिव्यक्त करता हूं कः-

तुम क्या जानों आजादी क्या होती है,

तुम्हे मुफ्त में मिली है, न कोई कीमत चुकायी है।

देश की दुःखद स्थिति को देखते हुए पीड़ा से उद्वेलित होते हुए किसी कवि ने कहा और मैं उद्धृत करना चाहता हूं -

अब कोई सपना मत देखो कि ये भूमि बांट ली जायेगी।

जो देश बांटना मांगेगी, वो जीभ काट ली जायेगी।।

अब तो सीमा पार हो गयी सहते-सहते सहने की ।

इसलिए जरुरत पड़ती है अब चिल्ला चिल्लाकर कहने की।।

कि जिसे मेरे देश से प्यार नहीं,

उसे भारत में रहने का कोई अधिकार नहीं ।।

मैं उत्तराखंड की गौरवमयी धरती से आता हूं जिसके रग-रग में देशभक्ति समायी है। जब भी देश पर कोई संकट आता है, उसकी पीड़ा को उत्तराखंड महसूस ही नहीं करता बल्कि पहली पंक्ति में खड़े होकर अपना बलिदान देता है। देश की आजादी से पहले हो या देश की आजादी के बाद, हम सभी जानते हैं कि जनसंख्या की अनुपात में सर्वाधिक कुर्बानियां उत्तराखंड ने दी है। उत्तराखंड की शौर्य गाथा देखें तो,

) **श्री मातबर सिंह नेगी:** 13 दिसम्बर, 2001 को संसद पर आतंकी हमले में शहीद हुए थे।

) **श्री सुरजन सिंह भंडारी:** 24 व 25 सितम्बर, 2002 (एन एस जी) अक्षरधाम मंदिर पर आतंकी आक्रमण में शहीद हुए।

) **श्री हवलदार गजेन्द्र सिंह:** 51 स्पेशल एक्शन ग्रुप(एन एस जी) 26/11/2008 को ताज होटल, मुंबई में आतंकी हमले में शहीद हुए थे।

) **श्री मनोज नौगाई सहित** 6 लोग दंतेवाड़ा में माओवादी हमले में शहीद हुए थे।

) कारगिल युद्ध में कुल 572 सैनिक शहीद हुए थे, जिसमें से 75 सैनिक उत्तराखंड से थे अर्थात देश की कुल जनसंख्या का एक प्रतिशत जनसंख्या वाला छोटा सा प्रदेश शहादत के मामले में 8 प्रतिशत का महान योगदान करता है।

) 19 सितम्बर, 2008 को दिल्ली के बाटला हाउस में हमला होता है तो उत्तराखंड के पुलिस इंस्पेक्टर महेश शर्मा शहीद होते हैं।

) भारतीय सेनाओं की सबसे गौरवशाली इतिहास वाली गढवाल और कुमाऊं रेजीमेंट का स्वर्णिम सफर रहा है।

गढवाल रेजीमेंट के पास (1) तीन विक्टोरिया क्रासः दरबान सिंह नेगी, गब्बर सिंह क्रमशः (फस्टयूबर्ट फ्रांस) न्यूव चैपल प्रथम विश्व युद्ध 1914 विलियम कैनी वजीरिस्तान अभियान, 1920; **(2)** 1, अशोक चक्र (भवानी दत जोशी, 1984 ब्लू स्टार); **(3)** 3 महवीर चक्र; **(4)**52 वीर चक्र; **(5)** 10 परम विशिष्ट सेना मैडल; **(6)** 84 सेना मैडल; **(7)** 17 अति विशिष्ट सेना मैडल।

<u>कुमाऊं रेजीमेंट:</u> (1) 2 परमवीर चक्र (1.मेजर सोमनाथ शर्मा 2. मेजर शैतान सिंह); **(2)** चार अशोक चक्र; **(3)** 10 महावीर चक्र; **(4)** 78 वीर चक्र

यह इस बात को साबित करता है कि उत्तराखण्ड की धरती पर ऐसे राष्ट्रभक्त पैदा हुए है, जिन्होंने देश की आन-बान-शान के लिए अपना सर्वस्व लुटा दिया।

मैं सावधान करना चाहता हूं कि देश के विरूद्ध इस स्वार्थी कृत्य के लिये आने वाली पीढ़ी कभी माफ नहीं करेगी । हम सार्थक राजनीति करते हैं, हम राष्ट्र निर्माण, जन कल्याण की राजनीति करते हैं और इसी क्रम में मैं अपनी सरकार की महत्वपूर्ण उपलब्धियों को आपके समक्ष रखना चाहता हूं। जो राष्ट्रपति जी ने अपने अभिभाषण में उल्लेख किया।

पहली बार लाल किले की प्राचीर से किसी प्रधानमंत्री ने स्वच्छ भारत अभियान के तहत ग्रामीणों को शौचालय उपलब्ध कराने का संकल्प लिया है क्योंकि देश की आजादी के 68 वर्षो के बाद आज भी 68 प्रतिशत ग्रामीण भारतीयों के पास शौचालय नहीं हैं। देश में सरकारें आयीं और गयी पर केवल इस सरकार ने इस महत्वपूर्ण मुद्दे की गंभीरता को समझा और उसके निवारण के लिए बड़ा अभियान हाथ में लिया। पूरे देश में स्वच्छता को बढावा देते हुए अक्तूबर 2019 तक भारत में खुले में शौच को बंद करने का लक्ष्य रखा है। अगले पांच सालों में स्वच्छ भारत अभियान में 2 लाख करोड़ रुपये का व्यय होगा। अगले 5 सालों में देश के ग्रामीण इलाकों में 11करोड़ नये शौचालयों का निर्माण किया जायेगा। शहरी क्षेत्र में 62000 करोड़ रुपये और ग्रामीण क्षेत्र में 1.34 लाख करोड़ व्यय करके आमूलचूल परिवर्तन लाया जायेगा। 15 अगस्त, 2015 तक देश के हरेक विद्यालय में एक शौचालय का निर्माण करने का लक्ष्य। पूरा देश इस मिशन से जुड़ा है, हर वर्ग, हर क्षेत्र के लोग इसमें अपना योगदान दे रहे हैं । पिछले एक वर्ष में सरकार ने 4,17,796 शौचालयों का निर्माण किया जिससे 13.77 करोड़ विद्यार्थी लाभान्वित हुए।

समग्र सामाजिक, आर्थिक विकास की अवधारणा को मूर्त रुप देने में लगी हमारी सरकार पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानवतावाद आधारित आर्थिक विकास को चरितार्थ करने में सफल रही है। जो समाज के अन्तिम व्यक्ति की चिंता करती है। राज्यों को सशक्त करने की दृष्टि से एवं केन्द्र राज्यों में बेहतर समन्वय बढाने की दृष्टि से केन्द्रीय करों में राज्य का हिस्सा 32 से 42 प्रतिशत बढा दिया जिससे कि आज 5.23 लाख करोड़ रुपये राज्यों को अधिक मिले हैं। गैर योजना ग्रांट इन एड को 40 प्रतिशत बढाकर 1,08,551 करोड़ कर दिया गया है। संपूर्ण देश के लिए यह गर्व का विषय है कि 2015-16 की देश की सकल घरेलू उत्पाद की विकास दर 7.6 प्रतिशत रहने की उम्मीद है। आज पहली बार वर्ल्ड बैंक, आई एम एफ, भारतीय जीडीपी ग्रोथ को विश्व में सर्वाधिक तेजी से बढते ग्रोथ रेट बता रहे हैं। भारत का सेवा क्षेत्र दुनिया का सबसे तेजी से बढते क्षेत्रों में से एक है जिसकी विकास दर 9 प्रतिशत से अधिक है।

देश में राष्ट्रीय राजमार्गो का वर्ष 2013-14 में 3500 कि0मी0 का निर्माण हुआ वहीं 2014-15 में 8,000 कि0मी0 और 2015-16 में 10,000 कि0मी0 का लक्ष्य रखा गया है। अत्यन्त अल्पसमय में तीन गुना से भी अधिक का निर्माण हमारी उस धारणा को परिलक्षित करता है जहां हम राजमार्गो को राष्ट्र रक्त की रक्त-धमनियां मानते हैं और इनके विकास के प्रति हमारी सरकार पूर्णतया समर्पित है।

गत वर्ष देश में 2442 कि0मी0 ब्राड गेज रेल लाइन बनायी गयी जो पिछले वर्ष के मुकाबले 65 प्रतिशत अधिक है। इसी तरह, इस वर्ष 982 कि0मी0 रेलवे लाइन का विद्युतीकरण किया गया जो पिछले वर्ष के मुकाबले 75 प्रतिशत अधिक है।

12900 कि0मी0 नए राजमार्गो को स्वीकृति मिली है। बंगलादेश, भूटान, भारत, नेपाल में मोटर व्हीकल एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर किए गए। वर्ष 2014-15 में 36 हजार कि0मी0 ग्रामीण सड़कों का निर्माण किया गया जो कि अपने आप में एक कीर्तिमान है ।

भारत की पहल पर अंतरराष्ट्रीय सोलर एलियांस की स्थापना की गयी है । देश के 18452 बिना विद्युत वाले गांवों में 5279 ग्रामों का विद्युतीकरण 2022 तक गैर परम्परागत ऊर्जा का लक्ष्य 175 गीगावाट रखा गया है। सौर ऊर्जा का 2022 तक 100 गीगावाट लक्ष्य निर्धारित सिंचाई पेयजल के लिए एक लाख सोलर पंप का प्रावधान किया गया। गैर परम्परागत ऊर्जा क्षेत्र में 6,00,000(छः लाख करोड़) का निवेश रखा गया है।

भारतीय इतिहास और विश्व इतिहास में पहली बार वित्तीय समावेशन की इतनी बड़ी योजना चलायी गयी/ चलाई ही नहीं गयी प्रधानमंत्री जन-धन योजना के तहत देश के विभिन्न अंचलों में 21

करोड़ के लगभग रिकार्ड खाते खोले गये जिनमें से 70 प्रतिशत के लगभग 15 करोड़ खाते चालू हालत में हैं । 30 प्रतिशत से कम लोगों के जीरो बैलेंस खाते हैं। यहां पर यह उल्लेखनीय है कि कुल मिलाकर इन खातों में 33,379 करोड़ रुपये जमा हुए जिसके लिए 1.26 लाख बैंक मित्र की नियुक्त किए गए। 16 करोड़ रुपये कार्ड इश्यू किए गए एवं सभी रुपये कार्ड धारक को मुफ्त दुर्घटना बीमा की सुविधा दी गयी है। सामाजिक सुरक्षा के तहत 12.33 करोड़ लोगों को सामाजिक सुरक्षा कवर के दायरे में लाया गया है। देश की 68 साल की स्वतंत्रता के बाद भी 68 प्रतिशत जनसंख्या का खाता नहीं था। प्रधानमंत्री द्वारा प्रारम्भ की गयी इस महत्वाकांक्षी योजना ने गिनीज बुक में अपना स्थान बनाया है। इस योजना के अंतर्गत जहां लाभार्थियों को एक ओर 30 हजार रुपये बीमा और एक लाख रुपये दुर्घटना बीमा की सुविधा मिलेगी वहीं ऋण के रुप में उन्हें 5 हजार लेने की सुविधा मिलेगी। इसके अतिरिक्त, इस योजना से देश को निम्न लिखित लाभ होगा। देश की आर्थिक रुप से पिछडी जनता का शत-प्रतिशत समावेशन सुनिश्चित किया जा सकेगा। योजना के अंतर्गत सब्सिडी की सरकारी भुगतान का खातों में सीधे हस्तान्तरण से मनरेगा, एल.पी.जी. सब्सिडी आदि सीधे उनके खातों में जाने से लीकेज रुकेगी। देश को अगले तीन वर्ष में 58,000 करोड़ से अधिक की बचत हो पाएगी। देश की मातृ शक्ति जिनके कि 51 प्रतिशत खाते हैं उन्हें विकास की मुख्यधारा में शामिल किया जा सकेगा।

किसानों के कल्याण से ही देश का कल्याण संभव है। किसानों के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना प्रारंभ की गयी है। प्राकृतिक आपदाओं में दी जाने वाली सहायता में 50 प्रतिशत की वृद्धि की गयी है क्या यह क्रांतिकारी कदम नही है कि मार्च 2017 तक देश के 14 करोड़ जोतधारकों को बढावा देने के लिए देश में परम्परागत कृषि विकास योजना प्रारंभ की गयी है । देश के किसानों को सिंचाई का लाभ देने के लिए प्रधानमंत्री कृषि योजना शुरु की गयी है । किसानों को अधिकतम बाजार मूल्य दिलाने के लिए 585 नियमित थोक बाजार ई-मार्केट की स्थापना की गयी है । जहां हमने अगले तीन वर्षों में 17 लाख मीट्रिक टन यूरिया का उत्पादन का लक्ष्य रखा है। द्वितीय हरितक्रांति सुनिश्चित करने के लिए हमारी सरकार कृतसंकल्प है। सरकार इस बात से भलीभांति परिचित है कि भारत गांव में बसता है। देश का विकास सुनिश्चित करने के लिए कृषकों का कल्याण अति आवश्यक है । इसके तहत हमने अपने कृषि विश्वविद्यालयों को सÃ¶ट्ढ़ किया है।

दुग्ध क्षेत्र में श्वेत क्रांति को आगे बढाते हुए दुग्ध उत्पाद 146 मीलियन टन से बढकर 160 मिलियन टन हो गया है। गोकुल मिशन के माध्यम से देश की 37 देशी प्रजातियों के संरक्षण संवर्धन के लिए 500 करोड़ का आवंटन किया गया है। नीली क्रांति के तहित मछली पालन के बेहतर प्रबंधन के लिए 3000 करोड़ का लक्ष्य रखा गया है।

जैविक कृषि को बढावा देने हेतु **"परम्परागत कृषि विकास योजना** आरंभ की गयी। यूरिया का उत्पादन पिछले दिसम्बर तक 184 मिलियन टन हुआ, इसी कारण देश यूरिया की किल्लत से बच सका।

गन्ना किसानों का बकाया 66,033 करोड से 1800 करोड़ तक नीचे ला दिया गया है। देश में 79 लाख लोगों को मृदा परीक्षण(स्वाइल कार्ड) उपलब्ध कराये गये, ताकि उनकी कृषि भूमि की पूरी जांच हो सके और उसके आधार पर फसलों का परामर्श दिया जा सके। कृषि उत्पादों के भंडारण की समस्याओं से निपटने हेतु 13.78 लाख मीलियन टन के लिए नई भंडारण की सुविधा बनायी गयी । किसान फसल बीमा योजना के तहत देश के 50 प्रतिशत कृषकों को सस्ते प्रीमियम पर फसल बीमा उपलब्ध कराया जाएगा।

हमारी सरकार मानती है कि अमेरिका, जर्मनी, जापान, दक्षिण कोरिया सरीखे देश शीर्ष पायदान पर इसलिए पहुंचे हैं क्योंकि वहां के विश्वविद्यालय उत्कृष्ट शिक्षा के केन्द्र हैं। इसी क्रम में सरकार के द्वारा उच्च शिक्षा के क्षेत्र में सरकार ने देश में दो नए प्रौद्योगिकी संस्थान,6 भारतीय प्रबंधन संस्थान, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एजुकेशन एण्ड रिसर्च एवं राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान की स्थापना की गयी है। छात्रवृत्तियों के लिए आवेदन की सुविधा ऑनलाइन हुई है, वहीं विदेशी विशेषज्ञों को भारत में अध्यापन के लिए आमंत्रित किया गया है।

सरकार ने महसूस किया है कि देश को समृद्ध बनाने की कवायद तभी सफल हो सकती है जब सभी तक शिक्षा पहुंचाई जाए। अल्पसंख्यकों के सामाजिक आर्थिक विकास हेतु नई मंजिल और उस्ताद नाम की येजनाएं शुरु की गयी हैं । अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के 50 प्रतिशत से अधिक बजट को छात्रवृत्ति फंड के लिए आवंटित किया गया है। विदेशों की तर्ज पर शिक्षा की गुणवत्ता बढाने हेतु देश में संस्थानों की रैंकिंग व्यवस्था को स्थापित किया जा रहा है ताकि संस्थान उत्कृष्टता की ओर सतत प्रयासरत रहे ।

भारत में करोड़ों बेघर लोगों को सिर के ऊपर छत उपलब्ध कराने के लिए एन.डी.ए. सरकार अपनी महत्वाकांक्षी योजना "सभी के लिए आवास"" के क्रियान्वयन के लिए संकल्पबद्ध है। **हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री जी की अगुवाई में हर व्यक्ति को छत देने का हमारा अभियान संपूर्ण विश्व के लिए नये मानदंड स्थापित करने में सहायक होगा। दो करोड़ नये घर बनाना अपने आप में एक नया कीर्तिमान है।** इस योजना के अंतर्गत वर्ष 2022 तक यह सुनिश्चित किया जायेगा कि शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के सभी लोगों को आवास उपलब्ध हो सके। समाज के आर्थिक रुप से कमजोर वर्ग एवं कम आय वर्ग के लिए एक लाख से 1.8 लाख तक की सब्सिडी दिए जाने का प्रावधान है। मध्यम वर्ग को लाभ पहुंचाने हेतु हाउसिंग ऋणों का सरलीकरण एवं अधिक टैक्स की रियायतें देने की योजना बनायी गयी है। इसी शृंखला में राष्ट्रीय आवास बैंक के कॉरपस को बढाने का निर्णय भी लिया गया है। योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु हाउसिंग बैंक को 8000 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है।

इतिहास इस बात का साक्षी है कि पिछले 18 महीनों में हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में तथा यशस्वी विदेश मंत्री श्रीमती सुषमा स्वराज जी के प्रयास से भारतीय विदेश नीति ने नई उंचाइयों को छुआ है, चाहे वह सार्क देशों का समूह हो, चाहे ब्रिक्स या फिर अमेरिका, आस्ट्रेलिया या यूरोपीय संघ, सभी ने प्रधानमंत्री जी की नेतृत्व क्षमता पर अपना विश्वास प्रकट किया है । इन सभी देशों के साथ परस्पर मैत्री और सहयोग का नया अध्याय शुरु हुआ है।

हाल ही में नेपाल के साथ द्विपक्षीय मामलों के 9 समझौतों पर हस्ताक्षर कर नए संविधान की वजह से आज गतिरोध को दूर किया गया। पहली बार इतनी सफलतापूर्वक इंडो अफ्रीका सम्मिट का आयोजन किया गया, जिसमें अफ्रीका के 54 देशों को आमंत्रित किया गया । पहली बार 40 से अधिक राष्ट्राध्यक्षों ने इस कार्यक्रम में शिरकत की ।

अमेरिका ने पहली बार संयुक्त राष्ट्र की स्थायी सदस्यता के लिए भारत का इतना समर्थन किया है। अगले पांच साल में अकेले जापान ने 40 बिलियन अमेरिकी डालर या 240 हजार करोड़ का निवेश करने के लिए आश्वासन दिया है। फ्रांस के राष्ट्रपति की हाल की भारत यात्रा से सामरिक संबंधों को नई ऊर्जा का संचार हुआ है। एक ओर रेफेल जेट के महत्वपूर्ण करार को आगे बढाने में मदद मिली है वही स्मार्ट सिटा सोलर एलियांस प्रौद्योगिकी हस्तांतरण गैर वैकल्पिक ऊर्जा में सहयोग का मार्ग प्रशस्त हुआ।

इसी कड़ी में चीन ने भी अगले पांच वर्षों में 20 बिलियन डॉलर(120 हजार करोड़) के निवेश का वायदा किया है। संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा भी 41 बिलियन डालर के निवेश की योजना है और उसने भारत के साथ सामरिक महत्व के कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों में साथ मिलकर काम करने की इच्छा जतायी है। इसके अतिरिक्त, भूटान, नेपाल, फीजी, श्रीलंका से हमारे रिश्तों में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। पाकिस्तान को भी कड़े शब्दों में आतंकवाद से बाज आने को कहा गया है। रुस, आस्ट्रेलिया, जर्मनी, दक्षिण अफ्रीका से द्विपक्षीय मामलों में निकटता बढी है।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के यशस्वी नेतृत्व में हमारी सरकार ने "मेक इन इंडिया" को ध्यान में रखते हुए जहाजरानी क्षेत्र को नया जीवन देने तथा घरेलू शिपयार्डों को वित्तीय सहायता देने के लिए एक योजना प्रारंभ की है। प्रमुख पत्तनों के प्रचालन को सुचारु बनाने और नियमों तथा प्रक्रियाओंो को सरल बनाने के लिए अनेक कदम उठाए गए हैं । वर्ष 2015 में भारत के पत्तनों पर उतराई-लदाई औसत समय सबसे कम रहा और प्रमुख पत्तनों पर आने-जाने वाले कार्गो की मात्रा सबसे अधिक रही । इसके अतिरिक्त, सरकार अंतर्देशीय जलमार्गों और तटीय जल परिवहन व्यापक प्रयोग कर वैकल्पिक साधन के रुप में बढावा देने का प्रयास कर रही है ।

इसी क्रम में सरकार छोटे शहरों से कनेक्टिविटी बढाने के लिए नई नागर विमानन नीति पर भी कार्य कर रही है। इस वर्ष के दौरान घरेलू हवाई यात्री ट्रैफिक में काफी वृद्धि है। सरकार की दूरदर्शी नीति के तहत देश भर में इलैक्ट्रानिक विनिर्माण के लिए विश्वस्तरीय संरचना स्थापित करना सरकार की प्राथमिकता रही है। 19 इलैक्ट्रानिक विनिर्माण समूहों का विकास किया जा रहा है। मोबाइल हैंडसेट विनिर्माण उद्योग में ड्यूटी व्यवस्था में हाल ही के सुधारों से चालू वर्ष में मोबाइल हैंडसेट का उत्पादन लगभग दुगुना हो गया है। स्पैक्ट्रम की पारदर्शी एवं दक्ष नीलामी के कारण अभी तक की अधिकतम लगभग एक लाख दस हजार करोड़ रुपये की कीमत प्राप्त हुई है। संसाधनों के अधिकतम उपयोग के लिए स्पैक्ट्रम ट्रेडिंग एवं शेयरिंग जैसी नीतियां बनायी गयी हैं ।

भारत में मैन्यूफैक्चरिंग क्षेत्र को बढावा देने हेतु प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की अगुवाई में एन.डी.ए. सरकार ने मेक इन इंडिया योजना क्रियान्वित की है। देश में रक्षा क्षेत्र में विदेशी निवेश 26 से 49 प्रतिशत तक बढ़ने से इस क्षेत्र में नई क्रांति आएगी। निर्माण और रेल से जुड़े आधारभूत ढांचे में सौ प्रतिशत विदेशी निवेश से रेलवे में चली आ रही आर्थिक संसाधनों की कमी दूर होगी।

हमारे देश में शक्ति जिसका अर्थ ताकत है, स्त्री शक्ति का साकार रुप है। यहीं शक्ति हमारी ताकत को दर्शाती है। सरकार ने भारतीय वायुसेना में शॉर्ट सर्विस कमीशन अधिकारियों और फाइटर

पायलट के रुप में महिलाओं को शामिल करने का अनुमोदन कर दिया है। सरकार ने महिलाओं को सुरक्षा और संरक्षण पदान करने के लिए राष्ट्रव्यापी आपातकालीन पृतिक्रिया पृणाली, एक केन्द्रीय पीड़ित मुआवजा निधि, महिला और बच्चों के विरुद्ध साइबर अपराध निषेध और संगठित अपराध जांच एजेंसी और रेल में महिलाओं की सुरक्षा के एकीकृत आपालकालीन पृतिक्रिया पूबंधन पृणाली जैसे कई उपाय किए हैं।

कई औद्योगिक कॉरिडोरों की स्थापना की योजना बनायी गयी है। 48-72 घंटे तक सभी निवेशकों को सभी पूकार के क्लीयरेंस दिए जाने की योजना है। कौशल विकास और उद्यमिता केन्द्रों के माध्यम से देश में औद्योगिक उत्पादन को नयी गति देने की कवायद की जा रही है। स्मार्ट सिटीज का निर्माण कर देश के नागरिकों को विश्वस्तरीय आवासीय सुविधा उपलब्ध कराने का पूयास किया जा रहा है। डी लाइसेंसिंग जैसे महत्वपूर्ण कदम उठाकर देश के उद्यमियों को नए उद्योग स्थापित करने के लिए पोत्साहित किया जा रहा है।

मेक इन इंडिया से एक करोड़ लोगों को रोजगार मिलने की संभावना है। चौबीसों घंटे ई बिज पोर्टल के माध्यम से उद्यमियों एवं उनसे जुड़े सभी लोगों को सभी सूचनाएं आनलाइन दिए जाने का पूावधान किया गया है। सरकार द्वारा देश में औद्योगिक उत्पादन को नयी ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए 25 मुख्य क्षेत्रों की पहचान की गयी है जिसमें दूरसंचार, पर्यटन, फार्मास्टयूटिकल, ऊर्जा आदि महत्वपूर्ण हैं। दो वर्षों में पूरे देश में 1000 से अधिक विश्वस्तरीय पूशिक्षण संस्थाओं की स्थापना की जायेगी। पूशिक्षण संस्थाओं के लिए 15000 करोड़ का पूावधान किया गया है। अंतर्राष्ट्रीय पूतिस्पर्धा का मुकाबला करने के लिए 15-35 वर्ष के युवाओं को निर्माण, पेंटिंग, प्लंबिंग, मेसन, फिटर और नर्सिंग पूशिक्षण दिए जाने की विशेष सुविधा का पूावधान किया गया है।

समूचे विश्व में आर्थिक विकास की महत्वपूर्ण चुनौती के रुप में कुशल उद्यमियों और कारीगरों की कमी है। इसके दृष्टिगत सरकार द्वारा समुचित उद्यमिता विकास कार्यक्रमों को चलाया जा रहा है, ताकि हमारे उद्यमी समय की मांग पर खरे उतर सकें। मौजूदा सरकार सभी पूकार के कारीगरों को पूशिक्षित करने का पूयास कर रही है।

वाइट कॉलरः पूबंधन

ग्रे-कॉलरः नोलेज वर्कर

ब्लू कॉलरः उत्पादन सर्विस/ सेक्टर

रस्ट कॉलरः असंगठित मजदूर

विश्व परिदृश्य में भारतीय उत्पादों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए व्यापक पूयास किए जा रहे हैं। पूधानमंत्री मुद्रा योजना के अंतर्गत 2.7 करोड़ नए ऋण का पूावधान किया गया, जिसमें कि 99,468 करोड़ व्यय आने का अनुमान है। मैं सोचता हूं स्टार्ट अप इंडिया, स्किल इंडिया, मेक इन इंडिया, समृद्ध भारत के स्तंभ बनेंगे।

पूधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने क्रांतिकारी कदम उठाकर राजस्व का 42 पूतिशत राज्य सरकारों को देने का अभूतपूर्व निर्णय लिया है। वर्ष 2013-14 की अपेक्षा राज्यों को अब 175 हजार करोड़ अतिरिक्त मिलेगा। इसके अतिरिक्त, आंध्र पूदेश, पश्चिम बंगाल, हिमाचल पूदेश, जम्मू कश्मीर आदि कम राजस्व वाले राज्यों को 1.94 लाख करोड़ का अतिरिक्त अनुदान पाप्त होगा।

सभी राज्यों के मुख्यमंत्री नीति आयोग में बराबर के हकदार होंगे। मोदी जी ने यह कदम उठाकर अपनी 4डी छवि को पूस्तुत किया है। **(1)**decisive (निर्णायक); **(2)** dynamic (पूगतिशील); **(3)**development(विकास); **(4)**devolution(विकेन्द्रीकरण)

गंगा स्वच्छता अभियान के तहत सरकार ने गंगा की निर्मलता, स्वच्छता, अविरलता और संरक्षण हेतु व्यापक मिशन की स्थापना की है । इस महत्वाकांक्षी योजना के लिए सरकार ने 20 हजार करोड़ रुपये का पूावधान किया है। देश के शीर्ष आईआईटी संस्थानों का कंसोर्टियम बनाकर उन्हें गंगा के सफाई अभियान से जोड़ा जा रहा है। नमामि गंगे निम्नलिखित उद्देश्यों पर ध्यान देगीः-

निर्मल धारा - इसके तहत नगरपालिका क्षेत्र में सीवरेज पूबंधन कर गंगा को शुद्ध रखने का पूयास किया जायेगा। इसमें ग्रामीण अंचलों में हो रहे सीवरेज द्वारा पदूषण को रोका जायेगा। इसमें औद्योगिक कचरे को गंगा में जाने से रोक लगायी जायेगी।

अविरल धारा - गंगा घाट, सिंचाई योजना और वैटलैंड का संरक्षण इसके मुख्य लक्ष्य रहेंगे। इसके अतिरिक्त, गंगा की जैव विविधता, पारिस्थितिकी, पर्यटन, जहाजरानी क्षमता पर भी ध्यान केन्द्रित किया जायेगा। एक पूथम गंगा ज्ञान केन्द्र की स्थापना की जायेगी। हमारा जल जीवन देश के 485 जिलों में लागू किया गया है। ताकि सभी को पर्याप्त मात्रा में स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित हो सके ।

देश में मेक इन इंडिया को सफल बनाने के लिए कुशल कारीगरों का होना अत्यन्त आवश्यक है। इस बात के महेनजर सरकार ने निम्नलिखित कदम उठाए हैं।

- सरकार ने 2020 तक 500 मिलियन यानी कि 50 करोड़ लोगों को पूशिक्षित करने का लक्ष्य बनाया है।
- देश में जर्जर होते आई टी आई एवं पुराने पाठ्यक्रमों की समस्या से निपटने के लिए सरकार ने एक हजार नए पूशिक्षण संस्थाओं की स्थापना का मन बनाया है। इसके लिए 15000 करोड़ की व्यवस्था की गयी है ।
- ग्रामों में कौशल विकास को बढावा देने के लिए दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना, आर्थिक रुप से पिछड़े लोगों के लिए दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय योजना और अनु0जाति, अनु0जनजाति एवं अल्पसंख्यक समुदाय के लिए उस्ताद योजना का शुभारंभ किया गया है।

देश के संसाधनों का समुचित दोहन और पूक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए यह सरकार संकल्पबद्ध है । कोयले के ब्लाकों का आवंटन करने में सरकार ने जिस कुशलता का परिचय दिया है उसका अन्यत्र कहीं भी उदाहरण नहीं मिलता। गत वर्ष कोल इंडिया लि0 में 9.8 पूतिशत की विकास दर दर्ज की गयी। 15 कोल वाशरीज का निर्माण अतूबर 2017 तक बनाने का पूावधान किया गया। कोल लीकेज को तर्कसंगत बनाकर 877 करोड़ की बचत की। वर्ष 2014-15 का कोयला उत्पादन पिछले चार वर्ष के कुल उत्पादन से ज्यादा है ।

अध्यापकों, महिलाओं, वृद्धों, संगठित और असंगठित मजदूरों के कल्याण एवं सामाजिक सुरक्षा के लिए सरकार ने विभिन्न स्तरों पर कदम उठाए हैं। बालिका शिक्षा को बढावा देने के लिए सुकन्या समृद्धि खाते का शुभारंभ किया गया है ताकि देश में लड़के-लड़की का भेद मिट सके और हमारी बेटियां भी राष्ट्र निर्माण और उत्थान में बराबरी की हिस्सेदार बन सकें। अध्यापक और पूशिक्षकों के कल्याण हेतु पं0 मदन मोहन मालवीय पूशिक्षण योजना का शुभारंभ किया गया, ताकि अंतर्राष्ट्रीय पूतिस्पर्धा के युग में हमारे शिक्षक योग्य पठन-पाठन कर सकें। कर्मचारियों भविष्य निधि हेतु न्यूनतम आय 15000 रूपए कर दी गयी है जिससे संगठित क्षेत्र के 50000 शूमिक लाभान्वित होंगे। 1 सितम्बर, 2014 से देश में न्यूनतम पेंशन 1000 रुपये कर दी गयी है, जिसका लाभ 3200000 लोगों को मिलने की उम्मीद है ।

मैं सरकार का ध्यान हिमालीय राज्यों की विशिष्ट दुर्गम परिस्थितियों की तरफ आकृष्ट करना चाहता हूँ जो कि पारिस्थितिकी की दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील एवं सामरिक रूप से अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। जैव विविधता से परिपूर्ण यह क्षेत्र अपने हिमनदों, नदियों और अपवाह के माध्यम से विश्व की 130 करोड़ जनता को पूत्यक्ष या अपूत्यक्ष रूप से लाभान्वित करता है। हिमालय में अपार खनिज, वन और जल संपदा है जिसका क्षेत्र और देश के लिए समुचित दोहन किया जाना आवश्यक है। ऐसी स्थिति में मेरा अनुरोध है कि हिमालीय राज्यों को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए अलग से मंत्रालय का गठन किया जाए। यहां पर जब तक ऐसा संभव नहीं तब तक परिषद का गठन किया जाये ताकि पर्यावरण संरक्षण के साथ क्षेत्र के आर्थिक, सामाजिक विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

संपूर्ण हिमालीय क्षेत्र की विशिष्ट पारिस्थितिकी के मद्देनज़र, पृथक सामाजिक, आर्थिक आवश्यकताओं के दृष्टिगत इस क्षेत्र के राज्यों को उनके नियोजित विकास के लिए पोत्साहन के रूप में समुचित ग्रीन बोनस दिया जाना चाहिए।

महत्वपूर्ण वनाच्छादित दुर्गम सामरिक रूप से पर्वतीय प्रदेश उत्तराखण्ड का 66 प्रतिशत वन क्षेत्र है। नित प्रतिदिन उत्तराखण्ड में भीषण प्राकृतिक आपदाएं आती रहती है। बेरोज़गारी दुर्गम परिस्थितियों और आपदा के कारण तेजी से बढ़ रहे पलायन को रोका जाना अत्यंत आवश्यक है। मेरा अनुरोध है कि राज्य में विशिष्ट भौगोलिक, आर्थिक, सामाजिक परिस्थितियों को देखते हुए कृषि और बागवानी की विशेष परियोजनाएं बनायी जाए। पर्यटन की असीम संभावनाओं को देखते हुए विशेष परियोजना के क्रियान्वयन की जरूरत है। देश के सैन्य और अर्द्धसैनिक बलों में उत्तराखण्ड के महत्वपूर्ण योगदान को देखते हुए यहां पर सैन्य प्रतिष्ठानों के साथ युवकों को विभिन्न स्तरों पर भर्ती के लिए प्रशिक्षण सुविधा उपलब्ध करायी जानी चाहिए। विशेष प्रकार की कौशल विकास योजनाओं के माध्यम से युवाओं को बागवानी कुटीर उद्योग, जड़ी-बूटी उत्पादन, पुष्प उत्पादन के लिए प्रेरित और प्रोत्साहित करना पड़ेगा।

मैं प्रधानमंत्री जी तथा अपनी सरकार का आभारी हूँ कि चाहे चार धाम महायोजना हो अथवा "नमामि गंगे" योजना अथवा रेल परियोजनाएं या प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए, हज़ारों करोड़ रूपया विकास की विभिन्न योजनाओं के लिए प्रदान किया है।

आज जबकि आरोप-प्रत्यारोप के बीच सरकार की उपलब्धियों को नगण्य करने की साजिश चल रही है, मैं अपने विपक्षी साथियों से निवेदन करना चाहता हूं कि वास्तविकता को समझें तथा सदन को एवं देश को भ्रमित न करें । मैं आपके समक्ष कुछ आंकड़े प्रस्तुत करना चाहता हूं । निर्णय आप स्वयं कर सकते हैं।

जहां तक रोजगार सृजन का प्रश्न है, आनलाइन नियुक्तियों में 52.7 प्रतिशत विकास दर देखी गयी है। मैन्यूफैक्चरिंग सैक्टर(विनिमाण क्षेत्र) में 12.6 प्रतिशत की विकास दर दर्ज की गयी है। विश्व आर्थिक फोरम की प्रतिस्पर्धात्मक सूची में भारत पिछले वर्ष 71वें पायदान पर था और आज 55वीं पायदान पर आ गया है। जहां पिछले वर्ष 2014 में 313.5 बिलियन का निवेश था वहीं इस वर्ष जून 2014 से जून 2015 तक 354.2 बिलियन डालर का निवेश किया गया है। ग्रीनफील्ड निवेश 2015 द्वारा एवं अमेरिकी फारन पोलिसी पत्रिका द्वारा भारत को निवेश के लिए नं01 गन्तव्य बताया है। देश के ब्रांड वैल्यू के क्षेत्र में 32 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गयी है। ट्रैवल एवं पर्यटन प्रतिस्पर्धात्मक सूची में भारत 2013 में 65वे स्थान पर था अब 52वें स्थान पर आ गया है।

ढांचागत अवस्थापना विकास जिसमें सड़क, रेलवे, ऊर्जा और अन्य ढांचागत विकास के प्रोजेक्टों में पिछले वर्ष 29.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी है । 128,168 (एक लाख अठाइस हजार एक सौ अड़सठ करोड़) का व्यय किया गया है। भारतीय मूल के लोगों को जीवन पर्यन्त वीजा दिया गया है। भारत और भूटान ने 10,000 मेगावाट विद्युत उत्पादन के करार पर हस्ताक्षर किये वहीं हमने 1000 अफगानी बच्चों को छात्रवृति देने की व्यवस्था की एवं उनके लिए नयी संसद का निर्माण किया।

पारदर्शेता एवं भ्रष्टचार - निरोधी अभियान में तेजी लाते हुए सरकार ने टेलीकाम नीलामियों से 1.09 लाख करोड़ अर्जित किये। स्वप्रमाणन को प्रभावी बनवाकर सशक्तीकरण किया है।

125 व्यय एक्ट को हटा दिया गया है एवं 1000 एक्टों को और हटाने की आवश्यकता है । डिजिटल भारत के लिए 1.13 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। स्मार्ट सिटीज के लिए 98 हजार करोड़ की व्यवस्था की गयी है। स्वच्छ भारत अभियान में पिछले वर्ष 4.2 लाख नये शौचालय विद्यालयों को दिए गए।

आईआईएम, आई आई टी, आई आई एस ई आर, एन आई टी, समेत देश में कुल 18 नए उच्च शिक्षण संस्थानों की स्थापना की गयी। दीन दयाल उपाध्याय योजना के तहत 1.75 लाख युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया गया।

सुकन्या समृद्धि योजना के अंतर्गत 80 लाख नए खाते खोल गए जिसमें 3400 करोड़ रुपये जमा किये गये। मिशन इन्द्र धनुष के तहत 7 नयी वैक्सीन (टीके) बनाए गए। वन बंधु कल्याण योजना के तहत महिलाओं और बालिकाओं में सिक्कल सेल एनीमिया (आइरन की कमी से) के विरुद्ध अभियान चलाया गया।

अल्पसंख्यकों को समुचित प्रशिक्षण और रोजगार देने के लिए नयी मंजिल, उस्ताद और मौलाना आजाद राष्ट्रीय योजना शुरु की गयी ।

आज स्थिति चुनौतीपूर्ण है। श्रेष्ठ समृद्ध भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए हम सभी को अपने आप को राष्ट्र निर्माण के पुनीत यज्ञ में पूर्णतया समर्पित करना होगा। भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री एवं हम सबके आदर्श आदरणीय श्री अटलबिहारी वाजपेयी जी की कविता को उद्धत करना चाहूंगा

बाधाएं आती हैं आएं।

घिरे प्रलय की घोर घटाएं।।

पावों के नीचे अंगारे।

सिर पर बरसे यदि ज्वालाएं।।

निज हाथों में हंसते हंसते।

आग लगाकर जलना होगा।।

कदम मिलाकर चलना होगा।।

सबका साथ और सबका विकास की धारणा को चरितार्थ करते हुए हमारी सरकार ने एकात्म मानववाद भारत की विकास यात्रा में पिछड़े, गरीब, उपेक्षित, कृषक वर्ग, महिला और युवाओं पर अपना ध्यान केन्द्रित किया है । महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण से भी यही प्रतिबिंबित होता है । मुझे डा. विजय तिवारी की कवित की कुछ पंक्तियां याद आती हैं।

अब हमको संकल्पित होकर, प्रगति शिखर पर चढ़ना है।

ऊंच नीच के छोड़ दायरे हर पल आगे बढ़ना है ।।

सारी दुनिया में भारत की, नई पहचान बनाना है।

भारत को खुशहाल बनाने, आज क्रांति फिर लाना है ।।

हमें भरोसा है देश की 125 करोड़ जनता पर, उनकी संकल्पशक्ति पर उनके दृढनिश्चय पर, उनकी मेहनत पर उनके समर्पण पर । यही विश्वास हमें आत्मबल देता है जिसके सहारे हम विकसित स्वाभिमानी भारत की कल्पना को साकार करने में सफल होंगे ।

*m45

***श्री जनार्दन सिंह सीगीवाल (महाराजगंज)** ः जिस प्रकार महामहिम राष्ट्रपति जी ने अपने अभिभाषण में पं. दीनदयाल उपाध्याय जी के सिद्धांत ""अंत्योदय"" का उल्लेख किया है, उससे स्पष्ट हो जाता है कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व वाली राजग सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति तक को विकास के माध्यम से मुख्य धारा में लाना चाहती है। इसका जीता-जागता उदाहरण प्रधानमंत्री जन-धन योजना के अंतर्गत आम जनमानस द्वारा खोले गए 21 करोड़ खाते हैं। ये माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के प्रति देश की महान जनता का विश्वास ही है कि जीरो बैलेंस वाले खाते में भी देश की महान जनता ने देश के खजाने में 32 हज़ार करोड़ रूपए जमा किये हैं। महामहिम राष्ट्रपति जी ने अपने अभिभाषण में सरकार के विजन ""गरीबों की उन्नति"", ""किसानों की समृद्धि"" और ""युवाओं को रोजगार"" का जिक्र किया है। निश्चत रूप से हम कह सकते हैं कि जन-धन योजना के अंतर्गत खुले खाते हों या अटल पेंशन योजना अथवा प्रधानमंत्री जीवन सुरक्षा बीमा योजना, जिसके अंतर्गत मात्र रूपए 1 प्रति माह 12 रूपए प्रति वर्ष में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा दिया जा रहा है। ये तमाम योजना गरीबों की उन्नति की साक्ष्य बन रही हैं। जहां तक किसानों की बात है, हमारे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की हमेशा से ही कहना है कि देश का कल्याण तब तक संभव नहीं है, जब तक देश के किसान समृद्ध नहीं होंगे। हमारी सरकार ने किसानों के हित में बहुत ही लाभकारी निर्णय लिए हैं, चाहे वो किसान बीमा योजना हो या सॉइल हैल्थ कार्ड हो या फसल आपदा की निर्धारित क्षति की सीमा 50 से 33 प्रतिशत करना हो। देश में पहली बार हर खेत के पानी देने के उद्देश्य से ""प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना"" लाई गई है। आज सरकार की पारदर्शिता से काम करने का ही नतीजा है कि देश में उर्वरक की आपूर्ति को सुनिश्चित किया गया है। आज किसानों को अधिकतम बाज़ार मूल्य दिलाने के लिए 585 थोक बाजारों को एक साथ जोड़ने वाले एक साझा ई-मार्केट प्लेटफॉर्म की स्थापना करने के उद्देश्य से एकीकृत राष्ट्रीय बाज़ार के लिए कार्य किया जा रहा है। इससे भारत को वन फूड जोन, वन कंट्री, वन मार्केट बनाया जा सकेगा। इससे हमारे किसानों को उनकी फसल और मेहनत का उचित मूल्य मिलेगा।

पूर्वी राज्यों की कृषि क्षमता का भरपूर उपयोग करने के उद्देश्य से द्वितीय हरित क्रांति लाने के लिए सरकार अनेक कदम उठा रही है। मेरी सरकार ने तीन नए कृषि प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थानों एवं 109 नए कृषि विज्ञान केंद्रों की स्थापना उनका सुदृढीकरण एवं कृषि उच्चतर शिक्षा को मजबूती प्रदान करने के उपाये किये हैं। किसानों के लाभ के लिए नई नीतियों, कीमतों और अन्य कृषि संबंधी विषयों पर सूचना प्रदान करने के लिए 24/7 किसान चैनल प्रारंभ किया गया है।

मेरी सरकार देश के सामाजिक व आर्थिक विकास में पशुपालन, दुग्ध उत्पादन और मछली पालन जैसे क्षेत्रों के महत्व को मानती है। आज भी भारत 6.3 प्रतिशत वृद्धि दर के साथ सबसे बड़ा दुग्ध उत्पादक देश बना हुआ है। पोल्ट्री वेंचर कैपिटल फंड और रूरल बैकयार्ड पोल्ट्री डेवलपमेंट कार्यक्रमों के कारण अंडों का अब तक का सबसे अधिक उत्पादन हुआ है। 3 हज़ार करोड़ रूपए के केन्द्रीय परिव्यय से मछली पालन के समेकित विकास और प्रबंधन को सुनिश्चित करने के लिए ""नीली क्रांति"" (ब्ल्यू रिवोल्यूशन) आरंभ कर चुकी है।

अब तो आम बजट में भी प्रस्ताव किया गया है कि उर्वरकों पर मिलने वाली सब्सिडी सीधे किसानों के खाते में जाएगी। माननीय मोदी जी के नेतृत्व में पहली बार सरकार ने पर्सनल सेक्टर पर ज़ोर देते हुए स्किल डेवलपमेंट जैसी महत्वाकांक्षी योजना को देश में लागू किया गया है। युवाओं को रोज़गार देने के लिए और उनको स्वरोज़गार बनाने के लिए बहुत सी योजनाओं को लाया गया है जिसमें ""मेक इन इंडिया"", ""प्रधानमंत्री मुद्रा योजना"", ""प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना"" आदि प्रमुख हैं। इसके अतिरिक्त "प्रधानमंत्री की मुद्रा योजना" के तहत 2.6 करोड से भी अधिक लोगों को समेकित रूप से एक लाख करोड़ रूपए से अधिक धनराशि संवितरित की है, जिनमें 2.07 करोड़ महिला उद्यमी हैं। सूक्ष्म,लघु और मध्यम उद्यमों के ऑनलाइन पंजीकरण को सुगम बनाने के लिए "उद्योग आधार पोर्टल" स्थापित किया गया है। हमारी सरकार ने 2022 तक सबको सस्ते मकान देने के उद्देश्य से ""प्रधानमंत्री आवास योजना"" को चालू किया है। हमारी सरकार ने 2018 तक ""पं. दीनदयाल ग्राम ज्योति योजना"" के अंतर्गत सभी गांवों तक 24 घंटे बिजली पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। ""पहल"" योजना के अंतर्गत 15 करोड़ रसोई गैस धारकों को सीधे उनके खाते में सब्सिडी का लाभ मिल रहा है। माननीय मोदी जी के प्रोत्साहन के अनुपालन स्वरूप ""गिव इट अप"" कैम्पेन के तहत 62 लाख परिवारों ने अपनी एल.पी.जी. सब्सिडी छोड़ दी है। महामहिम राष्ट्रपति जी ने हमारी सरकार द्वारा संचालित अल्पसंख्यक वर्ग के लिए महत्वपूर्ण योजना ""नई मंजिल"" और ""उस्ताद"" का उल्लेख किया, जिसके अंतर्गत 20,000 मदरसों में स्किल ट्रेनिंग दी जा रही है। हमारी लोकप्रिय सरकार ने अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के तहत 50 प्रतिशत से अधिक बजट को अल्पसंख्यक छात्र एवं छात्राओं के लिए निर्धारित किया है, जिससे इस वर्ग के छात्रों को काफी लाभ मिलेगा।

माननीय प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा ही थी कि भारतीय संस्कृति को मानते हुए गत वर्ष पूरे विश्व ने 21 जून को ""अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस"" मनाया गया।

आज देश में माननीय मोदी जी के प्रोत्साहन का ही नतीजा है कि देश में ""स्वच्छता अभियान"" के अंतर्गत स्वच्छता के प्रति एक माहौल बना है और लोग इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं और स्वयं स्वच्छता के प्रति जागरूक भी हैं।

अन्य ऐसी तमाम योजनायें जो माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व में भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही हैं, उनका जिक्र महामहिम राष्ट्रपति जी ने अपने अभिभाषण में उल्लिखित किया है। आज सरकार ने अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम को और प्रभावशाली बनाने के लिए उसमें संशोधन किये हैं, जिससे कि इन वर्ग के लोगों को आर्थिक, सामाजिक एवं न्यायिक शक्ति प्राप्त हुई है। संविधान रचनाकार एवं महान विद्वान बाबासाहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के 125वीं जयंती सरकार के द्वारा मनाई जा रही है तथा इसमें सभी वर्ग के लोगों का समर्थन मिल रहा है। हमारी सरकार ने इसी वर्ष 26 जनवरी को बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के जयंती को संविधान दिवस के रूप में प्रत्येक वर्ष बनाने का निर्णय लिया है।

महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में उल्लिखित उक्त तमाम योजनाओं और भारत सरकार की विकास परख एवं ""सबका साथ-सबका विकास"" से प्रेरित नीतियों का समर्थन करते हुए लिए धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ।

*m46

श्री मुलायम सिंह यादव (आज़मगढ़) : माननीय सभापति जी, आपने मुझे महामहिम राष्ट्रपति के अभिभाषण पर बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूँ।

राष्ट्रपति जी संविधान की औपचारिकता को निभाते हैं। भाषण तो यह सरकार की होती है, सरकार ही इसे लिखकर भेजती है। वे समझते हैं कि राष्ट्रपति जी भी कुछ संशोधन कर लेते हैं। यह तो मुझे अनुभव है कि राज्यपाल जी के यहाँ भेजते हैं और वे थोड़ा सजेशन देते हैं, तो मान लेते हैं। लेकिन यह भाषण तो पूरा सरकार का है। इस सरकार के अब दो साल होने जा रहे हैं। अब देर नहीं है, दो साल हो गये हैं। लेकिन इसी सरकार की, आपकी पार्टी की कथनी-करनी में कितना भेद है? कितने वायदे किये गये थे? कम से कम कोई भी वायदा तो अब तक पूरा हो जाना चाहिए था। दो साल होने जा रहे हैं। यदि वायदा पूरा नहीं कर सकते, तो इसकी शुरुआत तो कर सकते थे। एक भी वायदा पूरा करने के लिए आपने शुरुआत भी नहीं की। आपने कहा था कि आते ही हम महंगाई खत्म कर देंगे। महंगाई तो नहीं खत्म हुई, यह और बढ़ गयी। अब आपने थोड़ी सी पेट्रोल और डीजल के दाम की बात की। असल में डीजल के दाम ज्यादा घटाना चाहिए था, जो कि किसानों से संबंधित है। खेती का पूरा काम तो डीजल से ही हो रहा है। आपने पेट्रोल के दाम तो ज्यादा कम किये हैं और डीजल के दाम कम नहीं किये। सरकार की क्या नीयत है? आपने पूरी तरह से साबित कर दिया है, डीजल और पेट्रोल की कीमत को बढ़ाने-घटाने में, यह उद्योगपतियों और पूंजीपतियों की सरकार है। उनके हितों की सरकार है। अब इसका आपके पास क्या जवाब है? डीजल का उपयोग किसान करता है उसकी कीमत ज्यादा की और पेट्रोल की कीमत कम की। क्या किसान पेट्रोल से अपना काम चला लेंगे? इसलिए मैंने कहा कि सरकार की कथनी-करनी में भेद है।

एनडीए में शामिल दलों के बीच जो एकता भंग हो रही है। यह देश की एकता के लिए खतरा है। एक-दूसरे के बीच कितनी दूरियाँ हो रही हैं। जैसे इस बात की सदन में चिन्ता भी है, वर्ष 2014 में देश की जनता ने एनडीए को बहुमत दिया था। आपको बहुमत दिया, लेकिन आपने 20 महीनों में क्या किया? देश के किसानों के लिए आपने क्या किया? आप कोई एक काम बता दें जो देश के किसानों के लिए किया गया हो। मजदूर हैं, अल्पसंख्यक हैं, बुद्धिजीवी हैं, छात्र, शिक्षक हैं, ये अचानक सरकार के खिलाफ क्यों हो गये? यह एक गंभीर बात है। इस पर सोच-विचार करने की जरूरत है। किसान, मजदूर, बुद्धिजीवी, छात्र, शिक्षक एक साथ सरकार के खिलाफ क्यों खड़े हो गये? जिन्होंने बड़े गर्व के साथ और जोश के साथ आपको बहुमत दिया, वही आपके खिलाफ हो रहे हैं।

यह कोई मामूली बात नहीं है। प्रधानमंत्री जी ने जो अपील की, दिल्ली में जनता ने उसे ठुकरा दिया। अपील का कोई असर नहीं पड़ा। आपने बिहार में अपील की, वहां भी आपकी अपील को ठुकरा दिया। आपको सोचना चाहिए, आप कहां हैं, कहां थे और कहां जा रहे हैं। मैं देश की एकता चाहता हूं। राजनीतिक दलों में वैचारिक मतभेद हो सकते हैं, लेकिन जहां तक देश का सवाल है, बहुत से ऐसे मुद्दे हैं, जिन पर पूरा सदन और पूरा देश एक हुआ है। इसका अभाव हो रहा है आपकी तरफ से। इसलिए मैं आपको बताना चाहता हूं कि विश्वविद्यालयों के छात्रों के मन में सरकार के प्रति भय पैदा हो गया, क्योंकि उनको लगने लगा है कि सरकार देश का ढांचा बदलना चाहती है या संविधान बदलना चाहती है, आरक्षण समाप्त करना चाहती है। आपका जो कुछ है, वह आरएसएस है और आरएसएस के नेता आरक्षण के खिलाफ बोलते हैं कि हम इस पर विचार करेंगे, संशोधन करेंगे, क्या करेंगे। आप आरक्षण के खिलाफ कुछ करेंगे तो पूरे देश में क्या होगा, पूरा देश खड़ा हो जाएगा। आप आरक्षण पर विचार नहीं कर सकते, आप ऐसा करने की गलती मत करना, वह बहुत बड़ी भूल होगी। ऐसे ही आरक्षण नहीं मिला है, इसके लिए हमने संघर्ष किया है। कर्पूरी ठाकुर और चौधरी देवीलाल ने भी समर्थन कर दिया, उधर पूरे दक्षिण भारत के बड़े-बड़े नेता, उनके नाम क्या लूं, सब एक साथ खड़े हो गए और चन्द्रशेखर जी की अध्यक्षता में एक कमेटी बनी। चन्द्रशेखर जी की कमेटी ने स्वीकार किया और मंडल आयोग की सिफारिशों को लागू करने का फैसला किया गया। चौधरी साहब ने बाकायदा इसका समर्थन किया और यह प्रस्ताव रखा की आरक्षण होना चाहिए। आप समझिए कि कितने बड़े-बड़े लोगों ने सोच-समझकर आरक्षण दिलाया है - पिछड़ों को, गरीबों को और आपने कह दिया कि हम उस पर विचार करेंगे।

आरएसएस को क्या आप ठुकरा सकते हैं? आरएसएस को कोई मंत्री ठुकरा दे, तो वे उसे निकाल बाहर करेंगे। सच है कि आरएसएस है, लेकिन आरएसएस के मामले में थोड़ा मोदी जी ने, प्रधानमंत्री जी ने दर्शाया है कि हम अपने मन से भी कुछ काम करते हैं, अपने मन की बात कहते हैं। अपने मन की बात उन्होंने प्रेस को की। मन की बात के लिए मुझे पूरा विश्वास है कि आप लोगों से नहीं पूछ होगा। इसीलिए उन्होंने अपने मन की बात की। मैंने आपको सावधान किया है। कश्मीर में भाजपा और पीडीपी के बीच कितना विश्वास है। पहले बीजेपी और पीडीपी की एका थी कश्मीर में, अब कितना संबंध रह गया है? पूरा देश जानता है कि पीडीपी और बीजेपी के बीच गंभीर मतभेद है। इसी तरह से महाराष्ट्र में भाजपा और शिवसेना के बीच कितना प्रेम बाकी है? गीते साहब बता दें, कितना प्रेम था दोनों में, बीजेपी और शिवसेना में, लेकिन अब कितना प्रेम है। वहां भी आप लोग एक दूसरे के खिलाफ हो गए। इसी तरह से आप पंजाब में देख लीजिए। पंजाब में अकाली दल ने आपका समर्थन किया और भाजपा भी...(व्यवधान) सरकार से टूटने की नौबत है। ...(व्यवधान) यह बात पूरा देश जानता है, आप यहां कहती रहिए, वहां जाइए, तब पता चलेगा। गैर-भाजपा शासित राज्यों और केन्द्र के बीच अविश्वास बढ़ रहा है।

जहां तक पाकिस्तान और नेपाल जैसे पड़ोसी देशों की बात है, उनसे रिश्ते खराब हो रहे हैं। ठीक है कि वहां के प्रधानमंत्री जी आए, उनका स्वागत किया, लेकिन मैं महसूस करता हूं कि मोदी साहब ने प्रयास किया तो अच्छा है। यह मैं समझता हूं और मानता हूं कि दुनिया के देशों से ज्यादा से ज्यादा संबंध अच्छे हों और कम से कम विरोधी हों, वही विदेश नीति सफल है। लेकिन अभी तक आपका दोस्त कोई नहीं बन पाया। संबंध अच्छे होने की बात अलग है। अगर दोस्त बनाए थे तो आजादी के बाद पंडित जवाहर लाल नेहरू जी ने बनाए थे। जब हिन्दुस्तान की पाकिस्तान के साथ लड़ाई हुई, तो उधर पाकिस्तान का साथ देने के लिए अमेरिका ने जहाजी बेड़ा भेजा तो इधर हिन्दुस्तान का साथ देने के लिए रूस ने अपनी फौज भेजी। यह थी दोस्ती! आप बताएं कि क्या किसी देश के साथ आपकी ऐसी दोस्ती है, किसी से नहीं है। सम्बन्ध अच्छे हो सकते हैं, लेकिन दोस्ती किसी से नहीं है। आप चीन की बात करते हैं। जब चीन से आपकी बात हो रही थी तो उसी समय चीन की फौज हमारी सीमाओं में घुस आई थी। उधर नेपाल के राजदूत ने बयान दिया कि अगर जरा सा भी भारत ने हस्तक्षेप किया नेपाल के मामले में तो हम चीन के साथ चले जाएंगे। क्या यह मामूली बात थी, क्या आपको जवाब नहीं देना चाहिए था? नेपाल का राजदूत चीन के साथ जाने की बात कर रहा था। वहां पर लोग मारे जा रहे थे, कई हत्याएं हुई हैं। ठीक है, तब उस पर अगर किसी ने हस्तक्षेप किया तो सुषमा स्वराज जी ने कुछ प्रयास किया था। प्रधान मंत्री जी ने भी प्रयास किया है। हमें नेपाल द्वारा चीन का भय क्यों दिखाया जा रहा है और बाकी भी क्यों यह सब दिखाते हैं? आज चीन की भी स्थिति ठीक नहीं है। लेकिन मैं कहना चाहता हूं कि भारत कि फौज भी कमजोर नहीं है, बहादुर फौज है हमारी। अगर किसी ने हम पर हमला किया तो हमारी बहादुर फौज दो टूक जवाब देने में सक्षम है। मैं रक्षा मंत्री रह चुका हूं इसलिए मुझे पता है कि हमारी फौजें कितनी बहादुर हैं। इसलिए हिन्दुस्तान को इस तरह से कोई दबाने की कोशिश करे, आप चुपचाप रहें, हमें तो किसी तरह आप दबा देंगे, लेकिन देश को मजबूत करें। अगर देश मजबूत होगा, तो आप भी मजबूत होंगे और देश भी स्वीकार कर लेगा कि देश मजबूत हुआ है।

आपने कहा था कि हम हर साल दो करोड़ लोगों को रोजगार देंगे। दो साल होने को हैं, इस हिसाब से चार करोड़ बेरोजगारों को रोजगार मिलना चाहि था। मैं कहना चाहता हूं कि चार करोड़ तो क्या आपने दस लाख लोगों को भी रोजगार नहीं दिया है। क्या यह जनता के मन में आपके प्रति अविश्वास नहीं है, जनता के साथ धोखा तो नहीं है, क्योंकि आप जनता को दिए हुए वादों पर कायम नहीं रहे हैं। आपने जनता के साथ जो वादे किए, वह समझ रही है कि वे वादे पूरे नहीं हुए हैं, युवा भी यह बात समझ रहे हैं, हम भी समझ रहे हैं इसलिए सारा विपक्ष एक साथ खड़ा हुआ है। लेकिन आप नहीं समझ रहे हैं। ठीक है कि सत्ता में रहकर आदमी भूल जाता है, लेकिन ऐसा नहीं होना चाहिए। आपको सत्ता मिली, आपने नारे लगाए, लोगों ने भी आपको जिताया और हार पहनाया, लेकिन अब असलियत यह है कि अब वही जनता आपके खिलाफ खड़ी हो गई है। अब आपकी सरकार की उलटी गिनती शुरू हो गई है। आप केवल विपक्ष को और वामपंथियों को देश विरोधी बताएंगे, उससे आपका संकट नहीं टलेगा। हमें आप लोगों का विरोधी कहते हैं, हम विपक्ष वाले हैं, क्या हम भी देशद्रोही हैं? यह भाषा आपके लोग ही बोल रहे हैं। हम जानते हैं कि सारे मंत्री नहीं कहते, प्रधान मंत्री नहीं कहते, सुषमा जी नहीं कहतीं, लेकिन कुछ मंत्री बोलते हैं।

आज देश के सामने कई समस्याएं हैं। आपकी विदेश नीति ऐसी होनी चाहिए कि दूसरे देशों के साथ आपके अच्छे सम्बन्ध तो हों ही, दोस्ती भी होनी चाहिए। जितने देशों से अच्छे सम्बन्ध होंगे, दोस्ती

होगी, उस सरकार की विदेश नीति उतनी ही सफल होगी। लेकिन आपको इसमें कहीं कोई कामयाबी नहीं मिली है। आप बता दें कि फलां देश हमारा दोस्त है। सम्बन्ध अच्छे हो सकते हैं, लेकिन दोस्ती नहीं है।

मैं कहना चाहता हूं कि इसके लिए आप ही जिम्मेदार नहीं हैं, कांग्रेस पार्टी भी थोड़ी-बहुत जिम्मेदारी है। मैंने जब इनकी सरकार थी, तब यह कहा था। उस समय के प्रधान मंत्री जी ने हमें बुलाया था और बात की थी। लेकिन आप तो कोई बात ही नहीं करते। हम कोई बयान देते हैं, आपको अच्छा लगे या नहीं, आप कहिए तो सही। आप हमें बुलाएं, सर्वदलीय बैठक बुलाएं और पूछें कि देश की एकता के बारे में आपकी क्या राय है। अब मानना या न मानना आपका काम है, हम तो राय दे ही सकते हैं। लेकिन इससे सद्भावना रहेगी, देश की एकता मजबूत होगी।

यहां हम अलग-अलग सत्ता की लड़ाई लड़ते रहेंगे, इसमें कोई दो राय नहीं हैं। लेकिन आपको अपने अनुभव से काम लेना चाहिए। आपने कहा कि विपक्ष के लोग, वामपंथी देश विरोधी हैं। अब 'अच्छे दिन' का नारा देने वाले प्रधान मंत्री जी और सरकार देश के कठघरे में खड़ी हो चुकी है। आपने स्वीकार नहीं किया, आगे आपको दिल्ली में पता चल गया, बिहार में पता चल गया कि आपने और प्रधानमंत्री जी ने अपील क्यों नहीं मानी, उसका कोई असर नहीं पड़ा। आपके सामने दो उदाहरण आ ही गए हैं, दिल्ली और बिहार। आगे आने वाले समय में...(व्यवधान) आप लोग बेरोजगारी तो दूर नहीं कर पाए हैं और चार लाख लोगों को भी टाइम पर नौकरी नहीं दे पाए हैं। जो पढ़े-लिखे बेरोजगार हैं। वैसे कितने हैं, दस लाख बढ़ ही रहे हैं। इसके अलावा जो पढ़े-लिखे हैं, वो तो दस लाख बढ़ ही रहे हैं। गांव में फसल खराब होने से बरोजगारी पैदा हो रही है। उनकी संख्या भी तो अलग है? अभी कहीं सूखा पड़ा, कहीं बाढ़ आयी, किसान बर्बाद हो गया, एक दाना नहीं हुआ, तो वह भी बेरोजगार हुआ है। इस तरह से बेरोजगारी बढ़ रही है। नीयत और नीति में नीतियां कितनी भी अच्छी हों, अगर नीयत अच्छी नहीं है तो नीतियां काम नहीं करती हैं। भले ही नीतियां खराब हों, अगर नीयत सही है तो काम चल सकता है, लेकिन इस सरकार की नीयत सही नहीं है। चाहे कितने अच्छे वायदे किए हों, चाहे कितनी अच्छी बातें की हों, लेकिन आपकी जो नीयत है, वह इसी से पता चल रहा है कि आपकी नीयत कैसी है?

मठोदय, अभी जो बात चल रही थी और राष्ट्रपति जी ने कहा भी था कि पिछली सरकार ने मनरेगा शुरू की थी। उससे लोगों को सौ दिन का रोजगार मिल जाता था। आप उसकी घोर उपेक्षा कर रहे हैं। उसमें जबरदस्त भ्रष्टाचार है, लेकिन भ्रष्टाचार को दूर करना चाहिए, उसको बंद नहीं करना चाहिए। मनरेगा में अधिक धन देकर किसानों और भूमिहीनों की रक्षा की जानी चाहिए। मनरेगा बंद नहीं कीजिए, भ्रष्टाचार पर रोक लगाइए। मनरेगा अच्छी स्कीम है, जिसमें गरीब, भूमिहीन मजदूरों को काम मिल जाता है। राष्ट्रपति जी ने कहा कि संशोधन किया जाएगा। आप संशोधन कीजिए और ढाई सौ दिन का कम से कम रोजगार और ढाई सौ रुपया प्रतिदिन के हिसाब से कीजिए। अगर आप यह कर देंगे तो हो सकता है कि आप कामयाब हो जाएं। मेरी आपको यह सलाह है और आपको यह करना चाहिए कि ढाई सौ दिन का काम और ढाई सौ रुपया प्रतिदिन के हिसाब से आप मनरेगा में संशोधन कीजिए। राष्ट्रपति जी ने जो कहा है, उसका पालन कीजिए। राष्ट्रपति जी की संवैधानिक मजबूरी है और वह पढ़ेंगे, लेकिन लिखा तो आपने ही है। इसलिए आप ढाई सौ रुपया प्रतिदिन का दीजिए। इससे असर होगा, गरीबों को फायदा होगा, किसानों को फायदा होगा। प्रधानमंत्री जी ने देश की जनता से वायदा किया था कि विदेश में जो कालाधन है, वह हम वापस लाएंगे। कितना आया है, इसके आंकड़े अभी नहीं आए हैं...(व्यवधान) इनको भी नहीं पता है। कुछ नहीं आया है। विदेश से कालाधन लाएंगे, लेकिन कालाधन कितना लाए हैं, इस बारे में आपको बताना चाहिए। जब प्रधानमंत्री जी उत्तर देंगे तो उनको जरूर बताना चाहिए कि विदेश से हम इतना कालाधन ले आए हैं। जिनके पास कालाधन है, जैसा कि जेटली साहब ने बताया था कि 11 लोग हैं। पिछले सत्र में कुछ नाम बताए थे। कितना धन आया है, इस मुद्दे पर सरकार पूरी तरह से विफल रही है। जिन लोगों के नाम बताए थे, विदेश से धन लाना दूर रहा, सैंकड़ो करोड़ रुपया रोज विदेश जा रहा है।

17.55 hours (Shri Pralhad Joshi *in the Chair*)

आखिर क्या वजह है, इसके पीछे कौन है? सरकार की बिना सहमति के क्या विदेश में पैसा जा सकता है, नहीं जा सकता है। लेकिन आप इसमें नाकाम रहे हैं। प्रधान मंत्री जी ने कहा था कि हर भारतीय के खाते में 15 लाख रुपया जायेगा, 15 लाख रुपये तो दूर की बात है, पांच रुपये भी नहीं पहुंचे। अब आप पता लगा लीजिए, हम भी हैं, आप भी हैं, सब यहां हैं, 15 लाख रुपये खातों में भेजने की बात थी, लेकिन वहां तो पांच रुपये भी नहीं भेजे। देश के नागरिकों के साथ में आप इतना बड़ा धोखा करेंगे, राष्ट्रपति जी ने कहा कि कालेधन पर जो कानून बना है, उसका लाभ मिलने लगा है। क्या लाभ मिला, आप बताइये, कोई आज बोले तो आज बता दे, वरना प्रधान मंत्री जी बोलेंगे कि क्या लाभ मिला है। जिन लोगों के नाम सामने आए हैं, उनमें कितने लोगों के खिलाफ कार्रवाई हुई है और ये नाम किसने बताये थे, ये नाम आपके वित्त मंत्री, जेटली साहब ने बताये थे और जिन लोगों का विदेशों में धन जमा है, उनके खिलाफ अगर सरकार ने कार्रवाई नहीं की है तो मेरा आरोप है कि आपकी सरकार की साठगांठ है। जिनके पास कालाधन है और उनके खिलाफ यदि आप कार्रवाई नहीं कर रहे हो, जबकि आपको जानकारी भी मिल गई है, लेकिन कार्रवाई न करने का मतलब आपकी उनके साथ साठगांठ हैं। आपको इसे स्वीकार करना पड़ेगा। अगर साठगांठ नहीं है तो यह बताइये कि जो सरकार का आतंक होता है, सरकार की जो शक्ति होती है, उससे बड़ा न किसी का आतंक होता है और न किसी के पास शक्ति होती है, सरकार से बड़ी शक्ति किसके पास होती है। अगर सरकार सख्ती करती तो कालेधन पर रोक लगती, कालाधन पकड़ा भी जाता, कालाधन रखने वालों के खिलाफ कार्रवाई भी की जाती। लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं हुआ तो मैं यही कहूंगा कि आपकी साठगांठ है। सरकार की नीति और नीयत ठीक नहीं है, जो मैंने पहले कहा था, फिर भ्रष्टाचार कैसे रुक जायेगा। भ्रष्टाचार नहीं रुक रहा है, भ्रष्टाचार बढ़ रहा है। यह सरकार दावा करती थी कि लाखों गरीबों के बैंकों में खाते खुल जायेंगे, खाते खुल गये, अगर खाते खुल गये हैं तो आपने यह नहीं बताया कि गरीबों को बैंक ने रोजगार क्या दिया है। इसके अलावा कितने बेरोजगारों ने नया कारोबार शुरू किया। सरकार के पास इसके आंकड़े नहीं हैं, क्योंकि सरकार का झूठा नारा है, गरीब बेरोजगारों के साथ सरकार द्वारा धोखाधड़ी की जा रही है। कितना कालाधन है, आप बताइये कि हम इतना कालाधन लाये हैं और हमने यह कार्रवाई की है। वित्त मंत्री ने 11 नाम बता भी दिये थे।

माननीय सभापति : मुलायम सिंह जी, अब आप कंक्लूड कीजिए।

श्री मुलायम सिंह यादव: सभापति जी, आप उधर हालत देखिये कि निजी बैंकों में मुनाफा बढ़ रहा है और सरकारी बैंकों में मुनाफा घट रहा है, क्या यह कोई मामूली बात है? मंत्री जी को सब पता है कि गैर सरकारी बैंकों मे मुनाफा लगातार बढ़ रहा है और सरकारी बैंकों में मुनाफा घट रहा है।

माननीय सभापति : मुलायम सिंह जी, अब आप कंक्लूड कीजिए, आपको लगभग 25 मिनट हो गये हैं।

श्री मुलायम सिंह यादव: जो सबसे बड़ा बैंक है, उसकी हालत भी ठीक नहीं है। इसलिए हम आपसे कह रहे हैं कि निजी बैंकों का मुनाफा बढ़ रहा है और दूसरी तरफ सरकारी बैंकों का मुनाफा घट रहा है और सबसे बड़े भारतीय स्टेट बैंक की हालत खराब है। शायद वित्त मंत्री जी ने स्वीकार भी किया है कि स्टेट बैंक की हालत खराब है। अब स्टेट बैंक की हालत खराब होगी तो इसका देश पर क्या असर पड़ेगा, इसके बारे में सोचना पड़ेगा। आप इसे कैसे ठीक कर सकते हो, अगर हम लोगों की राय लेना चाहते हो तो हम लोग भी राय दे सकते हैं। लेकिन आप हमारी राय नहीं लेंगे, यह हम जानते हैं, आप मनमानी कर रहे हैं। डेमोक्रेसी है, प्रजातंत्र है, इसमें आप राय ले सकते हैं, आप विद्वानों की राय ले लो, साथियों की राय ले लो, रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया को भारी अनुभव है, आपको वह बतायेगा। मैं समझता हूं कि आपको उनसे पूछना चाहिए। मैं आपको सलाह दे रहा हूं, आपको यह करना चाहिए, वरना आपके सामने बहुत भारी संकट आयेगा और देश के सामने संकट आ रहा है। सरकार ने सबके बैंक खाते खोल दिये, लेकिन उससे उपभोक्ताओं को कोई लाभ नहीं हुआ।

18.00 hours

दूसरी बात, सरकार छोटे कर्ज देने के लिए कह रही है, लेकिन बैंकों के पास धन कहां से आएगा? आप कह तो रहे हैं कि हम देंगे, लेकिन आप यह भी बताएं कि आपके पास धन कहां से आएगा? नहीं आ रहा है तो क्यों नहीं आ रहा है? स्टेट बैंक में भी ऐसी हालत खराब हुई तो फिर आपके पास क्या बचेगा? जो सबसे बड़ा बैंक स्टेट बैंक है, उसकी भी हालत खराब हो रही है। अभी जो आंकड़े आए हैं, उनमें दस बड़े उद्योग समूहों पर 113 अरब डॉलर का कर्ज है। ये उद्योग समूह उस कर्जे को नहीं चुका रहे हैं और चार लाख करोड़ रूपये बट्टे खाते में डाल दिए। मैं पूछना चाहता हूँ कि इन पैसों की उगाही नहीं होने वाली है। ...(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: Shri Mulayam Singh ji, I have to take the sense of the House. Hon. Members, I have a list of more than 25 Members to speak on the Motion of Thanks. If the House agrees, the time for the discussion may be extended by two hours.

SOME HON. MEMBERS: Yes.

THE MINISTER OF URBAN DEVELOPMENT, MINISTER OF HOUSING AND URBAN POVERTY ALLEVIATION AND MINISTER OF PARLIAMENTARY

AFFAIRS (SHRI M. VENKAIAH NAIDU): There are a lot of small parties who are yet to speak. We have to complete it today. Please keep that in mind.

Shri Mulayam Singh ji, please continue.

श्री मुलायम सिंह यादव: सभापति जी, मैं कह रहा था कि दस बड़े औद्योगिक समूह हैं। मंत्री जी आप विद्वान भी हैं, आप ही कुछ रास्ता निकाल सकते हैं। 113 अरब डॉलर का कर्जा वे नहीं चुका रहे हैं और चार लाख करोड़ रूपये बट्टे खाते में चले गए हैं। अब नए सिरे से 700 अरब रूपये की पूंजी बैंकों को देने का प्रस्ताव है तब बैंकों की हालत सुधारेंगे। ऐसी हालत में सरकार का सबका साथ और सबका विकास का नारा हवाई नारा हो गया है। इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूँ।

HON. CHAIRPERSON: I have a long list of Members who want to speak. Now, small parties are there. To accommodate all, we have to complete within five minutes. After four minutes, I will ring the bell and you have to conclude within one minute. I have no other option.

*m47

***श्रीमती रीती पाठक (सीधी)** ः संसद के समक्ष भारत के राष्ट्रपति के अभिभाषण के विषय में मैं अपनी ओर से कुछ विचार रखना चाहती हूं । राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में देश को सकारात्मक एवं मजबूत राह पर लाने के लिए निश्चित रूप से देशवासियों को विश्वसनीयता दिलाई गयी है । देश के मुखिया के उस विचार को जिसने यह दर्शाया है कि सबका साथ है तभी सबका विकास है सत्य है यदि एसी सोच है तो तभी देश की प्रगति एवं देशवासियों के हित की चिंता है ।

देश के राष्ट्रपति जी के द्वारा यह स्वीकारा गया की यह सरकार संवेदनाओं से भरी हुई सरकार है जिसने " गरीबों की उन्नति " किसानों की समृद्धि एवं " युवाओं के रोजगार " की संवेदना के साथ चिंता की गई है । देश को यदि विकासात्मक राह पर अग्रसर करना है तो ऐसे विचार एवं ऐसे लोच उपलब्धता अतिआवश्यक है । पंडित दीन दयाल उपाध्याय की सोच पर आधारित एकात्म मानववाद के दर्शन पर चल रही यह सरकार निश्चित रूप से देश के हर वर्ग और हर व्यक्ति को साथ में लेकर मजबूत बनाने का प्रयास कर रही है ।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की सोच पर आधारित स्वच्छ भारत अभियान यह दर्शाता है कि समग्र भारत का निर्माण ही इस सरकार की परिकल्पना है ।

भारतीय सामाजिक सुरक्षा एवं उसके अधिकारों को सुरक्षित रखना हमारे सरकार की प्राथमिकता है। आर्थिक रूप से देश को समृद्ध बनाने का कार्य सकारात्मक सोच का ही परिणाम है ।

पारित कानूनों को बदल कर एवं नियमों में बदलाव कर यह पारित कर दिया गया हे कि तरमार ने कानून की जटिलता को आसान कर न्यायिक प्रणाली को जन हत तक आसानी से पहुंचाया है । देश के हर विषय में चिंता कर हर क्षेत्र में प्रगति करना है । आदरणीय प्रधानमंत्री जी का उद्देश्य रहा ।, अभिभाषण में राष्ट्रपति जी के द्वारा यह भी उल्लेख किया गया कि आज देश उन्नति के राह पर अग्रसर है तथा "मेक इन इंडिया" "स्किल इंडिया " जैसे अभिघातों से एक नई क्रांति आई है ।

संवेदनाओं से भरी हुई इस सरकार ने महिलाओं को सशक्त एवं समृद्ध बनाने के लिये कई प्रयास एवं अनोखे पहल किये हैं जिसमें देश की बेटिया अपने भविष्य के लिए सकारात्मक सोच रखने लगी है ।

देश के प्रधानमंत्री जी के द्वारा विदेश यात्रा के दौरान बनाने वाले संबंध एवं करारों ने देश को लाभ के स्तर पर अग्रसर किया है ।

अतः सरकार के द्वारा लाया जाने वाला बजट भी निश्चित रूप से देश के सपनों को पूरा कर देने वाला ही होगा ।

मैं राष्ट्रपति जी के अभिभाषण के पक्ष में अपने सकारात्मक विचार को रखते हुए समस्त क्षेत्रों में देश के विकास की कामना करती हूं ।

*m48

***SHRI B. SRIRAMULU (BELLARY) :** I support the Motion of Thanks. I am thankful to our Prime Minister, Shri Narendra Modi for his vision and guiding the nation on the path of progress and prosperity. In less than two years time, he has shown to the country what good governance is all about. An atmosphere of trust among the people have been built. There has been a sense of certainty and confidence among the foreign investors after a series of measures taken by our government for ease of doing business. Despite an unfavourable global economic downturn, our economy has registered over 7 per cent of GDP growth and expected to reach 10 per cent by 2019.

I take this opportunity to place on record my deep appreciation to the vision of our Prime Minister Shri Narendra Modi and the farsightedness, experience and understanding of our Finance minister to roll out schemes like the Pradhan Mantri Jan Dhan Yojana which was criticised by the opposition. But today, the scheme is one of its kind for providing a unique opportunity to all those who would not have dreamt of having a bank account in their life time. It has helped in enhancing financial inclusion of the poorest of the poor and the downtrodden.

I would like to bring to the attention of the Government to emphasize on bringing more people, particularly the poor tribal's to the scheme so as bring them to the mainstream and to make them a partner in the nation's progress.

Another, visionary initiative of our Government is the 'Make in India' programme. I am sure, this will be a big success and will provide employment opportunity to thousands of youth besides helping in asset creation.

I would request the Government to prioritize the projects in my constituency under the Bharatmala Pariyojana. Highways passing through my constituency need to be further developed and the connecting roads to the highways also need to be strengthened to percolate the benefits to the poor and rural people of my area.

Another aspect I would like to raise is that Special training centers may be created in our area, particularly in the backward areas which has been marred by unemployment and lack of opportunities so that they may get job opportunities in the coming days.

I would also like to bring to the notice of the Government about the harsh reality of the tribal population of our country. Be it poverty, illiteracy, lack of access to health benefit, the tribal population are the worst sufferers.

Our Government is committed to increase the capacity of renewable energy. In this context, I would like to draw the attention of the Government to the vast canal bringing water from the dam to the far off places on which solar panels can be fixed for power generation. In this case, the issue of land for such purpose would not arise. I request our Government to take note of this opportunity and benefit the people of my state.

*m49

*श्री भैरों प्रसाद मिश्र (बांदा) ः मा. राष्ट्रपति जी ने जो अभिभाषण प्रस्तुत किया है, हम सब उनका आभार व्यक्त करते हैं। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में जिस तरह से देश आगे बढ़ रहा है, उसे पूरा विश्व समुदाय देख रहा है। पिछले 21 माह में सरकार ने देश के लोगों की भलाई के लिए अथक परिश्रम करके योजनाओं को क्रियान्वित करने का कार्य किया है जिसका परिणाम दिखना शुरू हो गया है। देश जो प्रगति पथ पर बढ़ा है, वह गति बढ़ती जाए और कम न होने पाये, इसके लिए सामूहिक प्रयास की जरूरत है। अंतर्राष्ट्रीय मंदी के बावजूद हमारा देश आगे बढ़ रहा है। यह हमारे देश के लिए गर्व की बात है। भारत पिछले वर्ष वर्ड इकोनोमिक फोरम के कम्पीटिटीव इंडैक्स में 16 स्थान की छलांग लगाकर आगे आया है और भारत 2016 के अंत तक चीन को पछाड़ देगा। आज दर्जनों देश से लोग आकर भारत में निवेश कर रहे हैं। लोगों को हमारे देश पर विश्वास बढ़ा है। सरकार ने हर क्षेत्र में विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं। गरीबों को जहां उनके जीवन स्तर को उठाने के लिए उपाए किये गए हैं, वहीं उन्हें सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाने का भी कार्य किया गया है। पिछले वर्ष की घोषित जन कल्याणकारी योजनाओं को इस वर्ष मूर्त रूप दिया गया। साथ ही, नई प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना लाकर किसानों की समग्र समस्याओं का समाधान करने का प्रयास किया गया है।

अंत में मैं महामहिम राष्ट्रपति जी को अभिभाषण के लिए धन्यवाद देता हूं और श्रीमती मीनाक्षी लेखी जी ने जो धन्यवाद प्रस्तुत किया है, उसका समर्थन करता हूं।

*m50

श्री जय प्रकाश नारायण यादव (बाँका) : सभापति महोदय, महामहिम राष्ट्रपति महोदय के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर हो रही चर्चा में हिस्सा लेने के लिए मैं खड़ा हुआ हूँ। महामहिम राष्ट्रपति महोदय ने शुरूआत में कहा - जो सरकार का पक्ष होता है कि नवजीवन और विकास लाने वाली बसंत के इस मौसम में संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक का हम स्वागत करते हैं। सत्ता का यह बसंत नहीं है। मैं मानता हूँ कि यह सत्ता के पतझड़ के रूप में सामने आया। इसीलिए इस सरकार में सबसे पहले ईमान का सुखाड़ है। ईमान के सुखाड़ के कारण सरकार निर्माण की ओर नहीं बढ़ रही है। आपने भारत का निर्माण करने के लिए संकल्प लिया था। लेकिन निर्माण की एक भी ईट दो साल में दिखाई नहीं पड़ रही है। यह देश जानना चाहता है, आवाम जानना चाहती है, नौजवान जानना चाहता है, किसान जानना चाहता हैं, संसद सदस्य जानना चाहते हैं और सारा देश जानना चाहता है। हसीन सपने आप जरूर दिखाएं, मुंगेरी लाल के सपने जरूर दिखाएं, राष्ट्र के सामने आपने वचन जरूर दिया, लेकिन सारे वचनों से आप यू-टर्न क्यों हो गए? आप कहेंगे कि हम यू-टर्न नहीं हुए। लेकिन मैं जानना चाहता हूँ कि जो आपने अपने ईमान के दस्तावेज, महामहिम राष्ट्रपति महोदय के दस्तावेज़ के माध्यम से पेश किया है, जिसको अभी आदरणीय मुलायम सिंह यादव जी ने अपने शब्दों में कहने का काम किया है, आपसे हम पूछना चाहेंगे कि काले धन का एक रूपया भी देश के अंदर आया? डंका बजा-बजा कर देश में शोर मचाया, जनता को बरगलाया। चुनाव में बाजी मारने का बेवजह तरीका शिकारी की तरह बनाया। लेकिन काला धन नहीं आया। बेराजगार नौजवानों को नौकरी नहीं मिली। आज नौजवान अपने आपको छला हुआ महसूस कर रहा है, थका हुआ महसूस कर रहा है। आज महँगाई आसमान छू रही है। आज दाल गरीबों की थाली से गायब हो गई है। आपने जीरो टॉलरेंस कहा था, उसका क्या हुआ? जन-धन योजना का क्या हुआ? सबका साथ-सबका विकास का क्या हुआ? 56 इंच सीने का क्या हुआ? आपने अच्छे दिन लाने की बात की, लेकिन आज अच्छा दिन नहीं, आज देश का बुरा दिन आया, अगर बुरा दिन नहीं आया तो आज 200 रूपए किलो दाल क्यों बिक रही है? इस पर कौन लगाम लगाएगा? आप मेक इन इंडिया की बात करते हैं, आप डिजिटल इंडिया की बात करते हैं, आप नमामि गंगे की बात करते हैं, आप स्मार्ट सिटी की बात करते हैं।

महोदय, स्मार्ट सिटी के विषय में हम कहना चाहते हैं कि दाने नहीं हैं खाने को, वादा किया है आदर्श ग्राम और स्मार्ट सिटी बनाने का। इन्होंने क्या वादा किया है? आज इतनी महँगाई है कि लोग दाने-दाने के लिए बिलख रहे हैं। आज स्थिति बद से बदतर है। आज आतंकवादी पठानकोट एयरबेस में घुस जाते हैं, स्थिति बड़ी ही बदतर है।

महोदय, बिहार के साथ भेदभाव हो रहा है। बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दो। केन्द्र प्रायोजित योजनाओं में बिहार का हिस्सा काटा गया है। आज जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) का सवाल हो, कन्हैया का क्या दोष है? कन्हैया छात्र संघ का अध्यक्ष है। हम राष्ट्र प्रेमी हैं। हम राष्ट्र की एकता वाले हैं। कन्हैया का क्या दोष है? हम राष्ट्रीय ध्वज में विश्वास करते हैं। हमारी रग-रग में राष्ट्रीयता छिपी हुई है। कन्हैया को बेवजह फँसाया जा रहा है। यही रोहित वेमुला के साथ हुआ।

महोदय, पाँच मिनट तो हो जाने दीजिए। आप कह रहे थे कि आपका पाँच मिनट का समय है।

माननीय सभापति : आपका एक मिनट बचा है। आप एक मिनट में अपनी बात समाप्त कीजिए।

श्री जय प्रकाश नारायण यादव: महोदय, हमें बोलने का मौका दीजिए। वेमुला दलित छात्र था। बाबा साहेब की 125वीं जयन्ती मनाई गई। आज आजादी के इतने दिनों के बाद एक दलित का बेटा आत्महत्या करता है, इससे बड़ी लज्जा की बात इस सरकार के लिए नहीं हो सकती है। इस सरकार को दलित खाएगा, दाल खाएगी, दादरी खाएगा, डेमोक्रेसी का आप दमन कर रहे हैं। आदरणीय जेटली साहब ने कहा था कि हर तीसरा व्यक्ति भूमिहीन है। रिक्शा चलाने वाला कौन है, ठेला चलाने वाला कौन है, कौन गरीब-गुरबा है, कौन है झोंपड़ी वाला?

माननीय सभापति : अब आप समाप्त कर दीजिए।

श्री जय प्रकाश नारायण यादव: महोदय, पीछे देखूँ नहीं, बगल देखूँ नहीं, हिन्दुस्तान के मूल में किसान, मजदूर, गरीब हो।...(व्यवधान) मैं एक मिनट का समय और लूँगा। ये समय नहीं दे रहे हैं। हम अपने क्षेत्र की, बांका की, भागलपुर की, मुंगेर की, जमुई की चर्चा आगे करेंगे, लेकिन हम सिर्फ एक बात और कहना चाहते हैं कि संकल्पों को साफ करो, फिर उनकी बात करो, पहले उत्तर हृदय में देखो, फिर उनकी बात करो। हम यही कहना चाहते हैं कि निरता रूपया करे पुकार, अब तो बचा लो वचनभंगी सरकार।

माननीय सभापति : श्री उपेन्द्र कुशवाहा।

श्री जय प्रकाश नारायण यादव: आप बताओ कि आज रूपए का भाव क्यों गिरा, क्यों महँगाई बढ़ी? यह सरकार अमन बर्बाद करने वाली है, नफरत को फैलाने वाली है, शान्ति को भंग करने वाली

है।

माननीय सभापति : कृपया, आप शुरू कीजिए।

Only Shri Upendra Kushwaha will go on record.

...(*Interruptions*)â€¦ *

HON. CHAIRPERSON: Once again I remind the Members that there is a long list of speakers. Please do not force me to switch off the mic. I will ring the bell after four minutes and within one minute you will have to conclude. There is no other option because the list is so long. I am saying this to everybody.

*m51

***SHRI S. P. MUDDAHANUME GOWDA (TUMKUR):** The people of the country have a lot of hopes on the President's Address because this document is the road map, resolution and intentions of the Government.

In the 2014 general election 'Sabka Saath Sabka Vikas' was the NDA's famous slogan. But the fact is that the NDA Government is concerned only about the development of few people. This Government talks about "Sabka Saath Sabka Vikash". However, I want to know whether any segment of the population has been taken along. Without taking along all the people, the country cannot develop.

Several announcement made in the Address are about the schemes commenced by the UPA Government. Under Pradhan Mantri Jan Dhan Yojana, it is a well known fact the at most of these accounts have not had even a single transaction.

On the one hand, the NDA Government talks of according top priority to the welfare of farmers, and on the other hand, the NDA Government wants to acquire their land forcibly. This has created fear in their mind and, it is the duty of the Government to assure them in this regard.

The NDA Government talks of country's GDP growing at 7.75% and food inflation are at a record low. But what about the plight of poor, disadvantaged people? What is the policy initiative of the Government towards ameliorating the pain and agony of poor and downtrodden? In spite of petrol prices decreased drastically, the prices of essential commodities, vegetables, fruits have gone up.

As far as water disputes in the country are concerned, it has not been mentioned in the President's Address. It is a matter of great concern that the entire country is facing great difficulty in sharing waters between various States. I would like to state a burning issue in this context that recent happening in the Cauvery dispute is causing great disturbance in Southern States, particularly between Karnataka and Tamil Nadu. When it comes to inter-State water issue, Karnataka has always been meted out with injustice. Now, the point is that Tamil Nadu is insisting the Union Government to constitute Cauvery Management Board to ensure release of Cauvery water. On the other hand, there are large parts of Karnataka facing drought like situation. So, this has been the case for the last few years. The matter is sub-juice in the Apex Court. In this context, the Government of Karnataka has made a request not to constitute the Cauvery Management Board. I would like to impress upon the Union Government that it should not constitute any such Board because water is a State subject, as per the Constitution. If the Center sets up a Management Board, then it would affect the very federal structure of our nation. These problems should be dealt with from national point of view. Since we do not have a national policy on Water to deal with the disputes of water sharing, such issues are being raised every now and then. Sometimes, it would create law and order situation and end up with grave situation like damaging public property and killing of innocent lives. That is why, I would like to suggest that the need of the hour is to have a national policy for water sharing between the states concerned . So, there should be a permanent solution to such contentious issues. The Union Government should take all necessary steps in this regard.

The Swachh Bharat Mission is very far from becoming a people's movement and it has not produced any worthwhile result, but instead of much better result was achieved under Nirmal Bharat Abhiyan under UPA.

It has been committed in the last year's President's Address that all schools in the country will have a toilet but the Government has not spelt out anything about maintenance and operation of the toilets, water supply, sewerage, etc.

The NDA Government has reduced funding of the MGNREGA programme and also reduced its access by reducing number of districts to 200. 'Sansad Adarsh Gram Yojana ' is another example of copying or duplicating UPA scheme. 'Pradhan Mantri Adarsh Gram Yojana' with focus on villages have predominance of SC/ST. NDA Government has only announced housing for all by 2022 without any clear and concrete roadmap of how will this scheme be taken up and from where the funds will be arranged, etc.

There has been steep fall in international crude oil prices due to which fuel prices have come down but the entire benefits of reduction of crude oil prices have not been passed on the consumer. I urge the Government to pass on entire benefit to the consumer.

On the issue of improving relations with our immediate neighbours especially Pakistan, the Government must outline the policy.

This Government has not announced any worthwhile incentive for Food Parks like encouraging Food Processing Industry to set up its unit or shift unit to Food Part etc.

I want the Government to come out with concrete measures to stem the outbreak of Swine Flu and Dengue diseases before it takes the form of an epidemic.

Agriculture is the largest employment providing sector in the country. 72% of the population in the country has agriculture land but 65% out of them do farming. The farmers are removing unemployment but sadly they are not properly mentioned in the speech.

There are 7 crore educated unemployed youth in the country. Even the people engaged in agriculture sector are also not getting job throughout the year. These people have found no mention in the Address. No mention has been made in the Address about these people. Those who used to get 100 days of employment under the MNREGA, have also been deprived of the same by this Government. This Government has totally engaged itself in anti-people work. Today, our children do not go to the employment exchange for registration. They go for interview on-line and get the job. The Govt. do not have any idea as to how many youths are unemployed. The Government is silent about workers in the unorganized sector which constitute large percentage of labour force and they do not get their rightful dues.

There is absolutely no mention in this Address how the concerns of minorities will be addressed with their education, religious freedom etc. Communal harmony is shaky since this NDA Government took over the reins of the country. It has failed to instill confidence among minorities on communal harmony peace. This Government has not taken into confidence the minorities, the backward classes and the scheduled castes of this country. This Government has done nothing for them so far.

I urge the Government to increase the number of hostels both for male and female students of SC/ ST communities by building new hostels. Story doesn't end here. Government should also provide the facilities in the hostel to enable the students to prepare themselves to face the global challenges. As a result, the Government should also provide the computer education facilities, libraries and training for spoken English in their hostel itself. Pre and Post Metric Scholarships for SCs/STs should be doubled to meet the education needs of these students. Women empowerment and safety is utmost need of the hour and the Government should promptly make efforts for women empowerment.

Another point I would like to mention is that a number of States in our country have repeatedly been facing drought or famine conditions. The Union Government has opened the Food Corporation of India to rescue the affected people by distributing the food grains from the FCI. Whereas cattle and other livestock's are concerned, there is no such Fodder Bank which are to be set up to rescue them at the time of distress. Therefore, I would like to urge upon the Union Government to earmark adequate funds for setting up of Fodder Bank at every cluster of villages to rescue our livestock's during drought and other natural calamities.

My next point is about a national policy on medium of instruction at primary school level. This has also not been mentioned in the President's Address. The experts in the education field are of the firm view that in primary education, the mother tongue of the regional administrative language of the State should be made the medium of instruction. In globalized era, it is very essential to promote and preserve our own language and culture. In order to promote Indian languages, the Central Government should bring a national policy in regard to medium of instruction at primary level. I would like to urge upon the Union Government to consider the issue of bringing a national policy on medium of instruction.

I hope that the Union Government will come up to the expectation and aspirations of the people of our nation.

*m52

मानव संसाधन विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री उपेन्द्र कुशवाहा) : माननीय सभापति जी, महामहिम राष्ट्रपति के अभिभाषण पर जो धन्यवाद प्रस्ताव सदन में प्रस्तुत किया गया है, मैं उसके पक्ष में अपनी पार्टी राष्ट्रीय लोक समता पार्टी की ओर से बोलने के लिए खड़ा हुआ हूँ।

महोदय, हमारे संविधान ने सोशल जस्टिस की अवधारणा को स्वीकार किया है और समय-समय पर इसके प्रति प्रतिबद्धता भी व्यक्त की गई है। लेकिन दुख का विषय है, अफसोस है कि देश में जो भी जनतांत्रिक संस्थाएँ हैं, उन जनतांत्रिक संस्थाओं में भी सोशल डाइवर्सिटी दिखे, सामाजिक न्याय दिखे। हम जब गौर करते हैं देश की सबसे ऊँची न्यायपालिका के ऊपर, तो काफी दुख होता है और काफी अफसोस होता है कि जिसके ऊपर जवाबदेही है, कहीं अगर सोशल जस्टिस नहीं हो रहा है तो वहाँ सोशल जस्टिस हो, इस बात को देखने की, न्याय देने की जवाबदेही उनकी है, लेकिन जहाँ न्याय देने की जवाबदेही है, वहाँ ही न्यायपूर्ण व्यवस्था आज नहीं है।

महोदय, सोशल डाइवर्सिटी का रिफ्लैक्शन हर जगह दिखना चाहिए। देश की न्यायपालिका में इसका सर्वथा अभाव है। हमारी सरकार ने कोशिश की, आज़ादी के बाद पहली बार सदन में पहल हुई और हम धन्यवाद करना चाहते हैं कि सभी दल के लोगों को जिन्होंने एक स्वर से उसका समर्थन किया था। हमारी सरकार ने कोशिश की, निर्णय लिया और जो अब तक व्यवस्था है। देश में कहीं एक क्लर्क की भी बहाली होती है तो रिटन टैस्ट लेने की व्यवस्था है। लेकिन न्यायपालिका में जो नियुक्ति की प्रक्रिया है, कुछ लोगों ने सिर्फ अनुशंसा कर दी और उसके आधार पर नियुक्ति की कार्रवाई वहाँ होती है। हमारी सरकार ने इस जड़ता की स्थिति को तोड़ने का प्रयास किया था। निर्णय हुआ था कि अभी जो व्यवस्था है, जजेज़ की नियुक्ति के लिए, उस व्यवस्था में परिवर्तन हुआ था। हमारी सरकार ने निर्णय लिया, सब लोगों ने सहयोग किया। लेकिन हमारी सरकार की इस पहल को एक कलम में रिजैक्ट कर दिया गया, अस्वीकार कर दिया गया, समाप्त कर दिया गया। माननीय न्यायपालिका के इस निर्णय पर हम टिप्पणी नहीं करना चाहते। हम पूरे सम्मान और आदर के साथ कहना चाहते हैं कि आपने समाप्त कर दिया, ठीक है। लेकिन आखिर क्या स्थिति है? अब तक इस देश में न्यायपालिका में ओबीसी के लोगों को स्थान नहीं मिला, एस.सी. एस.टी. के लोगों को स्थान नहीं मिला। जितने चीफ जस्टिस अब तक हुए हैं, उसमें दलित वर्ग से सिर्फ दो चीफ जस्टिस हुए हैं लेकिन आज़ादी के बाद से आज तक एक भी चीफ जस्टिस ओबीसी वर्ग का नहीं हुआ। महोदय, आज जितने लोग सुप्रीम कोर्ट में जज हैं, उसमें एस.सी. और एस.टी. की संख्या ज़ीरो है, एक भी नहीं है। ओबीसी की संख्या सिर्फ 2 है और महिलाओं को, आधी आबादी को हम आरक्षण देने की बात हर जगह करते हैं, लेकिन महिलाओं की संख्या उसमें मात्र 1 है। क्या स्थिति है? जो कुछ भी उनको करना है वह करें, हमारी सरकार ने कोशिश की तो उन्होंने उसको खारिज किया। लेकिन देश की जनता आज जानना चाहती है कि ऐसी स्थिति आखिर क्यों है?

सदन में चर्चा चल रही थी, हैदराबाद यूनिवर्सिटी के इश्यू पर चर्चा चल रही थी। मैं उस बहस में नहीं जाना चाहता, लेकिन उस दिन जो चर्चा चल रही थी ...(व्यवधान) उस पर हम नहीं बोलेंगे, लेकिन जो चर्चा चल रही थी, सब लोगों ने जो भी व्यवस्था वहाँ थी, उस व्यवस्था में दलितों का भी स्थान होना चाहिए, ऐसी चिन्ता की थी। इसके पीछे लोगों की एक ही मंशा होती है कि जिस वर्ग के लिए न्याय की बात हम करते हैं, उस वर्ग का प्रतिनिधित्व निश्चित रूप से होना चाहिए, तभी लोगों का भरोसा न्यायिक व्यवस्था पर होगा। लेकिन जब सुप्रीम कोर्ट में यह स्थिति है तो आखिर कैसे देश के लोगों का भरोसा होगा? जो ओबीसी समाज के लोग हैं, जो दलित समाज के लोग हैं, जो एस.सी. और एस.टी. समाज के लोग हैं, उनको भरोसा आखिर कैसे हो पाएगा। यह सिर्फ एक दल के लिए चिन्ता का विषय नहीं है, एक पक्ष के लिए चिन्ता का विषय नहीं है, पूरे देश के लिए यह चिन्ता का विषय है। इसलिए इस विषय पर हम सभी का ध्यान होना चाहिए। महोदय, कहते हैं कि जंगल जब आग लगाए तो उसे सावन बुझाए, और जब सावन आग लगाए तो उसे कौन बुझाए। आज यही स्थिति भारत में न्यायपालिका की है। अगर वहां यह स्थिति है तो हम न्याय मांगने कहां जायेंगे। इसलिए इस स्थिति में बदलाव होना चाहिए।

महोदय, मैं बिहार राज्य से काराकाट संसदीय क्षेत्र से निर्वाचित हो कर आया हूं। बिहार के काराकाट लोक सभा संसदीय क्षेत्र में किसानों की सर्वाधिक आबादी है। अभी हमारी सरकार ने किसानों के पक्ष में कई फैसले लिये हैं। किसानों को कैसे लाभ मिले, उनकी फसल का कैसे उचित मूल्य दिलाया जाये? हमारे प्रधानमंत्री जी ने, हमारी सरकार ने कई महत्वपूर्ण फैसले लिये हैं। अगले कुछ वर्षों में उनकी आय को दुगुना करने का हमारा प्रस्ताव है। हम समर्थन मूल्य के नाम पर राज्यों को सहायता देने का काम करते हैं। भारत सरकार न्यूनतम मूल्य इसलिए तय करती है कि किसानों को उसका लाभ मिले। लेकिन, बिहार में किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

महोदय, मेरा संसदीय क्षेत्र धान उत्पादन का इलाका है। पूरे बिहार में धान का उत्पादन होता है लेकिन जिस इलाके का मैं प्रतिनिधित्व करता हूं उसे 'धान का कटोरा' कहा जाता है। मात्र एक महीना धान खरीद का समय बचा हुआ है। मात्र एक महीने में बिहार सरकार कितना धान खरीद पायेगी? धान खरीदने का टारगेट 30 लाख मेट्रिक टन था, पिछले सप्ताह राज्य की सरकार से जो धान की खरीद हुयी है, उसके अनुसार 6,37,201 मेट्रिक टन धान की खरीद हुयी है। जितना टारगेट है, यह उसका 21 प्रतिशत है।...(व्यवधान) सिर्फ 21 प्रतिशत धान की खरीद हुयी है।...(व्यवधान) यह स्थिति रहेगी...(व्यवधान) भारत की सरकार लगातार कोशिश करती रहेगी।...(व्यवधान) लेकिन लोगों को इसका लाभ नहीं मिल पायेगा। राज्य में किसानों की यही स्थिति है। ...(व्यवधान) पिछले वर्ष बिहार में चुनाव थ। ...(व्यवधान) महागठबंधन के लोगों को चुनाव में वोट लेना था तो उन लोगों ने बोनस देने का काम किया।...(व्यवधान) उन्होंने कहा था कि अगले वर्ष भी बोनस देंगे लेकिन इस बार बिहार सरकार द्वारा एक भी पैसा बोनस देने का काम नहीं हुआ है। ...(व्यवधान) यह बहुत ही दुःखद स्थिति है। यह स्थिति रहेगी तो भारत सरकार की कोई भी कोशिश नीचे तक नहीं पहुंच पायेगी, यह दुर्भाग्य का विषय है। ...(व्यवधान) सिर्फ इतना ही नहीं। शिक्षा विभाग के माध्यम से देश भर के लिए हमारी सरकर काम कर रही है। बिहार में हम भारत सरकार के शिक्षा विभाग के माध्यम से जो कुछ भी करना चाहते हैं, उसकी स्थिति और भी दुर्भाग्यपूर्ण है। ...(व्यवधान) वहां 14 केन्द्रीय विद्यालय ऐसे हैं। जिनके लिए बिहार की सरकार अभी तक जमीन नहीं दे पायी है। उनमें कोई साल, दो साल या पांच साल का विद्यालय नहीं है, बल्कि उनमें लखीसराय में वर्ष 1987-88 में विद्यालय खुला है, इतने सालों के बाद भी सरकार ने अभी तक जमीन देने का काम नहीं किया है।...(व्यवधान)

महोदय, 24 जून, 2015 को सरकार ने बिहार, आंध्रप्रदेश, हिमाचल सभी जगहों पर आईआईएम खोलने का फैसला लिया लेकिन बिहार की सरकार ने अभी तक जमीन देने का काम नहीं किया। पटना इंजीनियरिंग कॉलेज को एनआईटी के रूप में परिवर्तित करने का फैसला पुरानी सरकार का था। 28 फरवरी, 2004 को एप्रुवल मिला, लेकिन अभी तक जमीन देने की औपचारिकता पूरी नहीं हुयी है। एनसीईआरटी का एक रिजनल सेंटर खोलने का पुराना प्रस्ताव है। ...(व्यवधान) लेकिन अभी तक वहां जमीन देने की कार्रवाई पूरी नहीं हुयी है।...(व्यवधान) देश भर में 62 नवोदय विद्यालय खोलने का नया प्रस्ताव है, लेकिन यह जानकार आपको दुःख होगा।...(व्यवधान) बिहार में खगड़िया नवोदय विद्यालय आज नहीं बल्कि वर्ष 1993-94 में खुला। लेकिन आज तक उस नवोदय विद्यालय के लिए बिहार सरकार ने जमीन देने का काम नहीं किया। कैसे हो पाएगा। माननीय सदस्य बिहार के भी हैं। सब लोग कहते रहते हैं कि केन्द्रीय विद्यालय खोल दीजिए। जयप्रकाश जी, आप भी कई बार कहते हैं कि केन्द्रीय विद्यालय खोल दीजिए।...(व्यवधान) आखिर केन्द्रीय विद्यालय खोलने का काम कैसे करेंगे। बिहार सरकार जमीन नहीं देगी तो हम केन्द्रीय विद्यालय नहीं खोल पाएंगे।...(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: Kushwaha ji, please address the Chair.

श्री उपेन्द्र कुशवाहा : इसलिए अगर वास्तव में कुछ करना चाहते हैं तो नारा लगाने से नहीं होगा।...(व्यवधान) बिहार को विशेष राज्य का दर्जा की बात को सिर्फ राजनीतिक मुद्दा बनाने से नहीं होगा, बिहार के लिए काम करने से होगा। ...(व्यवधान) काम करके दिखाइए। बिहार की जनता ने आपको भी मौका दिया है, हमको भी मौका दिया है। ...(व्यवधान) हम अपने प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में देश भर के लिए काम कर रहे हैं, बिहार के लिए भी कर रहे हैं। लेकिन आप वहां जाकर उस कोशिश को रोकने का काम करते हैं जो ठीक नहीं है।...(व्यवधान)

इन्हीं शब्दों के साथ मैं महामहिम राष्ट्रपति जी के धन्यवाद प्रस्ताव पर अपनी पार्टी की ओर से समर्थन व्यक्त करता हूं। आपने मुझे बोलने का समय दिया, इसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।

*m53

***श्री देवेन्द्र सिंह भोले (अकबरपुर)** ः मैं महामहिम राष्ट्रपति जी के प्रति भी कृतज्ञता ज्ञापित करना चाहूंगा जिन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानवता दर्शन की छाँव में अंत्योदय की डगर पर बढ़ रही लोकप्रिय सरकार के कार्यक्रमों एवं उपलब्धियों का ब्यौरा दिया है।

इस पर कोई संदेह नहीं है कि दृढ़ नेतृत्व की स्पष्ट दृष्टि के चलते देश में पूरे आत्मविश्वास के साथ ""सबका साथ-सबका विकास"" के लक्ष्य की ओर बढ़ा है। महामहिम राष्ट्रपति जी ने गरीबों की

उन्नति, किसानों की समृद्धि और युवाओं को रोजगार दिलाने की प्राथमिकताओं का उल्लेख किया है। यह वे समस्याएं और चुनौतियां है, जिनसे जनपद कानपुर नगर एवं देहात का प्रतिनिधि होने के नाते हमें हर दिन दो-चार होना पड़ता है।

यह कहने में कि देश की लोकप्रिय सरकार ने पहली बार प्रधानमंत्री कृषि बीमा योजना में क्रांतिकारी परिवर्तन कर आत्महत्या करने को विवश किसानों के जीवन में उम्मीद और खुशहाली की किरण पहुंचाई है, लेकिन अभी भी भारत मां के इन अन्नदाता सपूतों को विकास और प्रगति के समान अवसर दिलाने के लिए बहुत कुछ किया जाना है।

मैं कानपुर नगर एवं देहात के वृहद एवं विस्तारित संसदीय क्षेत्र अकबरपुर का प्रतिनिधित्व करता हूँ। उसका बड़ा भू-भाग यमुना, गंगा, रिहन्द, सेंगुर, पाण्डु, सई नदियों के तटीय बीहड़ों से जुड़ा हुआ है। यूं कहें कि यमुना नदी बुन्देलखण्ड से इस क्षेत्र की सीमा को विभाजित करती है। इसमें कोई संदेह नहीं कि बुन्देलखण्ड की परिस्थितियां निहायत विषम और चिंताजनक है, लेकिन यहां यह नोट करने वाली बात है कि वर्ष 1954 में तत्कालीन उत्तर प्रदेश में यह प्रस्ताव आया था कि बुन्देलखण्ड से सटे यमुना के तटवर्ती इलाकों की भू-भौतिक, सामाजिक और आर्थिक परिस्थितियां एक-सी हैं एवं यमुना की गहरी धारा से 16 कि.मी. दक्षिण की ओर जोत का मानक एक समान होने के उपरांत भी सुविधायें पृथक हैं। अतः बुन्देलखण्ड के साथ इस क्षेत्र के विकास और कल्याण के समान पैमाने एवं कार्यक्रम अपनाये जाने जरूरी हैं।

नतीजे जो भी हों, लेकिन इस सच से भी इंकार नहीं किया जा सकता कि वोट बैंक अथवा लूट के लालच से ही सही बुंदेलखण्ड की झोलियां अनेक मौकों पर भरी जाती रही हैं, लेकिन महज चंद मीटर की यमुना की गहरी धारा के इस पार समान दुर्गति में जी रही कानपुर नगर व देहात और यूं कहें कहे आगरा और इलाहाबाद के बीच की पूरी पट्टी के बेबस एवं बेसहारा किसानों की सुध लेने वाला कोई नहीं है।

मुझे जानकारी देते हुए हर्ष हो रहा है कि आपके इस सिपाही ने सत्ता में न होते हुए भी इस मुद्दे पर उस क्षेत्र के व्यापक आवाम को जोड़कर विगत दिनों आंदोलन खड़ा किया था। आज सत्तारूढ़ होने के नाते हमारी जिम्मेदारी बढ़ी है। मैं सरकार से आग्रह करना चाहूँगा कि आगरा से इलाहाबाद तक की इस दुर्गम यमुना पट्टी के बुंदेलखण्ड के समतुल्य विकास की पहल राज्य सरकार के माध्यम से करायी जाए और इस साझेदारी में केंद्र सजग निगरानी की भूमिका निभा कर जमीनी हालात को बदलने की पहल करे।

इस क्षेत्र के कायापलट में एक बड़ी भूमिका भूमि समतलीकरण की भी हो सकती है। यह सर्वज्ञात है कि भू-जोतें निरंतर छोटी होती जा रही हैं, यमुना पट्टी का बड़ा भू-भाग असमतल एवं बीहड़ होने के कारण कृषि उपज के उपयोग में नहीं आ पाता। केंद्र सरकार, राज्य सरकार के साथ तालमेल स्थापित कर अगर बीहड़ पट्टी के आगरा से इलाहाबाद तक के क्षेत्र में भू-समतलीकरण की व्यापक और व्यवहारिक योजना हाथ में ले तो इसमें कोई संदेह नहीं कि यहां के मेहनती किसान अपने साथ प्रदेश और देश की तस्वीर बदलने में सहायक हो सकते हैं। यहां यह उल्लेख करना भी समीचीन होगा कि गत वर्ष प्राकृतिक आपदा की क्रूर मार झेल चुके किसानों को केंद्र की तरफ से उपलब्ध करायी गयी राहत राशि अभी तक नहीं मिल सकी है। मैं सरकार से आग्रह करूंगा कि वह अपनी निगरानी में इस अधूरे राहत वितरण कार्य को तत्परता के साथ पूर्ण कराये।

मैं प्रधानमंत्री जी को विशेष तौर पर धन्यवाद देना चाहूँगा कि केवल उन्होंने केवल खेत ही नहीं बल्कि खलिहान तक किसानों को प्राकृतिक आपदाओं से होने वाली तबाही से सुरक्षा का कवच नई कृषि बीमा योजना में उपलब्ध कराया है। किंतु मैं कानपुर नगर व देहात समेत इस पूरी कृषि पट्टी में किसानों के समक्ष खड़ी हो रही एक नई चुनौती की ओर ध्यान आकृष्ट करना चाहूँगा। यह नई समस्या आवारा पशुओं के छुट्टा छोड़े जाने के रूप में खड़ी हुई है। जोतें सिमटने, कृषि में बैलों के घटते उपयोग और दूध विहीन गायों को छुट्टा छोड़ देने की पूर्वृति किसानों की नई तबाही बन कर आई है। पहले से ही नीलगायों का आतंक झेल रहे किसानों की कमर इस नई समस्या ने तोड़ कर रखी है। चूँकि सरकार ग्रामीण रोज़गार को प्राथमिकताओं में बहुत ऊपर रखे हुए है, तो क्या ऐसे आवारा पशुओं के पालन-पोषण और उनके गोबर, मूत्र आदि के उपयोग के जरिए युवा रोज़गार और कृषि सुरक्षा की समेकित योजना पर काम किया जा सकता है। मुझे लगता है कि मोदी सरकार की पहल है कि यह शहरों की ओर हो रहे अंधाधुंध पलायन को रोकने में तो सहायक होगी ही, साथ ही कान्यकुब्ज क्षेत्र के मशहूर लोककवि घाघ की इस उक्ति को भी चरितार्थ करेगी कः-

""उत्तम खेती मध्यम बान, निखद चाकरी भीख निदान""

यह सच है कि प्रधानमंत्री जी के दूरदर्शी नेतृत्व में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अंतर्गत हर बेंद अधिक फसल और जल सिंचन के लिए जल संचय जैसे महत्वाकांक्षी अभियान हाथ में लिए गए हैं, लेकिन जमीनी हकीकत है कि राज्य सरकार के कुप्रबंधन और असंवेदनशीलता के चलते नहरे सूखी हैं और नलकूप ख़राब हैं। कानपुर नगर व देहात की महत्वाकांक्षी परियेजना अमराहट पंप कैनाल का द्वितीय चरण भी शुरू नहीं हो सकता है। मैं सरकार से अपील करूंगा कि वह राज्य सरकार पर किसानों से जुड़े इन मुद्दों पर सकारात्मक और कारगर कदम उठाने के लिए दबाव डाले।

मैं प्रधानमंत्री और उनकी सरकार को इस बात के लिए धन्यवाद देना चाहूँगा कि उन्होंने आम आदमी के स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए कई तरह के बीमा एवं पेंशन योजनाओं का श्रीगणेश किया है, किंतु अफसोस के साथ यह भी जोड़ना जरूरी है कि कानपुर देहात की स्वास्थ्य सेवाओं की हालत बेहद जर्जर है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तो हैं किंतु चिकित्सक एवं सुविधाएÃ¬ उपलब्ध नहीं हैं। प्राथमिक स्वास्थ केंद्रों की हालत और भी दयनीय स्थिति में हैं। ग्रामीणों की आपात परिस्थितियों का समुचित निदान हो सके इसके लिए जरूरी है कि ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के तहत स्थापित की जा चुकी सुविधाओं को डॉक्टरों और उपकरणों से सुसज्जित किया जाये एवं न्याय पंचायत स्तर तक प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार करने के लिए पी.एच.सी. स्थापित किए जायें।

मेरे संसदीय क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं की बानगी के तौर पर एक उदाहरण ही काफी है। विधान सभा क्षेत्र घाटमपुर के भीतरगांव ब्लॉक के बौहार एवं कई अन्य गांव एक्यूट वायरल फीवर जिसे स्थानीय बोली में विचित्र बुखार कहा जाता है, की चपेट में आ गए। पीड़ित रोगियों को कानपुर के लाला लाजपत राय चिकित्सालय भेजा गया, किंतु वहां इसके लिए आवश्यक रक्त परीक्षण की भी व्यवस्था नहीं थी। इसके फलस्वरूप खून के नमूने राष्ट्रीय रोग नियंत्रक केंद्र, दिल्ली को भेजने पड़े और वहां से जांच परिणाम मिलने तक कोई सुनिश्चित इलाज नहीं किया जा सका। इसके फलस्वरूप आधा दर्जन लोगों की जान गयीं और सैंकड़ों लोग बीमारी की चपेट में आये। कानपुर अकेले अपने नहीं बल्कि मध्य उत्तर प्रदेश और बुन्देलखण्ड के बड़े भू-भाग की स्वास्थ्य सेवाओं का केंद्र है। ऐसे में वहां की सेवाओं का सुदृढीकरण किया जाना अत्यंत आवश्यक है।

यह खुशी की बात है कि सरकार प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत मार्च 2019 तक 1 लाख 78 हजार गांवों को पक्की सड़कों से जोड़ने का लक्ष्य चल रहा है और राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास के लिए ""भारतमाला"" नाम की एक व्यापक योजना हाथ में ली गयी है। लेकिन इन राजमार्गों पर बने टोल नाकों पर हो रही धांधली, गुंडागर्दी और नाजायज वसूली से सभ्य, सुशिक्षित और सामान्य जनों को हो रही परेशानी पर नकेल कसने की सख्त जरूरत है, ताकि इन अराजक नाकों की गतिविधियों का कलंक सरकार के माथे की कालिख न बने। इस संदर्भ में मैं जनपद कानपुर देहात के इटावा-चकेरी हाईवे स्थित बारा टोल प्लाजा की अनियमितताओं की ओर विशेष रूप से उल्लेख करना चाहूँगा, जिसके बाबत प्रमाणिक शिकायतें सरकार को उपलब्ध करायी गयी हैं। फिर भी उक्त टोल पर अवैध वसूली और धांधली का दौर जारी है। इस टोल का आवंटन विगत सरकार द्वारा नियम विरूद्ध तरीके से किया गया था और इसमें पूर्ववर्ती सरकार के मंत्री एवं अधिकारियों की मिलीभगत होने की चर्चा सामने आई थी। माननीय सड़क परिवहन मंत्री जी भी इन तथ्यों से वाकिफ हैं। मैं टोल संचालकों द्वारा जनता की जेब पर डाले जा रहे डाके और उनके द्वारा फैलाई जा रही अराजकता को रोकने की मांग करता हूँ एवं इस पूरे ठेके के आवंटन की उच्च स्तरीय जांच कर उसे निरस्त किये जाने की भी मांग करता हूँ।

देश इस बात को लेकर गौरवान्वित है कि झुग्गियों में तब्दील होकर गांव से भी बुरी गति को प्राप्त हो रहे शहरों के कायाकल्प के लिए सरकार ने स्मार्ट सिटी योजना शुरू की है। लेकिन मैं कानपुर शहर को इस सूची से पृथक रखे जाने के फैसले के प्रति अपने अचरज को व्यक्त करना चाहता हूँ। पूर्व का मैनचेस्टर कहलाने वाला यह शहर हर दृष्टि से स्मार्ट सिटी योजना के लिए चयनित शहरों की प्रथम सूची में स्थान पाने का वास्तविक हकदार था। मैं सरकार का ध्यान आकृष्ट करना चाहूँगा कि वह सूची में इस त्रुटि को सुधार कर कानपुर को उसका वांछित हक देने क पहल करे।

मैं महामहिम राष्ट्रपति जी को उनके भाव पूर्ण और यथार्थ परख सम्बोधन के लिए धन्यवाद देता हूँ।

*m54

***श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय (गिरिडीह)** ः जिस प्रकार महामहिम राष्ट्रपति जी ने अपने अभिभाषण में पं. दीनदयाल उपाध्याय जी के सिद्धांत ""अंत्योदय"" का उल्लेख किया है, उससे स्पष्ट हो जाता है कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व वाली राजग सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति तक को विकास के माध्यम से मुख्य धारा में लाना चाहती है। जिसका जीता-जागता

उदाहरण प्रधानमंत्री जन-धन योजना के अंतर्गत आम जनमानस द्वारा खोले गए 21 करोड़ खाते हैं। ये माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के प्रति देश की महान जनता का विश्वास ही है कि जीरो बैलेंस वाले खाते में भी देश की महान जनता ने देश के खजाने में 32 हज़ार करोड़ रूपए जमा किये हैं। महामहिम राष्ट्रपति जी ने अपने अभिभाषण में सरकार के विजन ""गरीबों की उन्नति"", ""किसानों की समृद्धि"" और ""युवाओं को रोजगार"" का जिक्र किया है। निश्चत रूप से हम कह सकते हैं कि जन-धन योजना के अंतर्गत खुले खाते हों या अटल पेंशन योजना अथवा प्रधानमंत्री जीवन सुरक्षा बीमा योजना, जिसके अंतर्गत मात्र रूपए 1 प्रति माह या 12 रूपए प्रति वर्ष में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा दिया जा रहा है।

ये तमाम योजना गरीबों की उन्नति की साक्ष्य बन रही हैं। जहां तक किसानों की बात है, हमारे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की हमेशा से ही कहना है कि देश का कल्याण तब तक संभव नहीं है, जब तक देश के किसान समृद्ध नहीं होंगे। हमारी सरकार ने किसानों के हित में बहुत ही लाभकारी निर्णय लिए हैं, चाहे वो किसान बीमा योजना हो या सॉइल हैल्थ कार्ड हो या फसल आपदा की निर्धारित क्षति की सीमा 50 से 33 प्रतिशत करना हो। देश में पहली बार हर खेत को पानी देने के उद्देश्य से ""प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना"" लाई गई है।

आज सरकार की पारदर्शिता से काम करने का ही नतीजा है कि देश में उर्वरक की आपूर्ति को सुनिश्चित किया गया है। आज किसानों को अधिकतम बाज़ार मूल्य दिलाने के लिए 585 थोक बाजारों को एक साथ जोड़ने वाले एक साझा ई-मार्केट प्लेटफॉर्म की स्थापना करने के उद्देश्य से एकीकृत राष्ट्रीय बाज़ार के लिए कार्य किया जा रहा है। इससे भारत को वन फूड जोन, वन कंट्री, वन मार्केट बनाया जा सकेगा। इससे हमारे किसानों को उनकी फसल और मेहनत का उचित मूल्य मिलेगा।

महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में उल्लिखित उक्त तमाम योजनाओं और भारत सरकार की विकास परख एवं ""सबका साथ-सबका विकास"" से प्रेरित नीतियों का समर्थन करते हुए उनके धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ।

*m55

श्री भगवंत मान (संगरूर): सभापति महोदय, अक्सर ऐसे होता है कि महामहिम राष्ट्रपति जी अपनी सरकार की पिछले साल की उपलब्धियां बताते हैं। उस पर सैंट्रल हाल में तालियां बजती हैं। अगले दिन पेपर में छपता है, इलैक्ट्रॉनिक मीडिया में आता है कि हमने यह-यह कर दिया। लेकिन मैं आपके माध्यम से कुछ बातें जनता के सामने लाना चाहता हूं।...(व्यवधान) सदन के सामने भी लाऊंगा क्योंकि हमें जनता ने यहां भेजा है।...(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: Please address the Chair. You have got just five minutes to speak. Do not waste your time.

श्री भगवंत मान: हम यहां जनता की वजह से हैं। अगर पब्लिक वोट नहीं करती तो आप भी यहां नहीं होते। फिर जेटली साहब की तरह राज्य सभा में आना पड़ता है, जिन्हें जनता पसंद नहीं करती। वोट डिजिटल इंडिया के नाम पर मांगे गए, वोट बुलेट ट्रेन के नाम पर मांगे गए। लेकिन डिबेट इस बात पर हो रही है कि आप यह खा नहीं सकते, आप यह गा नहीं सकते, आप यह पहन नहीं सकते। यह गाय-भैंस, बकरी कहां से आ गई। एक तरफ डिजिटल इंडिया की बातें कर रहे हैं, दूसरी तरफ मैन्यु भी बीजेपी के ऑफिस से मिलेगा कि क्या खाना है, गुलाम अली का गाना सुनना है या नहीं। यह नफरत की राजनीति आ गई है। अब नफरत की राजनीति कैसे आ गई। किसानों के लिए क्या किया। एक लाख 14 हजार करोड़ रुपया उद्योगपतियों का माफ कर दिया गया कि ये उद्योगपति हैं, ये पैसे नहीं दे सकते। किसानों के लिए क्या किया।

मैं पंजाब से आता हूं। पंजाब में एक छत के नीचे 3-3, 4-4 विधवाएं रहती हैं। दो बेटे मर गए, बाप मर गया, सुसाइड कर लिया। क्यों? फसल बर्बाद हो गई थी। कर्ज था। कितना कर्ज था - 80 हजार रुपये। किसानों के लिए कुछ सोचिए। स्वामीनाथन कमेटी की रिपोर्ट कहां गई। प्रधान मंत्री जी ने इलैक्शन के समय कहा था कि स्वामीनाथन कमेटी की रिपोर्ट लागू करेंगे। वह कहां गई। कुछ नहीं है। आपको ताज्जुब होगा कि पंजाब का किसान अपनी बेटी की शादी भी किडनी बेच-बेचकर कर रहा है। जो पूरे देश को खाना खिलाता था, वह खुद भूखा सोने पर मजबूर है। क्या आपने कभी पता किया है? हरसिमरत जी, अपनी कौन्सटीटूएंसी में देखिए।...(व्यवधान) यह दलित विरोधी सरकार है। दलितों को दबाया जा रहा है, गरीबों को दबाया जा रहा है। रोहित वैमुला ने आत्महत्या नहीं की, उसकी हत्या की गई है। जब एचआरडी मिनिस्ट्री 5-5 लैटर लिख रही थी, वे चिट्ठियां नहीं थीं, वे रोहित की मौत के वारंट लिख रहे थे। इतना टैलेंटेड हमारा यूथ, उसे आत्महत्या करने पर मजबूर कर दिया। एचआरडी मिनिस्टर बड़े गुस्से में भाषण दे रही हैं, इमोशन, यह कोई सीरियल थोड़ी है - सास भी कभी बहू थी, यह हाउस है, यहां अपने तरीके से बोलना चाहिए। इसका मतलब यह थोड़ी है कि आप जो भी बोल देंगे, वह पास है। उसकी तारीफ हो रही है वाह, वाह, वाह। यह क्या हो रहा है। मैं कहना चाहता हूं कि पाकिस्तान के साथ हमारे संबंध कैसे हैं। मोदी जी क्या बोल रहे थे - एक सिर काटेंगे, हम 15 लेकर आएंगे। क्या हुआ? वे नवाज शरीफ के साथ चाय पी रहे हैं। हमारे देश का प्रधान मंत्री, the biggest democracy of the world, उसका प्रधान मंत्री बिना ऑपोजिशन को बताए, लाहौर में उसका जहाज लैंड कर जाता है। हमें पता चलता है कि अरे, यह चाय पी रहे हैं, क्योंकि इनके घर में फंक्शन था और ऊपर से वे कभी पठानकोट तो कभी दीनानगर में हमले कर रहे हैं। ...(व्यवधान)

माननीय सभापति: आप अपनी बात समाप्त कीजिए। आपको बोलते हुए चार मिनट हो गये हैं, इसलिए मैंने घंटी बजायी है।

â€¦(व्यवधान)

श्री भगवंत मान: सभापति महोदय, आप मुझे कृपया बोलने दीजिए। ...(व्यवधान)

माननीय सभापति : आप एक मिनट में अपनी बात समाप्त कीजिए।

श्री भगवंत मान : सभापति महोदय, आप मुझे बोलने दीजिए। ...(व्यवधान) प्रधान मंत्री जी आरएसएस के एक फंक्शन में जाते हैं तो वहां कहा जाता है कि यह बहुत ही सच्चे संत सेवक हैं। यह वही आरएसएस का दफ्तर है, जिसमें 52 सालों से नागपुर में तिरंगा झंडा नहीं फहराया गया। ये जो देशभक्ति के सर्टीफिकेट बांट रहे हैं, उन्होंने 52 सालों तक तिरंगा नहीं फहराया था। ...(व्यवधान) अफजल गुरू के बारे में बोला जा रहा है। आप अफजल गुरू के साथ हो या उसके विरोध में हो? मैं कहता हूं कि आम आदमी पार्टी अफजल गुरू का विरोध करती है। आप बताइये की पीडीपी, जो अफजल गुरू को शहीद कहती थी, आप उसके साथ हो या उसके विरोध में हो, आप हमें इस बारे में बताइये। आप उन्हीं के साथ सरकार बना रहे हैं। ...(व्यवधान) मैं कहना चाहता हूं कि राजनीति में, डेमोक्रेसी में, लोकतंत्र में पहली बार हुआ है कि सीबीआई एक चुने हुए मुख्यमंत्री के दफ्तर पर रेड करती है और गोपनीय कैबिनेट के रजिस्टर भी ले जाती है। उसे क्या मिला? कुछ भी नहीं मिला। यह क्या फेडरल स्ट्रक्चर को बचाने की बातें हैं? मैं आखिर में नफरत की राजनीति फैलाने वालों से यही कहना चाहूंगा कि

कौम को कबिलों में मत बांटिए,

लम्बे सफर को मीलों में मत बांटिए,

एक बहता दरिया है मेरा भारत देश

इसे नदियों और झीलों में मत बांटिए।

आपका बहुत-बहुत शुक्रिया।

शहरी विकास मंत्री, आवास और शहरी गरीबी उपशमन मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्री (श्री एम. वैंकैय्या नायडू) : भगवंत मान जी, मैं आपको स्मरण दिलाना चाहता हूं। ...(व्यवधान) बीजेपी ने पीडीपी के साथ मिलकर देश के हित में कश्मीर में सरकार बनायी। उससे पहले कांग्रेस ने भी सरकार बनायी, मगर आपने कांग्रेस के साथ मिलकर दिल्ली में सरकार बनायी।

श्री भगवंत मान : यह क्या जवाब है? ...(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: Nothing would go on record except the speech of Shri Ajmal.

...(*Interruptions*) *

*m56

SHRI SIRAJUDDIN AJMAL (BARPETA): Sir, I thank you very much for giving me an opportunity to express the views of my Party, All India United Democratic Front.

Sir, we come from one of the most backward States of India, Assam. We have got so many problems but due to paucity of time, I am unable to air all my problems. I believe that the good work of the Government should be appreciated but at the same time all those things which have been neglected and the issues which have not been addressed to should also be pointed out by the people's representatives. People of Assam have sent us here to talk about their problems.

The President's Address is supposed to be the mirror of the Governments policy and its agenda. Therefore, I would like to highlight some of the issues. As you know, the prices of essential commodities are rising. The prices of all the essential commodities like rice, wheat, pulses, vegetables and onions are touching the sky. The poor people are unable to have anything. Their children remain hungry in the night. Millions of people are living under the poverty line and the Government is doing zilch in the matter.

You will be surprised to know that people in Assam are forced to throw vegetables on the roads. As you know, millions of tonnes of wheat are rotting in Government godowns.

As regards maintaining peace in the country, the incidents of communal riots are increasing so much that there is 20 per cent rise in communal incidents in the last one year. I do not know how the objectionable speeches of the representatives of the people from the Ruling Party are going to stop so that this entire thing stops immediately. This was not mentioned in the Address of the hon. President.

The next point is on arsenic and fluoride in drinking water. Arsenic and fluoride are the bane of drinking water all around India, especially in Assam. On 8.5.2015 I had drawn the attention of the House towards lapse in mitigation of fluoride and arsenic in drinking water in the State of Assam in my Parliamentary constituency. Till today nothing has been done in this regard. In fact, I have been directed to meet the hon. Prime Minister in this matter.

The other point is about the Minority character of Aligarh Muslim University and the Jamia Milia University should not be disturbed as various Committees and Commissions have stressed the point that Muslims are the most backward community as far as education and economy are concerned.

Sir, there have been various floods in cities and States like Mumbai, Bihar, Uttarakhand, Jammu and Kashmir and Tamil Nadu but flood and erosion of banks of river is a very serious problem. This has destroyed lives and it has affected the lives of normal people and rendered them poor. Something special should be done in this regard. We have met Ms. Uma Bharati, the hon. Minister of Water Resources, on several occasions and I have heard that she has done something for our State of Assam. We have been demanding and I am repeating it once again that flood and erosion should be declared as national calamity as far as the State of Assam is concerned and special funds should be allocated for flood and erosion in my State.

Sir, India has become so volatile that our forefathers who fought for the country's Independence are being branded as anti-nationals and terrorists but whose forefathers never fought for Independence has become the *rakhwala* of India today. It is very sad to say that incidence of sexual harassment and rape is increasing by the day and something very special should be done to check this and very tough laws should be framed to control this.

Sir, I would like to put on record some of the demands of my Party. The flood and erosion of Assam should be declared as national calamity and measures should be taken to control the flood and erosion in the State; Implementation of recommendations given by the Sacchar Committee and Ranganath Mishra Commission; need to provide houses to flood and erosion affected people of Assam; need to control communal violence and introduce the Communal Violence Bill immediately. Steps should be taken to ensure Muslim reservation and need to give constitutional power to the National Commission for Minority and need to give justice to innocent Muslim youths who have been arrested falsely and the guilty should be punished. There is need for measures to control prices ...(*Interruptions*) Need to have stringent laws for safety and security of women and need to ensure implementation of PM's 15 point programme...(*Interruptions*)

Thank you.

*m57

***SHRI SHIVKUMAR UDASI (HAVERI):** While supporting the Motion moved by Smt. Meenakshi Lekhi Ji and seconded by Smt. Harsimrart Kaur Ji, I would like make certain observations.

His Excellency the President in his address to the Joint Session of the Parliament mentioned the achievements of the Government during the previous year and the roadmap for the current year for the Union Government in 81 paragraphs.

Agriculture is the backbone of Indian economy. Realising the greater importance of the agriculture sector, our hon'ble Prime Minister has given to priority for the development of agriculture in the country. As per the information, currently about 142 million hectares are used for cultivation in our country, out of which only 45 per cent farm land is under irrigation.

" The major objective of the PMKSY is to achieve convergence of investments in irrigation at the field level, expand cultivable area under assured irrigation (har khet ko pani), improve on-farm water use efficiency to reduce wastage of water, enhance adoption of precision-irrigation and other

water-saving technologies (more crop per drop), In this scheme my district Haveri has also been included .

With an eye on improving farm productivity, the union government has decided to spend Rs. 50,000 crore over the next four years under the Pradhan Mantri Krishi Sinchai Yojana (PMKSY).

In the year 2015-16, Rs. 5,300 crore was allocated for the scheme. It is expected that an additional 6 lakh hectares would come under irrigation and 5 lakh hectares will benefit from trip irrigation. Besides this, about 1,300 watershed projects have been marked for completion.

With regard to welfare of Farmers the Union government has taken a commendable step to increase the relief from the government to distressed farmers. As we are aware that the farmers in our country are in great hardship as Rabi and Kharif crops were damaged due to natural calamities such as drought in some parts of the country and unseasonal rain and hailstorms in other parts of the country. According to some reports, the unseasonal rains and hailstorms have damaged rabi (winter -sown) crops in 113 lakh hectares of area across 14 states including my state Karnataka. The total cultivable are in the rabi season stands at 600 lakh hectares. Rabi crops mainly include wheat, mustard and pulses etc.;

In order to give immediate and adequate relief to the affected farmers our Hon'ble Prime Minister Narendra Modi ji has changed the guidelines criteria of 50 per cent crop damage for providing compensation and reduced it to 33 per cent, crop damage. The new guidelines will help more and more farmers get compensation for their crop loss.

Another important decision that the government has taken is to raise the parameters to increase the amount of compensation to 1.5 times for affected farmers. Earlier an affected farmer was getting Rs.100 as compensation, now he will get Rs. 150. Earlier if it was Rs. 1 lakh, now he will get Rs.1.5 lakh. Total 50 per cent is increased in the compensation to farmers. Taking such a pro-farmer measure, the BJP government realized the responsibility of the Union government in understanding the problems faced by farmers due to abnormal weather conditions. At this juncture, I would like to suggest that both the Union and State Governments should issue stringent directions to the banks and insurance companies would their utmost to provide relief to the farmers and to settle claims of farmers on a priority basis.

With regard to voluntary give up LPG subsidy, Union Government launched the 'Give It Up' movement in Karnataka on 4th April 2015. People of the entire country responded positively to the sincere appeal of the government under the leadership of Shri Narendra Modi ji to voluntarily give up their subsidy amount given on Liquefied Petroleum Gas (LPG) cylinders. The money surrendered under this movement will be utilised to give LPG connection to people in rural area who are still using firewood for cooking.

Our NDA Government has taken a very right step to encourage the youth of the country to become Job Creators, not Job seekers by introducing the Pradhan Mantri MUDRA (Micro Units Development and Refinance Agency) Yojana or PMMY scheme to fund for setting up small business such as tailoring shops, grocery shops and cosmetic shops, etc; All these years they were forced to take loans from the unorganised sector at an exorbitant annual rate of interest, sometimes at even 100 per cent . But now the Government has given them an opportunity to have access to institutional credit to get loans of up to Rs.50,000 from banks at much lower rates.

The union Government has rightly identified the cause of unemployment and made sincere attempts to create employment opportunities by promoting small enterprises. As per the information, large industries create more employment. He said, a look at the details reveals the reality that only 1.25 crore people find employment in large industries, whereas small enterprises employ 12 crore people in the country. So I would congratulate the Union Government t for such pro-youth scheme like MUDRA. I would also like to suggest the Government to take necessary action against the Banks which discourage the youth to give them Collateral Free Loans to set up enterprises.

Hon'ble Prime Minister Narenda Modi ji launched three social security schemes, relating to the insurance and pension sector, intended at widening the process of financial inclusion. They are " Pradhan Mantri Suraksha Bima Yojana" (accident insurance), Pradhan Mantri Jeevan Jyoti Yojana " (life insurance) and " Atal Pension Yojana ". The schemes target the poor and unorganized sector who are neither covered by any form of insurance, nor get pension. Under the accident insurance schemes, a person will provided cover of Rs. 200,000 for an annual premium of Rs.12. The cover is for accidental death or permanent total disability. The life insurance scheme will offer a renewable one year life cover of Rs.200,000 to all savings bank account holders in the age group of 18 to 50 years, covering death due to any reason, for a premium of Rs.330 per annum per subscriber.

On the other hand, the pension scheme focuses on the unorganized sector and provides subscribers a fixed minimum pension of Rs. 1,000.Rs.2,000, Rs.3,000 Rs.4,000 or Rs. 5,000 per month starting at the age of 60 years, depending on the contribution option exercised on entering at an age between 18 and 40 years. Thus, the period of contribution by any subscriber under APY would be 20 years or more. The benefit of fixed minimum pension enjoys sovereign guarantee. With these words I support the motion.Thank You.

*m58

SHRIMATI ANUPRIYA PATEL (MIRZAPUR): Sir, thank you very much for giving me this opportunity. I rise to speak in support of the Motion initiated by Shrimati Meenakshi Lekhi ji and seconded by hon. Minister Shrimati Harsimrat Kaur Badal ji to thank the hon. President for jointly addressing both the Houses of Parliament on 23rd February, 2016.

It is a matter of great pride for me that my Government has focused on three-fold objective of poverty eradication; farmer's prosperity and employment generation. As far as poverty eradication is concerned, I appreciate the NDA Government's effort towards financial inclusion and social security. It is heartening to state that zero balance accounts under *Pradhan Mantri Jandhan Yojana* have declined from 76 per cent to 36 per cent in a span of one year between 2014 and2015. Also, out of 21 crores accounts today opened under the *Pradhan Mantri Jandhan Yojana,* 15 crore accounts are operational with an aggregate deposit of Rs. 32000 crore.

Sir, there was a lot of talk about food security. I am glad that my Government is using it to ensure relief to a lot of poor and needy people. Hon. Member from the Congress Party said that food security is nothing new that the NDA Government has done. This is a flagship scheme of the UPA Government. Yes, there is no doubt about it. However, it is important to mention here that the food security scheme was launched by the UPA Government in 2013, however, during their time it was implemented only in 11 States, whereas under the rule of the NDA Government, the scheme has been implemented more effectively and today 24 States have implemented it.

He said a lot of things about Gujarat Government being slammed by the Supreme Court. It is important to point out here that Gujarat is not the only State which has not implemented the Food Security Act. It is just one of the States among the big list comprising of States like my own State, UP, MP, Bihar, Andhra Pradesh, Maharashtra, Karnataka, Chhattisgarh, Tamil Nadu and Kerala which still have not implemented the scheme.

I am not forgetting to mention here that Kerala is also one of the States which is being ruled by the Congress-led UDF Government where the scheme has not been implemented so far. Its Chief Minister says that he still needs extension of time for implementing the scheme on account of the identification of the beneficiaries and hence the process which is not complete as yet.

I am happy that our Government has tried to provide insurance cover to a lot of needy people by means of three flagship schemes like Pradhan Mantri Suraksha Bima Yojana, Pradhan Mantri Jeevan Jyoti Bima Yojana and Atal Pension Yojana.

As far as the second objective of farmers prosperity is concerned, I only want to say one thing. प्रत्यक्ष को प्रमाण की आवश्यकता नहीं होती। Just two days before, our Union Minister presented the Budget for 2016-17 and the Budget has been lauded across the nation for being agriculture centric. An amount of Rs. 36,000 crore has been set aside for farmers' welfare. As regards crop insurance, a new scheme has been in place with the lowest ever premium rates. Soil Health Cards are to be issued to 14 crore people by 2017.

As far as irrigation is concerned, there is a long term Irrigation Fund which the Government plans to create. Organic farming is being promoted. I know that a lot of Members from the Opposition raised the issue of organic farming being a costly affair. However, I am sure that our Government is also considering the idea of addressing the cost factor as far as organic farming is concerned.

Sugarcane arrears have also been brought down from Rs. 21,000 crore to Rs..1800 crores.

